आषाढ़ शुक्ल द्वितीया 11:19 तक उपरांत तृतीया विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 27 जून 2025
वर्ष 35, अंक 151, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



नेपाल : उच्च सदन में अल्पमत में ओली सरकार 14

हिंदी किसी भारतीय भाषा की विरोधी नहीं 12

## एक नजर

### टैक्स मांगने पर टोल कर्मी पर चलाई गोली

**कपूरथला।** जालंधर-अमृतसर राष्ट्रीय राजमार्ग पर ढिलवां टोल प्लाजा पर टोल टैक्स देने के लिए कहने पर एक व्यक्ति ने गोली चला दी। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि आधी रात के बाद एक कार टोल प्लाजा पर पहुंची। जब टोल कर्मचारियों ने चालक से टोल टैक्स मांगा तो उसमें से एक व्यक्ति बाहर आया और उसने गोलीबारी शुरू कर दी। टोल कर्मचारी बाल-बाल बच गए।

### एनआईए ने होशियारपुर में की छापेमारी

**होशियारपुर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की दो टीमों ने गुरुवार तड़के उड़मड़ के गढ़ी मोहल्ला में दो घरों पर छापेमारी की। छापेमारी सुबह करीब पांच बजे शुरू हुई और करीब छह घंटे तक चली। पुलिस सूत्रों अनुसार, अभियान के दौरान एनआईए की टीमों ने व्यापक तलाशी ली और वहां रहने वालों से पूछताछ की। हालांकि, एजेंसी ने तलाशी के उद्देश्य या परिणाम का खुलासा करने से इनकार कर दिया।

### रिश्वतखोरी में कंप्यूटर ऑपरेटर को दबोचा

**धनबाद।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो झारखंड ने गुरुवार को एलआरडीसी विभाग में कंप्यूटर ऑपरेटर अनीश कुमार को 15 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एएसपी विनोद कुमार महतो ने बताया कि जमीन के मामले में घूस की मांग कर रहा था।

# एससीओ के साझा दस्तावेज पर हस्ताक्षर से भारत का इनकार

## पहलगाम आतंकी हमले को नजरअंदाज करने पर रक्षामंत्री का कदम

- संयुक्त वक्तव्य के बिना समाप्त हुआ रक्षा मंत्रियों का सम्मेलन
- राजनाथ ने कहा-आतंकवाद पर दोहरे मानदंडों को त्यागना होगा

किंगदाओ, एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पहलगाम आतंकवादी हमले को नजरअंदाज करने और पाकिस्तान समर्थित सीमा पार आतंकवाद पर भारत की चिंताओं को स्पष्ट रूप से संबोधित नहीं करने को लेकर गुरुवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया। मामले से परिचित व्यक्तियों ने बताया कि एससीओ आम सहमति के तहत काम करता है, लिहाजा वक्तव्य का समर्थन करने से सिंह के इनकार के परिणामस्वरूप एससीओ रक्षा मंत्रियों का सम्मेलन संयुक्त वक्तव्य जारी किए बिना ही समाप्त हो गया।

उन्होंने कहा कि मसौदा वक्तव्य में न तो पहलगाम आतंकवादी हमले का उल्लेख किया गया और न ही सीमा पार आतंकवाद को लेकर भारत के रुख का जिक्र किया गया। सम्मेलन में अपने संबोधन में सिंह ने सीमा पार आतंकवाद को लगातार समर्थन देने के लिए पाकिस्तान की आलोचना की तथा आतंकवाद के अपराधियों, आयोजकों, वित्तपोषकों और प्रायोजकों को न्याय के कटघरे में लाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कुछ देश सीमा पार आतंकवाद को नीति के एक साधन के तौर पर इस्तेमाल करते हैं और आतंकवादियों को पनाह देते हैं। ऐसे दोहरे मानदंडों के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। एससीओ को ऐसे देशों की आलोचना करने में संकोच नहीं करना चाहिए।

बुधवार को किंगदाओ पहुंचे रक्षा मंत्री ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति में बदलाव की व्यापक रूपरेखा रखी और एससीओ सदस्य देशों से आतंकवाद से लड़ने के लिए एकजुट होने तथा दोहरे मानदंडों को त्यागने का आग्रह किया। सम्मेलन में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ और चीनी रक्षा मंत्री डोंग जून भी शामिल हुए। सिंह ने कहा कि शांति व समृद्धि, आतंकवाद और सरकार से इतर तत्वों तथा आतंकवादी समूहों के हाथों में सामूहिक विनाश के हथियार देने की नीति साथ नहीं चल सकते। कहा कि अपने संकीर्ण व स्वार्थी उद्देश्यों के लिए आतंकवाद को प्रायोजित, पोषित और उपयोग करने वालों को इसके परिणाम भुगतने होंगे। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत ने आतंकवाद से बचाव और सीमा पार से होने वाले हमलों को रोकने के अधिकार का इस्तेमाल करते हुए पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया।



चीन के क्रिंगदाओ में एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।

### आतंकवाद के सभी रूपों से लड़ना होगा

भारत की आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति उसके कार्यों से प्रदर्शित होती है। उन्होंने कहा कि इस नीति में आतंकवाद से खुद का बचाव करने का हमारा अधिकार भी शामिल है। हमने दिखा दिया है कि आतंकवाद के केंद्र अब सुरक्षित नहीं हैं और हम उन्हें निशाना बनाने में संकोच नहीं करेंगे। सिंह ने कहा कि एससीओ सदस्यों को आतंकवाद की स्पष्ट रूप से निंदा करनी चाहिए। उन्होंने इस खतरे से सभी रूपों में लड़ने के भारत के संकल्प की पुष्टि की।

# तीन सहयात्रियों के साथ अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचे शुभांशु शुक्ला

## भारतीय समयानुसार अपराह्न 4:15 बजे पूरी हुई डॉकिंग प्रक्रिया

नई दिल्ली, एजेंसी

अंतरिक्ष यान 'ड्रैगन' के अंतरिक्ष प्रयोगशाला से जुड़ने के साथ ही गुरुवार को भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य यात्री अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पहुंच गए। अंतरिक्ष यान उस समय अंतरिक्ष स्टेशन से जुड़ा जब यह भारतीय समयानुसार अपराह्न 4:01 बजे उत्तरी अटलांटिक महासागर के ऊपर से गुजर रहा था।

यह पहली बार है जब कोई भारतीय अंतरिक्ष यात्री आईएसएस की यात्रा पर गया है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने कहा कि गुरुवार को सुबह 6:31 बजे (भारतीय समयानुसार शाम 4:01 बजे) एक्सिओम मिशन-4 के तहत स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंचा।

नासा के अनुसार 'डॉकिंग' प्रक्रिया भारतीय समयानुसार अपराह्न 4:15 बजे पूरी हुई। अंतरिक्ष यान और आईएसएस के बीच संचार और ऊर्जा संपर्क स्थापित होने के साथ ही डॉकिंग (जुड़ने) प्रक्रिया पूरी हो गई। अनुभवी अंतरिक्ष यात्री पैगी व्हिटसन मिशन कमांडर हैं और शुक्ला एक्सिओम-4 मिशन के लिए मिशन पायलट हैं। इनके अलावा, हंगरी के अंतरिक्ष यात्री टिबोर कपू एवं पोलैंड के स्लावोज उज्नान्स्की-विस्नीव्स्की एक्सिओम-4 मिशन का हिस्सा हैं।

लखनऊ में जन्मे 39 वर्षीय शुक्ला अंतरिक्ष के लिए उड़ान भरने वाले दूसरे भारतीय अंतरिक्ष यात्री बन गए हैं। इससे 41 साल पहले भारत के राकेश शर्मा 1984 में तत्कालीन सोवियत संघ के सैल्यूट-7 अंतरिक्ष स्टेशन के तहत कक्षा में आठ दिन रहे थे।



अपने सहयात्रियों के साथ अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में मौजूद शुभांशु शुक्ला।

### बच्चे की तरह चलना, खाना-पीना सीख रहा हूं: शुभांशु

**नई दिल्ली।** अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने गुरुवार को कहा कि वह सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण की स्थितियों में एक बच्चे की तरह रहना सीख रहे हैं और जब ड्रैगन अंतरिक्ष यान अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से जुड़ने की अपनी यात्रा में पृथ्वी की परिक्रमा कर रहा था तो निर्वात में तैरना एक अद्भुत अनुभव था। अंतरिक्ष यान से एक वीडियो लिंक के जरिए अपना अनुभव साझा करते हुए शुक्ला ने कहा कि बुधवार को एक्सिओम-4 मिशन के प्रक्षेपण से पहले 30 दिनों तक पृथक वास के दौरान बाहरी दुनिया से पूरी तरह दूर रहने के बाद मेरे दिमाग में केवल यही विचार आया था कि हमें बस जाने दिया जाए। शुक्ला और तीन अन्य अंतरिक्ष यात्री फ्लोरिडा स्थित नासा के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से 14 दिन के लिए अंतर्ष्ट्रीराय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए रवाना हुए थे।

# अलकनंदा में गिरी मिनी बस, 3 श्रद्धालुओं की मौत व 9 लापता

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- रुद्रप्रयाग में हादसा, आठ लोग घायल, ट्रक की टक्कर लगने से बस हुई अनियंत्रित
- महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश राजस्थान के श्रद्धालुओं को लेकर बद्रीनाथ जा रही थी बस

**अमृत विचार :** उत्तराखंड में गुरुवार को चारधाम यात्रा मार्ग पर बड़ा हादसा हो गया। श्रद्धालुओं को लेकर बदरीनाथ धाम जा रही मिनी बस (टेंपो ट्रेवलर) अनियंत्रित होकर उफनाई अलकनंदा नदी में समा गई।

बस में चालक समेत 20 श्रद्धालु सवार थे, जिनमें से 3 की मौत हो गई जबकि 9 श्रद्धालु लापता हैं। आठ लोग घायल हैं। बस चालक का दावा है कि विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक की टक्कर से बस बेकाबू होकर नदी में जा गिरी थी। हादसा रुद्रप्रयाग और गौचर के बीच घोलतीर गांव के पास हाइवे स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया मोड़ पर सुबह करीब 7:30 बजे हुआ। पुलिस को इसकी सूचना करीब 7:50 बजे मिली। एसपी रुद्रप्रयाग अक्षय कोंडे ने बताया कि 31 सीटर मिनी बस में महाराष्ट्र, गुजरात, मध्यप्रदेश और राजस्थान के श्रद्धालु सवार थे। लापता श्रद्धालुओं की तलाश को पुलिस, एसडीआरएफ और अग्निशमन इकाई संयुक्त सर्च ऑपरेशन चला रही है। वहीं, जिस समय बस पहाड़ी से टकराकर नदी में गिरी तो उससे पहले आठ श्रद्धालु छिटक कर नदी में गिरने से बच गए। इनमें बस चालक समेत चार गंभीर घायलों को एम्स ऋषिकेश में भर्ती कराया गया है। मिनी बस नदी में समाकर लापता हो गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया।

### चांद दिखा, पहली मोहर्रम आज

**लखनऊ।** शिया व सुन्नी चांद कमेटियों ने मोहर्रम का चांद हो जाने का एलान कर दिया है। 27 जून दिन शुक्रवार को पहली मोहर्रम होगी।

मरकज़ी शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैय्यद सैफ अब्बास नकवी और मरकजी चांद कमेटी के फिरंगी महल के महासचिव मौलाना नईमुर्रहमान सिद्दीकी ने बताया कि 26 जून को मोहर्रम का चांद हो गया है। इसलिए 27 जून 2025 को पहली मोहर्रम और 6 जुलाई को यौमे आशूरा मनाया जाएगा। मोहर्रम के मद्देनजर जिला व पुलिस प्रशासन के साथ नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों ने कल ही छोटे व बड़े इमामबाड़े का दौरा किया था।

# भागवताचार्यों की पिटाई पर बवाल, फायरिंग

संवाददाता, बकेवर (इटावा)

- भीड़ के पथराव में पुलिस की कई गाड़ियां क्षतिग्रस्त
- एक दर्जन लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया

**अमृत विचार :** क्षेत्र के दांदरपुर में पहले भागवताचार्यों के बाल घोंटने और फिर उन्हीं के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने पर गुरुवार को खासा बवाल हुआ। अहीर रेजीमेंट की मांग करने वाले यादव समाज के युवाओं ने थाने के सामने नारेबाजी करते हाईवे जाम कर दिया। पुलिस ने लाठियां पटककर खदेड़ा तो भीड़ दांदरपुर पहुंच गई। पुलिस ने भीड़ को रोका तो पथराव शुरू कर दिया। पुलिस ने हवाई फायरिंग कर भीड़ को खदेड़ा।

क्षेत्र के दांदरपुर में यादव विरादरी के भागवताचार्यों के साथ हुई बदसलूकी का मामला गहराता जा रहा है। बुधवार की देर रात दो भागवताचार्यों मुकटमणि यादव और संत सिंह यादव के खिलाफ फर्जी आधार कार्ड रखने और जाति छिपाने की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। इसको लेकर गुरुवार को अहीर रेजीमेंट की मांग करने वाले 300 से अधिक युवाओं ने बकेवर थाने के सामने नारेबाजी करते हुए कानपुर -आगरा हाईवे पर जाम लगा दिया। सूचना पर बकेवर, भरथना, लवेदी, ऊसराहार थाने की पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने लाठियां पटककर जाम लगाए लोगों को खदेड़ा। इसके बाद भीड़ दांदरपुर गांव के लिए कूच कर गई।

दांदरपुर से कुछ पहले ही लुधियानी-निबाड़ीकला मार्ग पर भारी पुलिस बल मुस्तैद था। पुलिस ने गांव में जाने से रोका तो भीड़ ने पुलिस पर पथराव कर दिया। पथराव में पुलिस की कई गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं। एसपी ग्रामीण श्रीष चंद्र भारी पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे। पुलिस ने लाठीचार्ज करते हुए दो राउंड फायरिंग की। इसके बाद भीड़ तितर-बितर हो गई। पुलिस ने एक दर्जन लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस देर शाम तक दांदरपुर गांव में डटी रही। डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ला व एसएसपी बृजेश श्रीवास्तव भी गांव पहुंचे।



इटावा में उपद्रव कर रहे युवकों को खदेड़ती पुलिस। ● अमृत विचार

### गैर मान्यता प्राप्त दलों को सूची से हटाने की कार्यवाही शुरू

**नई दिल्ली।** भारत निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को कहा कि उसने 345 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों (आरयूपीपी) को सूची से हटाने की कार्यवाही शुरू कर दी है। ये 2019 से पिछले छह वर्षों में एक भी चुनाव लड़ने की आवश्यक शर्त को पूरा करने में विफल रहे हैं। आयोग ने बताया कि इन राजनीतिक दलों के कार्यालय भी कहीं भौतिक तौर पर पता नहीं लगाया जा सका। इसने कहा कि ये 345 राजनीतिक दल देश भर के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से हैं। आयोग के संज्ञान में आया है कि वर्तमान में आयोग के पास पंजीकृत 2,800 से अधिक आरयूपीपी में से कई ऐसे राजनीतिक दल आवश्यक शर्तों को पूरा करने में विफल रहे हैं।




- निर्वाचन आयोग में पंजीकृत हैं ऐसे 345 सियासी दल

# नौसेना भवन में कार्यरत बाबू जासूसी में गिरफ्तार

जयपुर, एजेंसी

- पाकिस्तानी खुफिया एजेंट को दे रहा था संवेदनशील जानकारी
- ऑपरेशन सिंदूर संबंधित सूचना देने को लिए थे 50 हजार रुपये

नई दिल्ली स्थित नौसेना भवन में काम करने वाले एक बाबू (अपर डिवीजन क्लर्क -यूडीसी) को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों के अनुसार, आरोपी ने पैसों के लिए एक पाकिस्तानी जासूस को संवेदनशील रक्षा जानकारी उपलब्ध करवाई। राजस्थान पुलिस की खुफिया शाखा ने आरोपी विशाल यादव को बुधवार को गिरफ्तार किया था।

पुलिस महानिरीक्षक (सीआईडी-सुरक्षा) विष्णु कांत गुप्ता ने गुरुवार को बताया कि आरोपी यादव ने एक पाकिस्तानी जासूस को गोपनीय जानकारी साझा की जिसमें ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित विवरण शामिल है। इस कथित महिला जासूस ने खुद को भारतीय युवती प्रिया शर्मा बताया था। गुप्ता ने कहा कि यादव ने जानकारी देने के बदले कुल मिलाकर लगभग दो लाख रुपये प्राप्त करने की बात कबूल की है। उन्होंने कहा कि इसमें ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित जानकारी लीक करने के लिए 50,000 रुपये शामिल थे।

### पूर्व मंत्री सत्येन्द्र जैन और सौरभ भारद्वाज पर मामला दर्ज

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने आम आदमी पार्टी (आप) की पिछली सरकार में स्वास्थ्य अवसंरचना परियोजनाओं में कथित भ्रष्टाचार के संबंध में पूर्व मंत्रियों सौरभ भारद्वाज और सत्येंद्र जैन के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्रियों भारद्वाज और जैन के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत एसीबी से जांच कराने की मंजूरी दिए जाने के कुछ दिनों बाद यह मामला दर्ज किया गया है। 'आप' की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। इस मामले में शिकायत पिछले साल भाजपा नेता विजेंद्र गुप्ता ने दर्ज कराई थी। अधिकारियों के अनुसार, 2018-19 में 5,590 करोड़ रुपये की लागत से 24 अस्पताल परियोजनाओं को मंजूरी दी गई थी। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं को लेकर अकारण विलंब हुआ।

- एसीबी ने भ्रष्टाचार मामले में की आप नेताओं पर कार्रवाई

# सुरक्षाबलों ने जैश आतंकी को मार गिराया

जम्मू, एजेंसी

- उधमपुर में अभियान जारी, तीन आतंकी अब भी घिरे
- कश्मीर में अमरनाथ यात्रा को देखते हुए सेना सतर्क

जम्मू कश्मीर में उधमपुर जिले के एक वन क्षेत्र में गुरुवार को सुरक्षाबलों ने पाकिस्तान के आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के एक आतंकवादी को मार गिराया जबकि तीन अन्य आतंकी अब भी घिरे हुए हैं। अधिकारियों ने बतायाा कि चार आतंकवादियों के इस समूह की पिछले एक वर्ष से तलाश की जा रही थी।

अधिकारियों ने बताया कि सेना और पुलिस के एक संयुक्त खोज दल ने गुरुवार को सुबह जिले में बसंतगढ़ के सुदूर बिहाली इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया, जिसके दौरान मुठभेड़ शुरू हुई। उन्होंने बताया कि इलाके में अतिरिक्त बलों को भेजा गया है और खराब मौसम के बावजूद व्यापक तलाश अभियान चलाया जा रहा है।

रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस के अभियान में अब तक एक आतंकवादी को मार गिराया गया है। अभियान अभी जारी है। ऑपरेशन बिहाली कोड नाम वाला यह अभियान ऐसे वक्त में शुरू किया गया है जब एक सप्ताह बाद कश्मीर में अमरनाथ यात्रा शुरू होगी।

जम्मू रेंज के आईजी भीम सेन टूटी ने बताया कि आतंकवादियों का सुबह करीब साढ़े आठ बजे पता चला। बताया कि कोहरा होने के बावजूद तलाश अभियान जारी है और मौसम में सुधार होने के बाद ही असल स्थिति का पता चलेगा।

अधिकारियों ने बताया कि जिन आतंकवादियों को घेरा गया है, वे पाकिस्तान स्थित जैश-ए-मोहम्मद के सदस्य हैं और सेना के पैरा कमांडो की अगुवाई में संयुक्त तलाश दल ने करूर नाला के पास उन्हें छिपे हुए पाया।



अहमदाबाद में क्रैश हुआ था एयर इंडिया का विमान

# विमान के ब्लैक बॉक्स का निकाला जा रहा डेटा

नई दिल्ली, एजेंसी

- कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर तथा फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर की जांच

सरकार ने गुरुवार को कहा कि 12 जून को अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हुए एयर इंडिया के विमान के ब्लैक बॉक्स से डेटा निकाला जा रहा है और कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर तथा फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर का विश्लेषण किया जा रहा है ताकि दुर्घटना की कड़ियों को जोड़ा जा सके।

सरकार ने इस दुर्घटना में 270 लोगों के मारे जाने के करीब 15 दिन बाद इस घटना की जांच को लेकर जानकारी दी है। नागर विमानन मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि वायुयान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) ने तुरंत जांच शुरू की और निर्धारित नियमों के अनुसार 13 जून को एएआईबी प्रमुख की अगुवाई में एक बहु-विषयक टीम गठित की। बयान में कहा गया है कि इस टीम में एक विमानन चिकित्सा विशेषज्ञ, वायु यातायात नियंत्रण (एटीसी) का एक अधिकारी और अमेरिका के राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड के प्रतिनिधि शामिल हैं।

### डीटीयू के वीसी जोशी का इस्तीफा

**नई दिल्ली।** दिल्ली शिक्षक विश्वविद्यालय (डीटीयू) के पहले कुलपति (वीसी) प्रोफेसर धनंजय जोशी ने निजी कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।

इस्तीफा बुधवार को उपराज्यपाल (एलजी) कार्यालय को सौंप दिया गया, हालांकि इसे अभी आधिकारिक तौर पर स्वीकार नहीं किया गया है। इस्तीफे या इसकी स्वीकृति के बारे में उपराज्यपाल कार्यालय की ओर से कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की गई। जोशी ने कहा मैंने बुधवार को उपराज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप दिया। इसे अब तक स्वीकार नहीं किया गया है। मैंने अपने पिछले संस्थान गुरु गोबिंद इंद्रप्रस्थ विवि में लौटने का भी अनुरोध किया है।

# आम उत्पादन में यूपी अग्रणी, देश के कुल उत्पादन में 27 % हिस्सा

## इस बार राज्य में 61.46 लाख मीट्रिक टन उत्पादन, वर्ष 2024-25 में 3.25 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में बागवानी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश आम उत्पादन में अग्रणी राज्य बनकर उभरा है। इस बार देश में आम के कुल उत्पादन में 27 प्रतिशत की भागेदारी उप्र. की रही है।

राज्य में 61.46 लाख मीट्रिक टन आम का उत्पादन हुआ, जो देश के कुल उत्पादन का लगभग 27 प्रतिशत है। वहीं, वर्ष 2024-25 में प्रदेश में 3.25 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में आम की बागवानी हुई, जो देश कुल क्षेत्रफल का 13.5 प्रतिशत है। इस सत्र में प्रदेश से 40.31 मीट्रिक टन आम का निर्यात अन्य देशों को किया गया। जबकि, इसी साल अब तक 13.5 मीट्रिक टन आम का निर्यात अन्य देशों को किया गया है। दरअसल, राज्य में आम की लगभग 600 से अधिक प्रजातियों का उत्पादन किया जा रहा है, जिनमें प्रमुख रूप से दशहरी, लंगड़ा, चौसा, गौरजीत, आम्रपाली, रामकेला, रटौल, लखनऊ सफेदा, बाम्बेग्रीन एवं अन्य रंगीन प्रजातियां प्रमुख रूप से शामिल हैं। सहारनपुर, मेरठ, बागपत, बुलन्दशहर, अमरोहा, बाराबंकी, हरदोई, सीतापुर, उन्नाव, अयोध्या, लखनऊ, प्रतापगढ़, वाराणसी आदि आम उत्पादन वाले प्रमुख जिले है।



उत्तर प्रदेश से अन्य देशों में आम के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए जेवर एयरपोर्ट के पास फलों की टेस्टिंग एवं ट्रीटमेंट सेंटर का निर्माण किया जाना भी प्रस्तावित है। -**दिनेश प्रताप सिंह**, कृषि विदेश व्यापार राज्यमंत्री।

### इस बार सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ होगा आम महोत्सव

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में इस बार सांस्कृतिक कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं के साथ आम महोत्सव मनाने की तैयारी है। आम के उत्पादन, निर्यात, प्रसंस्करण आदि को प्रोत्साहित किये जाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश आम महोत्सव-2025 का आयोजन 4 जुलाई से 06 जुलाई के बीच अवध शिल्प ग्राम, लखनऊ में भव्य रूप से किया जाएगा। इस दौरान यहां 600 से अधिक आम की प्रजातियों का प्रदर्शन किया जाएगा। आम महोत्सव में उप्र. के अतिरिक्त मध्य प्रदेश, उत्तराखण्ड, छत्तीसगढ़, बिहार, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र एवं अन्य प्रांतों के उद्यान विभाग के प्रतिनिधि, प्रगतिशील बागवान एवं निर्यातकों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। महोत्सव में आम से बने विभिन्न पकवान एवं व्यंजन प्रदर्शित किए जाएंगे, प्रतिभागियों द्वारा तैयार आम के पकवानों व खाने की प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। दरअसल, पिछले साल के आम महोत्सव में 07 श्रेणियों के 58 वर्गों में लगभग 600 से अधिक आम की प्रजातियों एवं प्रसंस्कृत उत्पाद का प्रदर्शन किया गया।

# टैंकर की टक्कर से आइपीएस के चाचा, दादी की मौत

## लखनऊ जाने के लिए रेलवे स्टेशन जाते समय नैनी के लेप्रसी चौराहा पर हादसा

संवाददाता, नैनी/प्रयागराज

**अमृत विचार** : कोतवाली नैनी के लेप्रसी चौराहा पर टैंकर चालक ने पुलिस से बचने के चक्कर में बाइक सवारों को गुरुवार सुबह जोरदार टक्कर मार दिया। हादसे में छत्तीसगढ़ में तैनात आइपीएस मयंक मिश्रा के चाचा और दादी की दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना के बाद वहां जाम लग गया। सूचना पाकर नैनी पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात को सामान्य कराया। घटना की जानकारी पीड़ित परिजनों को देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**▸▸ पुलिस की वसूली से बचने के लिए भाग रहा था टैंकर चालक**



कृष्ण बिहारी मिश्र।



ऊषा मिश्रा। (फाइल फोटो)

छत्तीसगढ़ में तैनात आइपीएस मयंक मिश्रा के चाचा कृष्ण बिहारी मिश्र (50) पुत्र सूर्यमणि मिश्रा नैनी के पीडीए कालोनी में परिवार के साथ रहते थे। उनकी मां ऊषा (75) भी उनके साथ रहती थीं। ऊषा का इलाज एसपीजीआई में चल रहा है। गुरुवार सुबह कृष्ण बिहारी अपनी मां ऊषा को बाइक से लाकर लखनऊ जाने के लिए रेलवे स्टेशन जा रहे थे। वह जैसे ही लेप्रोसी चौराहे पर पहुंचे थे कि तेज रफ्तार से टैंकर ने उनको टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऊषा दूर जा गिरीं। कृष्णबिहारी का सिर डिवाइडर से टकरा गया। हादसे में दोनों की मौत हो गई। बताया जाता कि टैंकर चालक पुलिस की वसूली से बचने के चक्कर में तेजी से भाग रहा था। इसी के चलते हादसा हो गया।



दुर्घटनाग्रस्त बाइक। अमृत विचार

मृतक मूलरूप से कोनिया खुर्द, सोहागी, रीवा, मध्य प्रदेश निवासी थे। वह मानिकपुर में प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक थे। घटना की जानकारी मिलने पर मध्यप्रदेश से परिजन प्रयागराज के लिए चल दिए थे। मृतक कृष्ण बिहारी मिश्र शिक्षक थे जो पत्नी, तीन बेटियों और एक बेटे के साथ रहते थे।

# दम्पति समेत तीन का कमरे में बिस्तर पर मिला शव

**प्रतापगढ़, अमृत विचार** : लीलापुर थाना अंतर्गत सगरा सुंदरपुर बाजार की यशोदा देवी ने अपनी इकलौती बेटी आशा देवी की शादी रायबरेली कैपरगंज निवासी रमेश पटवा के साथ की थी। आशा मां के घर पर ही रहने लगी और दो साल बाद रमेश से अलगाव हो गया। आशा का 28 वर्षीय बेटा अंकित पटवा घर में नीचे कॉस्मेटिक (जनरल स्टोर) की दुकान चलाता था। अंकित के साथ उनकी 25 वर्षीय पत्नी रिया पटवा, 48 वर्षीय मां आशा पटवा और 06 माह का बेटा दूसरी मंजिल पर एक ही बेड पर सो रहे थे। जबकि 70 वर्षीय यशोदा देवी पहली मंजिल पर चारपाई पर लेटी थीं।

बुधवार की रात परिवार के सभी सदस्य घर में मौजूद रहे। गुरुवार की सुबह करीब 5.30 बजे दूध देने वाला पहुंचा तो दरवाजा बंद मिलने पर आवाज लगाने लगा। बगल के मनोज भी पहुंचे और आवाज दी लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। सूचना पर पुलिस पहुंची तो गेट

**मचा हड़कंप**

**▸▸ मां के साथ ननिहाल में सपरिवार रहता था युवक**

**▸▸ हत्या और आत्महत्या दोनों पहलुओं पर जांच कर रही पुलिस**

> हतप्रभ करने देने वाली घटना रही। मृतकों के मुंह से झाग आ रहा था। ऐसे में जहरीला पदार्थ निगलने से मौत की आशंका जताई जा रही है। परिजनों से पूछताछ की गई। घटना के विभिन्न पहलुओं पर जांच की जा रही है। शवों के पोस्टमार्टम के बाद बिसरा प्रिजर्व किया गया है।
>
> **-डा. अनिल कुमार**, एसपी, प्रतापगढ़

तोड़कर भीतर गए। आगे के कमरे में मनोरोगी यशोदा चारपाई पर पड़ी थी। पुलिस लोगों के साथ दूसरी मंजिल पर पहुंची तो देखा अंकित, उसकी पत्नी रिया व मां आशा बेड पर मृत पड़े थे और मुंह से झाग निकल रहा था। जबकि 6 माह का बेटा मां रिया के शव से लिपट कर



अंकित पटवा व रिया पटवा (फाइल फोटो)।



दुधमुंहे बच्चे को गोद में लिए पड़ोसी युवक।

रो रहा था। पड़ोसी ने दुधमुंहे बच्चे को गोद में ले लिया। कुछ ही देर में मौके पर भारी भीड़ जुट गई।

सूचना पर एएसपी संजय राय व सीओ लालगंज रामसूरत सोनकर व लीलापुर पुलिस मौके पर पहुंची। छानबीन के बाद तीनों शवों को बाहर निकाला गया। कुछ देर बाद एसपी डा. अनिल कुमार भी दलबल के साथ पहुंचे। फॉरेंसिक एक्सपर्ट की टीम ने पहुंच कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस की पड़ताल में जहरीला पदार्थ निगलने व खाने में जहरीला पदार्थ मिलाये जाने की आशंका जताई जा रही है।

पुलिस घटना की वजह की जांच करने में जुटी है। मृतक की नानी मंदबुद्धि है, इस कारण वह कुछ स्पष्ट बता नहीं पा रही हैं। मौके पर जुटे लोगों में चर्चा रही कि इस घटना की वजह सूदखोरी या जमीनी रंजिश हो सकती है। फिलहाल अभी घटना की हकीकत खंगाली जा रही है।

## कांवड़ियों को न हो समस्या : मुख्यमंत्री

**लखनऊ** : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर गाजियाबाद में अफसरों के साथ विस्तृत समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने मुरादनगर से टीला मोड़, कादराबाद बार्डर से गाजियाबाद-दिल्ली बार्डर, दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे और एनएच-24 व एनएच-9 पर विशेष व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

उन्होंने वॉच टावर, कांवड़ शिविर, सड़क मरम्मत, मार्ग प्रकाश, सीसीटीवी, शौचालय, स्वच्छ पेयजल, और चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा डिवाइडर कट पर बैरिकेडिंग, खाद्य पदार्थों की दुकानों पर रेट लिस्ट प्रदर्शन, मांस-मदिरा की दुकानों को बंद करने और विद्युत पोलों पर 5 फुट ऊंचाई तक इंसुलेटेड प्लास्टिक शीट लगाने के भी निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने अतिरिक्त व्यवस्थाओं पर जोर दिया।

# उत्तर प्रदेश अब बन चुका है दंगामुक्त प्रदेश : केशव प्रसाद

**प्रयागराज, अमृत विचार।** डिप्टी केशव प्रसाद मौर्य ने सावन के महीने में होने वाली कांवड़ यात्रा, सावन के सोमवार, मोहर्रम और अन्य त्यौहारों के आयोजनों को लेकर आज प्रयागराज में कहा है कि प्रदेश में 9 सालों से बीजेपी की सरकार है जिस तरह से अब तक सभी त्यौहार आपसी सद्भाव से मनाए जाते रहे हैं आगे भी मनाए जाएंगे। उन्होंने कहा है कि यूपी अब दंगा मुक्त प्रदेश बन गया है। उन्होंने कहा है कि यूपी ने ऐसी मिसाल पेश की है कि ईद और होली दोनों ही त्यौहार एक दिन पड़े। कई बार कावड़ यात्रा और मोहर्रम का भी आयोजन एक साथ



हुआ। कई हिंदुओं और मुसलमानों के त्यौहार एक साथ हुए और किसी प्रकार की कोई घटना नहीं घटी।

यह बातें प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने आज सर्किट हाउस में पत्रकारों से कही। उन्होंने कहा कि अगर किसी शरारती तत्व ने माहौल खराब करने की कोशिश की उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। डिप्टी सीएम ने कहा है कि इस बार भी कांवड़ियों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की जाएगी। उन्होंने कहा है कि भाजपा सरकार में अब कांवड़ियों, राम भक्तों शिव भक्तों, कृष्ण भक्तों और तीर्थ यात्रियों पर पुष्प वर्षा की

**▸▸ भाजपा को प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय अध्यक्ष शीघ्र मिलेगा**

परंपरा बन चुकी है। ऐसे धार्मिक आयोजनों में सरकार बढ़-चढ़कर श्रद्धालुओं का स्वागत करती है।

प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि समाज भी स्वागत करता है और सरकार भी स्वागत करती है। इस मौके पर डिप्टी सीएम ने कहा है कि प्रयागराज से वाराणसी तक कांवड़ पथ जल्द बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिव भक्तों की मांग जल्द पूरी होगी। उन्होंने कहा कि मेरठ से प्रयागराज तक निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेसवे को वाराणसी तक जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा है कि वाराणसी तक गंगा एक्सप्रेसवे को जोड़ने के साथ ही कांवड़ पथ भी बनाया जाएगा।

2027 को लेकर सपा व कांग्रेस की चुनावी तैयारी और कांग्रेस के लगभग 100 सीटें सपा द्वारा न दिए जाने पर अकेले दम पर चुनाव लड़े जाने के सवाल पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने सपा और कांग्रेस दोनों दलों पर सियासी हमला बोला है। डिप्टी सीएम ने दावा किया है कि भाजपा 2027 में 2017 को दोहराएगी। कांग्रेस मुक्त भारत और सपा और बसपा मुक्त उत्तर प्रदेश बनेगा।

# राष्ट्र की जन चेतना का गान है वंदे मातरम

**प्रयागराज, अमृत विचार।** देश की आजादी की लड़ाई के दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के जागरण का प्रेरणा मंत्र राष्ट्र गीत वंदे मातरम देने वाले युग पुरुष बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय की जयंती आज प्रयागराज में धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर शहीद चंद्रशेखर आजाद सर्किट हाउस में प्रयागराज गौरव अनुभूति आयोजन समिति की ओर से वंदे मातरम् गान का आयोजन किया गया। प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के साथ बड़ी संख्या में भाजपा

**▸▸ वंदेमातरम के रचयिता बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय की जयंती धूमधाम से मनाई गई**

कार्यकर्ताओं और राष्ट्रभक्तों ने वंदे मातरम का गान करते हुए बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय को नमन किया।

प्रयागराज में पिछले छह वर्षों से प्रयागराज गौरव अनुभूति आयोजन समिति की ओर से वंदे मातरम गान का आयोजन किया जा रहा है। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि राष्ट्र की जन चेतना का गान वंदे मातरम है। भारत देश को अंग्रेजों की पराधीनता से मुक्त कराने का महामंत्र बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय जी ने दिया था। उनका प्रयागराज से नाता था। इस पर प्रयागराज वासियों को गर्व है। बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय का परिवार मूल रूप से यूपी के कन्नौज से पश्चिम बंगाल गया था। उनकी जन्म जयंती पर सामूहिक वंदे मातरम का गान कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की गई है। बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय के योगदान के लिए उन्हें जितनी श्रद्धांजलि अर्पित की जाए कम है।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

शुद्धि पत्र संख्या–01

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक/इंजी०/वाराणसी द्वारा खुली ई–निविदा सूचना सं० एनईआर–बीएसबी–2025–73 दिनांक 19-06-2025 के अन्तर्गत कार्य की निविदा जो दिनांक 11-07-2025 को बन्द होनी है, जिसे अपरिहार्य प्रशासनिक कारणों से निरस्त करते है।

उपरोक्त शुद्धि पत्र भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है।

मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्जी.), वाराणसी

मुजाधि/डब्लू-132

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।



Achievers Law College Of Lucknow

NARVADESHWAR LAW COLLEGE

Approvedby BCI & Lucknow University

15 PCS-J, 1 IPS, 22 GOLD, 1 Chancellor

ADMISSION OPEN

LL.B. 3YRS & 5YRS

BA, B.Com, BBA. MBA & D.PHARM. GNM(AYD)

Hostel & Placement Facility Available

Special Guidance For PCS-J Exam

Malhaur Road Chinhat, Gomti Nagar, Lko

www.narvadeshwar.org

9918132882, 945045458


# एडेड विद्यालयों में 500 शिक्षकों के ऑनलाइन तबादले की सूची आज की जाएगी जारी

**प्रयागराज, अमृत विचार।** प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों (एडेड) में तबादले के लिए आनलाइन आवेदन करने वाले शिक्षक, शिक्षिकाओं के तबादले की सूची शुक्रवार को जारी होने जा रही है जबकि आफलाइन तबादले के लिए आवेदन करने वाले शिक्षक, शिक्षिकाओं के तबादले पर संशय है। आनलाइन होने वाले तबादले से करीब 500 शिक्षक, शिक्षिकाओं और प्रधानाचार्यो को तबादले का लाभ मिलने जा रहा है।

प्रदेश में पहली बार एडेड विद्यालयों के शिक्षक, शिक्षिकाओं और प्रधानाचार्यो का तबादला आनलाइन हो रहा है। इसके पूर्व जब भी एडेड विद्यालयों के शिक्षक, शिक्षिकाओं के तबादले हुए हैं



वह आफलाइन हुए हैं।

आफलाइन तबादले के लिए उप्र शिक्षा निदेशालय प्रयागराज में करीब 15,00 फाइल आती है लेकिन शासन ने तबादले के लिए अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया है जिससे संशय की स्थिति बनी हुई है। संभावना है कि इस मामले में माध्यमिक शिक्षा मंत्री श्रीमती गुलाब देवी के निर्णय के बाद कोई कार्रवाई होने की संभावना है। इस दौरान आफलाइन

**▸▸ ऑफलाइन आवेदन करने वाले शिक्षकों के तबादले पर संशय**

तबादले वाले शिक्षक, शिक्षिकाएं और प्रधानाचार्य शिक्षा निदेशालय प्रयागराज का चक्कर लगा रहे हैं।

अपर शिक्षा निदेशक माध्यमिक (एडी) सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने बताया कि आनलाइन आवेदन करने वाले शिक्षक, शिक्षिकाओं और प्रधानाचार्यो के तबादले की सूची शुक्रवार को जारी होने जा रही है। तबादले वाले शिक्षक, शिक्षिकाओं को तबादले के तुरंत बाद कार्यभार संभालना होगा क्योंकि एक जुलाई से विद्यालय खुलने जा रहा है जिससे शिक्षण कार्य प्रभावित ना होने पाए।

## एक नजर

### जमीनी रंजिश में दबंगों ने दिव्यांग पर बरपाया कहर

**प्रतापगढ़** : फतनपुर के जगतपुर गांव निवासी पवन पाल दिव्यांग हैं। उनका पड़ोसी से आबादी की जमीन का विवाद चल रहा है। गुरुवार को सुबह घर के सामने पवन दीवाल बनवा रहा था। आरोप है कि इसी दौरान विपक्ष के आधा दर्जन लोगों ने पवन पाल पर लाठी – डंडे व राड से हमला कर दिया। बीच बचाव करने गई उसकी मां पूजा पाल को भी मारपीट कर घायल कर दिए। पवन की पत्नी प्रीति पाल घर से आवाज लगाते हुए दौड़ी तो दबंग महिला को घसीट कर अपने घर में उठा ले जाकर बंधक बना लिए। चीख पुकार सुनकर ग्रामीण पहुंचे तो हमलावर फरार हो गए। हमले में 35 वर्षीय पवन पाल पुत्र रमेश पाल, 50 वर्षीय पूजा पाल पत्नी रमेश पाल, 32 वर्षीय प्रीति पाल पत्नी पवन पाल सहित अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस घायलों को सीएचसी गौरा ले गई। हालत गंभीर होने पर तीनों को मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। जहां पर हालत गंभीर बताई जा रही है।

### करंट की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**प्रतापगढ़** : लालगंज कोतवाली के कटरा मातादीन पुरवारा निवासी 70 वर्षीय रामकृपाल यादव गुरुवार सुबह खेत की सिंचाई करने गए थे। खेत में लगे मोटर के तार को जोड़ रहे थे। तार जोड़ते समय वह करंट की चपेट में आ गए। करंट की चपेट में आने से झुलस गए। परिजन वृद्ध को लेकर लालगंज ट्रामा सेंटर ले गई। ट्रामा सेंटर में चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बिना शव का पोस्टमार्टम कराये परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया।

### नौ अपराधियों पर 50 - 50 हजार का इनाम घोषित

**प्रतापगढ़** : जानलेवा हमले और पॉक्सो एक्ट के मामले में फरार नगर कोतवाली नगर, मान्धाता और पट्टी के नौ अपराधियों पर प्रयागराज पुलिस महानिरीक्षक ने 50–50 हजार का इनाम घोषित घोषित किया है। इन पर पहले से ही 25–25 हजार का इनाम घोषित था। पुलिस के अनुसार, आरोपी अंतू के ककरहा निवासी नियाज, मानधाता से फरार देल्हूपुर के सराय सेवक राय निवासी कुलदीप सरोज, पट्टी से फरार कंधई के पूरे देवजानी निवासी रुकसार, शहबाज उर्फ लम्बू, महफूज, मानधाता बहरापुर के शहरेयार, खमपुर दिलीपपुर के गुफरान उर्फ छंगू, कंधई बहरूपुर के शहंशाह, अंतू गड़वारी पुर का शाहरुख है।

### मद्य निषेध विभाग ने लोगों को किया जागरूक

**प्रयागराज** । मद्य निषेध विभाग एवं लायंस क्लब प्रयागराज (गौरव) की ओर से सुभाष चौराहा सिविल लाइन में जागरूकता रैली निकाली गई जिसमें नशा करने पर संबंधित व्यक्ति के स्वास्थ्य एवं परिवार में होने वाले नुकसान से लोगों को जागरूक किया गया। संस्थाओं ने नुक्कड़ नाटक एवं मद्य निषेध जागरूकता कार्यक्रम से लोगों को जानकारियां दी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सुश्री चारुल मिश्रा क्षेत्रीय मद्य निषेध अधिकारी प्रयागराज थीं।

### बारिश से संगम में बढ़ने लगा गंगा का जलस्तर

**प्रयागराज** । प्रदेश के अलग–अलग जिलों में और दूसरे प्रदेशों में हो रही मानसूनी बारिश का पानी अब संगम पहुंचने लगा है जिससे गंगा का जलस्तर बढ़ने लगा है जबकि प्रयागराज, प्रतापगढ़, कौशांबी सहित अन्य आसपास के जिलों में अभी तक पर्याप्त बारिश नहीं हुई है। पिछले 24 घण्टे में गंगा का जलस्तर फाफामऊ में 22 सेमी बढ़ा है जबकि छतनाग में स्थिर है और यमुना का जलस्तर नैनी में दो सेमी कम हुआ है। गंगा का जलस्तर अब फाफामऊ में 75.89 मीटर, छतनाग में 71.10 मीटर और यमुना का जलस्तर नैनी में 71.84 मीटर है।

## सार-संक्षेप

### 574 प्राथमिक स्कूलों में शिक्षकों की है कमी

**प्रयागराज** । बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में कार्यरत शिक्षक – शिक्षिकाओं के शैक्षिक सत्र 2025 – 26 में जिले के अंदर स्थानान्तरण एवं समायोजन (स्वैच्छिक तबादला) के लिए रिक्तियों और आवश्यकता से अधिक शिक्षकों की सूची बेसिक शिक्षा के पोर्टल पर जारी कर दी गई जिनका तबादला 30 जून को हो जाएगा। आरटीई मानक के अनुसार प्रयागराज जिले में 329 परिषदीय प्राथमिक स्कूलों में आवश्यकता से अधिक शिक्षक तैनात हैं। इन शिक्षकों को उन स्कूलों में भेजा जाएगा जहां शिक्षकों की कमी है। 574 प्राथमिक स्कूल ऐसे हैं जहां शिक्षकों की कमी है। चौंकाने वाली बात यह है कि तीन स्कूल ऐसे हैं जहां आठ – आठ शिक्षक अधिक हैं। कंपोजिट विद्यालय छाता बहरिया, उच्च प्राथमिक विद्यालय करेहा करछना और कंपोजिट विद्यालय मोहम्मदपुर बहरिया में आठ–आठ शिक्षक अधिक हैं। कम्पोजिट विद्यालय मर्दापुर सैदाबाद और कम्पोजिट विद्यालय मलेथुआ सैदाबाद में सात–सात शिक्षक अधिक हैं। कम्पोजिट विद्यालय चाका सैदाबाद में छह शिक्षक अधिक हैं जबकि उच्च प्राथमिक विद्यालय जलालपुर कम्पोजिट में पांच शिक्षक अधिक हैं। जिले के 51 उच्च प्राथमिक या कंपोजिट विद्यालयों में आवश्यकता से अधिक शिक्षक हैं जबकि 531 स्कूलों में शिक्षकों की कमी है। जिले के 10 उच्च प्राथमिक स्कूलों में प्रधानाध्यापक अधिक हैं जबकि 485 में प्रधानाध्यापकों की कमी है। जिले के 764 प्राथमिक स्कूलों में प्रधानाध्यापक अधिक हैं जबकि 85 में प्रधानाध्यापको की कमी है।

### इम्प्रूवमेंट, कंपार्टमेंट परीक्षा के लिए 46360 ने किया आवेदन

**प्रयागराज** । यूपी बोर्ड की हाईस्कूल कंपार्टमेंट, इम्प्रूवमेंट और इंटरमीडिएट में कंपार्टमेंट परीक्षा के लिए 46360 छात्र – छात्राओं ने आवेदन किया है। संभावना है कि 20 जुलाई के बाद कंपार्टमेंट, इंप्रूवमेंट परीक्षा होगी । सचिव भगवती सिंह ने आज बताया कि हाईस्कूल में 20759 परीक्षार्थियों ने कंपार्टमेंट/इम्प्रूवमेंट के लिए आवेदन किया है। इनमें मेरठ क्षेत्रीय कार्यालय से 5283, बरेली 4142, प्रयागराज 2575, वाराणसी 6613 और गोरखपुर से 2146 आवेदन मिले हैं। उन्होंने बताया कि इंटरमीडिएट कंपार्टमेंट परीक्षा के लिए मेरठ क्षेत्रीय कार्यालय से 5291, बरेली 3092, प्रयागराज 6978, वाराणसी 6973 और गोरखपुर क्षेत्रीय कार्यालय से 3167 आवेदन मिले हैं। सचिव ने बताया कि हाईस्कूल कंपार्टमेंट,इम्प्रूवमेंट परीक्षा के लिखित तथा प्रयोगात्मक, प्रोजेक्ट (आन्तरिक मूल्यांकन) एवं इंटरमीडिएट की कंपार्टमेंट परीक्षा के लिखित एवं प्रयोगात्मक दोनों भागों में अनुत्तीर्ण रहे परीक्षार्थियों को दोनों भागों की परीक्षा में सम्मिलित होना होता है। सचिव ने बताया कि किसी विषय के दोनों में से किसी एक भाग में अनुत्तीर्ण तथा दूसरे भाग में उत्तीर्ण परीक्षार्थी केवल अनुत्तीर्ण भाग में अथवा यदि चाहें तो अनुत्तीर्ण तथा उत्तीर्ण दोनों भागों की परीक्षा में सम्मिलित हो सकते है। लिखित एवं प्रयोगात्मक परीक्षाओं की परीक्षा तिथियों की सूचना बाद में छा, छात्राओं को डीआईओएस के माध्यम से दी जाएगी।


**कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति**

सीतापुर रोड, लखनऊ. फोन: 0522-2757704 ई-मेल: apmclko120101@gmail.com

पत्रांक: कृ030म0स0/2025-26-790 दिनांक: 26.06.2025

**मण्डी क्षेत्र, लखनऊ के अन्तर्गत मण्डी स्थल, सीतापुर रोड, लखनऊ, दुबग्गा एवं मछली मण्डी, हरदोई रोड, लखनऊ में निर्मित शौचालय संचालन हेतु वार्षिक ठेका हेतु निविदा आमंत्रण**

सर्वसाधारण एवं सफाई ठेकेदारों तथा मलिन बस्ती विकास संस्थान के सचिव व संचालकों को सूचित किया जाता है कि मण्डी क्षेत्र, लखनऊ के अन्तर्गत मण्डी स्थल, सीतापुर रोड, लखनऊ,मण्डी स्थल दुबग्गा एवं मछली मण्डी, हरदोई रोड, लखनऊ में स्थित शौचालय ''**जैसी है जहाँ है**'' की स्थिति में आगामी माह जुलाई, 2025 से जून, 2026 तक आवंटित करने हेतु दिनांक 14 जुलाई, 2025 को समय सुबह 12:00 बजे तक सीलबन्द निविदा आमंत्रित किया जाता है। इसके लिए कार्यालय में जी0एस0टी0 सहित रू0 295/– जमाकर आवेदन पत्र के साथ रू0 50,000/– प्रतिभूति का एफ0डी0आर0 ''**सचिव, कृषि उत्पादन मण्डी समिति, लखनऊ**'' के नाम बन्धक कराकर संलग्न करने हेतु फोटो, आधार, पैन, चरित्र अनुभव प्रमाण–पत्र संलग्न कर तीनों मण्डी स्थलों हेतु अलग–अलग आवेदन फार्म नवीन मण्डी स्थल, सीतापुर रोड, लखनऊ कार्यालय में जमा कर अपरान्ह 3:00 बजे निविदा खुलने के समय उपस्थित रहकर मण्डी स्थल, सीतापुर रोड, लखनऊ के शौचालय संचालन हेतु वार्षिक निविदा धनराशि रू0 5,52,000/– (रूपया पाँच लाख बावन हजार मात्र), मण्डी स्थल, दुबग्गा, लखनऊ शौचालय संचालन हेतु वार्षिक निविदा धनराशि रू0 7,22,222/– (रूपया सात लाख बाईस हजार दो सौ बाईस मात्र) एवं मछली मण्डी, हरदोई रोड, लखनऊ शौचालय संचालन हेतु वार्षिक निविदा धनराशि रू0 25,000/– (रूपया पच्चीस हजार मात्र) से कम की निविदा मान्य नहीं होगी।

नोट– विस्तृत जानकारी नवीन मण्डी स्थल, सीतापुर रोड, लखनऊ के कार्यालय से की जा सकती है।

सुभाष सिंह, सचिव — राकेश सिंह, अपरजिलाधिकारी (टी0जी0/सभापति)



**कार्यालय – जिला कृषि अधिकारी, अम्बेडकरनगर**

पत्रांक : 285/ कृषि–प्रक्षेत/ छानस । नीलामी। 2025 –26 दिनांक: 20.06.2025

**नीलामी प्रेस विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद अम्बेडकरनगर के राजकीय कृषि प्रक्षेत्र फरीदपुर, भीटी पर खरीफ वर्ष 2024 में निम्न विवरण के अनुसार धान बीजों के छानस की नीलामी/निस्तारण खुली बोली के माध्यम से किया जाना है। स्टाक का निस्तारण सार्वजनिक बोली के माध्यम से कराने हेतु दिनांक 04.07.2025 को राजकीय कृषि प्रक्षेत्र, फरीदपुर, अम्बेडकरनगर पर पूर्वाह्न 12.00 बजे से होगी। जिन बोलीदाताओं की दरें सर्वाधिक प्राप्त होगी उन्हें सर्वाधिक दरों के अनुसार स्टाक की कुल कीमत की 25 प्रतिशत धनराशि तत्काल जमा करना अनिवार्य होगा।

| क्रमांक | वर्ष | फसल | विवरण | मात्रा कुं0 में |
|---|---|---|---|---|
| 01 | खरीफ, 2024 | धान | छानस | 17.12 |

उक्त स्टाक का निरीक्षण किसी भी कार्य दिवस में राजकीय कृषि प्रक्षेत्र फरीदपुर, भीटी, अम्बेडकरनगर पर किया जा सकता है। नीलामी समिति/अध्यक्ष को पूर्ण अधिकार होगा कि वह किसी भी नियम व शर्त में परिवर्तन कर दें अथवा बिना कारण बताये निरस्त कर दें। नीलामी के नियम एवं शर्ते कृषि भवन अम्बेडकरनगर के सूचना पट पर दिनांक 28.06.2025 से देखी जा सकती है। नीलामी बोली बोलने वाले व्यक्ति को बतौर जमानत मु0 5000.00 की जमानत धनरशी जमा करने के उपरान्त ही नीलामी में भाग लेने की अनुमति होगी।

UP – 235301 **दिनांक:** 25/06/2025

**विज्ञापन वेबसाइट** www.up.gov.in **पर उपलब्ध है।**

**जिला कृषि अधिकारी अम्बेडकरनगर।**



अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मैने अपना नाम SANDIP KUMAR से बदलकर SANDEEP KUMAR रख लिया । अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-RAM MURAT ADD-NASIRPUR KAITHI TARA KHURD JAFARGANJ DIST-AMBEDKAR NAGAR (U.P)

**NOTICE**

I, ex-Sergeant Sanjeew Kumar, service number 785214-B, hereby declare that the d.o.b of my daughter Ananya Srivastava is 13/01/2006, which is mentioned in the high school mark sheet and Aadhar card, it is correct. Behind primary school Dhannupurwa, Hardoi

**सूचना**

मैं भूतपूर्व सार्जेंट संजीव कुमार सर्विस नंबर 785214–B ये घोषणा करता हूं की मेरी बेटी कुमारी अनन्या श्रीवास्तव की जन्म तिथि 13/01/2006 जोकि हाई स्कूल की मार्कशीट एवं आधार कार्ड में अंकित है, वही सही है। **प्राइमरी विद्यालय के पीछे, धन्नूपुरवा, हरदोई**

**सूचना**

मैं **रीता पाण्डेय पत्नी अजय कुमार पाण्डेय निवासिनी लेन–3, पवन पूरी देवी खेड़ा, कैंटोनमेंट लखनऊ,** सूचित करती हूं कि आवास विकास परिषद के दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम रीता देवी अंकित हो गया है जबकि मेरे आधारकार्ड में मेरा वास्तविक नाम रीता पाण्डेय है। अतः मुझे सभी उद्देश्यों हेतु रीता पाण्डेय ही पढ़ा व पहचाना जाए।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित करना है कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2000 (मौलाना आजाद इंटर कालेज कादिराबाद सिद्धार्थनगर) अनुक्रमांक 0236628 का मूल प्रमाणपत्र कहीं गुम हो गया है। **विनीत कुमार पांडेय पुत्र वासुदेव पांडेय ग्राम पिपरा इकडंगा तहसील उतरौला जनपद बलरामपुर**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं राजप्रकाश मिश्रा पुत्र जगबंदन मिश्रा निवासी ग्राम जमहिल थाना पहाड़ी तहसील राजापुर जिला चित्रकूट अपने बड़े पुत्र रविशंकर मिश्रा के गलत आचारण के चलते अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं व भविष्य में किसी भी प्रकार के लेन–देन व गलत आचारण का वह स्वयं जिम्मेदार होगा हमारा रविशंकर से किसी भी प्रकार का कोई सम्बन्ध नहीं है । **राजप्रकाश पुत्र जगबंदन निवासी– ग्राम जमहिल थाना पहाड़ी तहसील राजापुर जिला चित्रकूट, मो0– 9838214524**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **रानी पत्नी श्रीपाल, निवासिनी– ग्राम सरवन, वि0ख0 बहादुरपुर तहसील तिलोई जिला अमेठी ।** पोस्ट आफिस उप डाकखाना फुरसतगंज में मेरा नाम राजरानी दर्ज है। जबकि आधार कार्ड में रानी पत्नी श्रीपाल लिखा है। राजरानी व रानी दोनों नाम एक ही महिला के है मुझे इन दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता है

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी अक्लीम खान आयु लगभग 36 वर्ष पुत्र मोहम्मद सुहीम खान निवासी ग्राम–लोढियावां मजरे बगाही, परगना–जगदीशपुर, तहसील मुसाफिरखाना जनपद–अमेठी। प्रार्थी के पासपोर्ट संख्या –L4458587 पर उसका नाम AKLEEM दर्ज है, जो कि गलत है। जबकि शपथकर्ता के आधारकार्ड नं0–921245378588 पर उसका नाम AKLEEM KHAN दर्ज है, जो कि सत्य व वास्तविक है, तथा इसी नाम से अपने ग्राम–मोहल्ले मे जाने पहचाने जाते है।

**सूचना**

मेरे द्वारा क्रय की गई संपत्ति का पूर्व का विक्रय अभिलेख क्रमांक 1703 दिनांक 23.04.2004 सब रजिस्टार पांच जिसकी L.A.R No-20250000443038 दिनांक 25.06.2025 है जिसको कहीं बंधक आदि नहीं किया इसका उपयोग शून्य होगा श्रीमती प्रभा त्रिवेदी 9415808679





# मॉकड्रिल के दौरान दिखा रेस्क्यू का रियल सीन

संवाददाता, सूरतगंज, बाराबंकी



सनावा में मॉकड्रिल के दौरान बाढ़ में फंसे युवक को बचाकर लाते जवान।

**अमृत विचार :** सायरन की आवाज गूंजी और लाउडस्पीकर से चेतावनी दी गई कि दो घंटे में बाढ़ का पानी गांव की ओर बढ़ रहा है। कुछ ऐसा ही नजारा गुरुवार को रामनगर, सिरौलीगौसपुर और रामसनेहीघाट तहसील क्षेत्र में सरयू नदी के किनारे बाढ़ प्रभावित गांवों के पास हुई मॉकड्रिल में देखने को मिला। जहां एसडीआरएफ और पुलिस प्रशासन ने एक दर्जन विभागों के साथ बाढ़ से बचाव के लिए मॉकड्रिल का आयोजन किया।

एसडीएम रामनगर विवेकशील यादव के नेतृत्व में सुबह 10 बजे हेतमापुर में मॉकड्रिल शुरू हुई। ग्रामीणों को बच्चों, मवेशियों और कीमती सामान के साथ राहत केंद्र जाने को कहा गया। मॉकड्रिल के दौरान दो परिस्थितियों का सामना किया गया। पहली स्थिति में इरफान और जुबेर नामक दो युवक सरयू में फंस गए। पीएसी की टीम ने एचसी सर्वजीत यादव और महेंद्र यादव के नेतृत्व में उन्हें बचाया। दूसरी स्थिति में राहत केंद्र के पास आग लगने का दृश्य बनाया गया। अग्निशमन की टीम ने एफएसएसओ राहुल कुमार के नेतृत्व में आग पर काबू पाया। इस मौके पर तहसीलदार विपुल सिंह, नायब तहसीलदार विजय प्रकाश तिवारी, सब रजिस्ट्रार अनिल कुमार, बीईओ संजय राय आदि मौजूद रहे।

### पानी में घिरे गांवों से लोगों को निकालने का किया अभ्यास

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** बाढ़ से निपटने की तैयारियों को लेकर सनावा उच्च प्राथमिक विद्यालय में मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। एसडीएम प्रीति सिंह के नेतृत्व में सुबह 9:30 बजे शुरू हुई इस मॉकड्रिल में सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। मॉकड्रिल के दौरान बाढ़ में डूबने की स्थिति में बचाव कार्य का प्रदर्शन किया गया। पानी से घिरे गांवों से लोगों को सुरक्षित निकालने की प्रक्रिया का अभ्यास भी हुआ। कार्यक्रम में बीडीओ अदिति श्रीवास्तव, एडीओ पंचायत शंभूनाथ पाठक, विद्युत उपखंड अधिकारी राजवीर सिंह, तहसीलदार भूपेंद्र विक्रम सिंह समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### बाढ़ विशेषज्ञों ने आपदा से बचाव के बताए तरीके

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** घाघरा नदी के तट पर स्थित खजूरी राहत केंद्र में बाढ़ से बचाव का मॉकड्रिल किया गया। एसडीएम अनुराग सिंह के नेतृत्व में हुए इस अभ्यास में एनडीआरएफ और सिविल डिफेंस की टीमों ने हिस्सा लिया। मॉकड्रिल में बाढ़ में फंसे लोगों को स्टीमर से बचाने का अभ्यास किया गया। बचाव दल ने डूबते हुए ग्रामीणों को निकालकर मेडिकल कैंप तक पहुंचाया। घाघरा नदी के किनारे दर्जनों गांव बसे हैं, जहां बाढ़ का खतरा लगातार बना रहता है। इस मॉकड्रिल में पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का अभ्यास भी किया गया। बाढ़ विशेषज्ञों ने ग्रामीणों को आपदा के समय बचाव के तरीके भी समझाए।

## एक नजर

### भूमि विवाद में दबंगों ने परिवार पर किया हमला

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** भूमि विवाद को लेकर दबंगों ने एक परिवार पर हमला कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बनार की राजकुमारी ने आरोप लगाया कि दीपक शुक्ला, गोलू शुक्ला, पन्नालाल एवं रजनेश द्वारा उसकी भूमि से खेत में आने-जाने पर विरोध किया जाता रहा है। 21 जून की शाम आरोपियों ने उसके पति अरविन्द को जान से मारने की धमकी दी। जब अरविन्द घर पहुंचे, तो आरोपी लाठी, ईंट और फावड़ा लेकर उनके घर में घुस आए और मारपीट शुरू कर दी। पीड़िता, उनके जेठ का पुत्र नीरज, देवर पंकज कुमार और सास ने बचाव का प्रयास किया, लेकिन हमलावरों ने सभी को पीटा। धक्का लगने से सास गिरकर घायल हो गई। ननद रीनू द्वारा घटना का वीडियो बनाए जाने पर हमलावरों ने उनका मोबाइल छीनने का प्रयास किया, जिससे उसकी नाक में चोट लग गई और उनकी कील गिर गई।

### पुलिस ने ट्रेन से गिरे युवक को अस्पताल भेजा

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सिविल लाइन चौकी प्रभारी व उनके स्टाफ ने ट्रेन से गिरे युवक को अस्पताल पहुंचाया। एसआई संजय कुमार यादव, सिपाही अनवर अली, बब्लू कुमार को गश्त के दौरान बाराबंकी रेलवे स्टेशन के पास एक युवक घायल पड़ा मिला। उसने बताया कि वह जनपद गोण्डा का है तथा ट्रेन से लखनऊ जा रहा था। वह ट्रेन से गिरकर घायल हो गया। पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया

### अनुसूचित जाति छात्रावास में प्रवेश शुरू

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. नीलम सिंह ने बताया कि शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावासों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक छात्र-छात्राएं 15 जुलाई तक प्रवेश फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं। डॉ. नीलम सिंह ने बताया कि निर्धारित तिथि के बाद आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

### 50 लीटर अवैध देशी शराब के साथ पांच गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** देवा पुलिस ने अनुज कुमार उर्फ अन्नू, प्रमोद, पप्पू, सरवजीत, चन्द्रिका को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से कुल 50 लीटर अवैध देशी शराब बरामद की गई।

### सार्वजनिक स्थान पर दांव आजमाते धरे गए 7 जुआरी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** देवा पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे बिहारी, अनुज, देशराज, राजेश, सुरेश, उमेश, अजय को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से ताश के 52 पत्ते व मालफड़, जामातलाशी के कुल 1,535 रुपये बरामद हुए।

### गिले-शिकवे भूल साथ रहने को तीन जोड़े राजी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** महिला थाना प्रभारी, महिला परामर्श केन्द्र की काउंसिलिंग के बाद 3 दम्पति एक साथ रहने के लिए राजी हो गए। महिला थाना, महिला परामर्श केन्द्र द्वारा दोनों पक्षों में समझौता कराया गया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकता मिला युवक का शव

संवाददाता, टिकैतनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** गुरुवार की सुबह घर से निकले युवक का शव संदिग्ध हालात में पेड़ से बने फंदे से लटकता मिला। जवान बेटे की मौत से जहां परिवार में कोहराम मच गया। वहीं पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जांच की जा रही है।

जानकारी के अनुसार, टिकैतनगर थाना क्षेत्र के ग्राम रानीकटरा मजरे अगानपुर निवासी पप्पू (22) पुत्र रामसमुझ का शव गुरुवार सुबह करीब सात बजे गांव के बाहर स्थित एक आम के बाग में पेड़ से गमछे के सहारे लटकता मिला। उसी बाग में आम बीनने गए बच्चों ने जब यह दृश्य देखा तो परिजनों को इस बात की जानकारी दी। घटना की जानकारी मिलते ही सभी आनन फानन में घटना स्थल पर पहुंचे और शव पेड़ से लटकता हुआ देख रोने- बिलखने लगे। घटना की जानकारी थाना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस को परिजनों ने बताया कि सुबह करीब छह बजे पप्पू घर से शौच के लिए जाने की बात कहकर घर से निकला था। उसके बाद यह सब कैसे हुआ, उन्हें नहीं पता। वहीं पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस इस मामले की जांच-पड़ताल में जुटी हुई है।

## राइडिंग के बहाने बाइक लेकर फरार

**सफदरगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** बाइक खरीदने के नाम पर एक युवक ने चलाकर देखने को कहा और फिर बाइक लेकर फरार हो गया। वाहन स्वामी ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

करमुल्लापुर मजरा दादरा निवासी राम विलास ने अपनी बाइक बेचने के लिए अहमदपुर निवासी एक व्यक्ति से संपर्क किया। दोनों के बीच बातचीत हुई और आरोपी ने 13 जून की दोपहर करीब 3 बजे दादरा चौराहे पर बाइक दिखाने को कहा। राम विलास जब बाइक लेकर पहुंचा तो आरोपी आलम ने बाइक चलाने की बात कही। बाइक चलाने के बाद उसने कहा कि एक बार फिर से चलाकर देख लेते हैं। इसी बहाने मोटरसाइकिल लेकर वह तेज़ी से सफदरगंज की ओर भाग गया।

## आटा चक्की के पट्टे में फंसकर किशोर की मौत

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** आटा चक्की के पट्टे में फंसकर गुरुवार की सुबह एक किशोर की मौत हो गई। कहा जा रहा कि किशोर चक्की पर मजदूरी करता था पर पुलिस इस बात से इंकार कर रही। पुलिस ने बताया कि किशोर गेहूं पिसाने गया था।

हादसा कुर्सी थाना क्षेत्र में हुआ। ग्राम रौनाहार में मनोज यादव की आटा चक्की है। गुरुवार को ग्राम मीननगर के रहने वाले कैलाश का 13 साल का बेटा शिवा चलती हुई चक्की के पट्टे की चपेट में आ गया। जब तक मौजूद लोग कुछ करते, किशोर ने दम तोड़ दिया। ग्राहकों ने किसी तरह चक्की बंद कर इसकी खबर पुलिस को दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। यह खबर परिजनों तक पहुंची तो घर में रोना पिटना मच गया। लोगों की मानें तो शिवा आटा चक्की पर मजदूरी का काम करता था। गुरुवार को भी वहां पर काम के लिए ही गया था। जबकि पुलिस इससे इंकार कर रही है।

थानाध्यक्ष अनिल सिंह का कहना है कि शिवा पहले चक्की पर काम करता था, आज वह गेहूं पिसाने गया हुआ था। तभी यह हादसा हो गया। घटना के बाद चक्की संचालक फरार हो गया।

## श्रमिक अपनी मौत का जिम्मेदार, ठेकेदार बेदाग करार

▸▸ बीती 3 जून को जमुरिया पुल निर्माण के दौरान हुई थी घटना

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



जमुरिया नाले पर निर्माणाधीन पुल। अमृत विचार

**अमृत विचार :** जमुरिया नाले पर पुल निर्माण के दौरान सरिया के बंडल की चपेट में आने से मजदूर की मौत के प्रकरण में पीडब्ल्यूडी ने ठेकेदार को क्लीनचिट दे दी है, वहीं घटना के लिए सीधे मजदूर की लापरवाही दर्शाई है।

बीती 3 जून की शाम पटेल तिराहे के निकट जमुरिया नाला पर निर्माण कार्य चल रहा था। इसी बीच सरिया का जाल बांधने के लिए बिना सुरक्षा उपकरणों के मजदूर जुटाए गए। अचानक जाल बांधने के दौरान सरिया का बोझ जमीन की ओर जा गिरा। घटना में दो मजदूर खुद को बचा नहीं सके और बोझ के नीचे दब गए। जब तक दोनों को नीचे से निकाला जाता, तब तक रमेश (36) पुत्र छोटेलाल निवासी ग्राम व थाना मछेहटा सीतापुर की मौत हो गई। वहीं एक अन्य मजदूर बदलू निवासी वजीरनगर सीतापुर को जिला अस्पताल भेजा गया। मामले की जांच लोक निर्माण विभाग खंड तीन के सहायक अभियंताओं की टीम को सौंपी गई। विभागीय सूत्रों के अनुसार डीएम को भेजी गई जांच रिपोर्ट में घटना के पीछे मजदूर की लापरवाही बताई गई है। कहा गया है कि सरिया बांधते समय दोनों मजदूरों की अनदेखी के चलते सपोर्ट हिल गया और बोझ इन पर जा गिरा। जिसमें से एक की मौत हो गई। रिपोर्ट में ठेकेदार को क्लीनचिट दी गयी। बिना सुरक्षा उपकरणों के मजदूरों से करीब 20 फिट गहराई में काम कराया जा रहा था। ज्यादातर मजदूर सीतापुर के थे। निर्माण की निगरानी किसी अभियंता की ओर से नहीं किये जाने की भी बात सामने आई थी।

### श्रमिक की थी गलती

लोक निर्माण विभाग खंड तीन के अधिशाषी अभियंता राजीव कुमार राय ने रिपोर्ट की पुष्टि करते हुए शटरिंग का उदाहरण देते हुए घटनाक्रम समझाया और कहा कि घटना में गलती पूरी तरह से मजदूर की ही थी। बाकी काम ठेकेदार ही करता है विभाग सिर्फ निगरानी रखता है।

## गल्ला व्यापारी से ठगी की रिपोर्ट दर्ज

**बाराबंकी, अमृत विचार :** ठग गिरोह द्वारा गल्ला व्यापारियों को फर्जी पर्चियों के माध्यम से चूना लगाने के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। व्यापारियों के अनुसार एक व्यक्ति जिसने स्वयं को इरफ़ान नामक गल्ला व्यापारी बताया, ने ऋषिकान्त जायसवाल को फोन कर चार ट्राली गेहूं अली अफज़ल फ्लोर मिल पहुंचाने की बात की। आरोपी ने बिना माल मिल पर पहुंचाए फर्जी पर्ची बनवाकर एक अन्य व्यक्ति राहुल के माध्यम से यह राशि 11 जून को प्राप्त कर ली। 12 जून को वही व्यक्ति तीन और ट्रालियों की फर्जी पर्ची लेकर आया, जिससे संदेह गहराया। जब व्यापारी राहुल को लेकर स्वयं मिल पहुंचे तो पता चला कि माल वहां पहुंचा ही नहीं और सभी पर्चियां फर्जी हैं।

## डीएम से मिले अधिवक्ता, सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



डीएम से मुलाकात करने पहुंचे अधिवक्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार :** रामनगर तहसील में सब रजिस्ट्रार कादंबरी त्रिपाठी के खिलाफ वकीलों की नाराजगी थमने का नाम नहीं ले रही है। जिला बार एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रितेश मिश्रा और तहसील बार के अध्यक्ष अनिल दीक्षित ने अन्य अधिवक्ताओं के साथ डीएम शशांक त्रिपाठी से मुलाकात की। वकीलों का आरोप है कि रजिस्ट्री कार्यालय दलालों का केंद्र बन गया है। रजिस्ट्री से पहले ही लेन-देन का सौदा तय होता है। अधिवक्ताओं के माध्यम से प्रस्तुत दस्तावेजों पर रजिस्ट्री और वसीयत के लिए मना कर दिया जाता है। वहीं दलालों के माध्यम से उन्हीं दस्तावेजों पर रजिस्ट्री हो जाती है।

डीएम शशांक त्रिपाठी ने आईजी स्टांप को पत्र लिखकर जांच कराने का आश्वासन दिया है। इस मौके पर महामंत्री सुरेश चंद्र मिश्रा, प्रदुमन बाजपेई, चक्रधर शरण मिश्रा, बलराम सिंह, ज्ञान प्रकाश मिश्रा, मुकेश शुक्ल, लवकेश शुक्ला सहित कई अधिवक्ता मौजूद थे।

## विभिन्न क्षेत्रों से दो किशोरियों समेत तीन लोग हुए लापता

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिले में अलग-अलग जगहों से दो किशोरियां और एक युवती संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गईं। परिजनों ने संबंधित थानों में तहरीर देते हुए नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना फतेहपुर क्षेत्र में एक महिला द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार उसकी बालिग पुत्री को नागेश 24 जून की शाम बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। दोनों के मोबाइल फोन बंद हैं। कोतवाली असन्द्रा क्षेत्र के एक गांव से 13 वर्षीया नाबालिग लड़की के लापता होने की सूचना दी गई है। परिजनों ने बताया कि 23 जून की शाम कोई अज्ञात व्यक्ति उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। लगातार तलाश के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं लग पाया है। थाना बड्डूपुर क्षेत्र में भी इसी तरह की घटना सामने आई है, जहां एक 16 वर्षीया किशोरी के भाई ने तहरीर दी है कि छोटेलाल पुत्र रामसागर निवासी ग्राम नरपतिपुर 24 जून की रात लगभग 10 बजे उसे बहला-फुसलाकर भगा ले गया। तीनों मामलों में संबंधित थानों की पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है।

## सार-संक्षेप

### आज निकलेगी भगवान श्री जगन्नाथजी की रथयात्रा

**बाराबंकी, अमृत विचार :** नगर में आज भगवान श्री जगन्नाथजी की भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी। रथयात्रा के साथ ही व समापन पर महाप्रसाद का वितरण होगा। दोपहर तीन बजे रथ यात्रा की शुरुआत पुराना सिटी इंटर कॉलेज के पास स्थित सट्टी बाजार से होगी, जहां से यह यात्रा श्री कल्याणेश्वर महादेव मंदिर शनि धाम के प्रांगण से होते हुए घंटाघर, घोसियाना चौक, लक्ष्मण मण्डी, छाया टॉकीज होते हुए कैलाश आश्रम मंदिर पर जाकर संपन्न होगी। रथ यात्रा की पूर्व संध्या यानी 26 जून को श्री कल्याणेश्वर मंदिर में अखंड सुंदरकांड व हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। शहर की यह रथ यात्रा वर्षों से चली आ रही परंपरा का एक विशेष अंग है। रथ यात्रा संचालन का दायित्व मंजुला निगम, अनीता गुप्ता एवं महिला मंडल द्वारा किया जा रहा है।

### 150 से अधिक छात्रों ने ली नशा मुक्त भारत की शपथ



शपथ लेते छात्र-छात्राएं, शिक्षक व अतिथि। अमृत विचार



कार्यक्रम का शुभारंभ करतीं जिला समाज कल्याण अधिकारी।

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सतरिख स्थित टीआरसी लॉ कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी निरोध दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 के बारे में जानकारी दी गई। जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. नीलम सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में छात्रों को संबोधित किया। नारकोटिक्स सेल प्रभारी अनूप कुमार शुक्ला ने ड्रग्स के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला। समाजसेवी रत्नेश कुमार ने युवाओं को करियर पर ध्यान देने की सलाह दी। रिदम फाउंडेशन के अश्विनी रंजन ने तंबाकू के नुकसान के बारे में बताया। शंकर जादूगर ने जादू के माध्यम से नशा उन्मूलन का संदेश दिया। कॉलेज के प्रबंधक डॉ. सुजीत चतुर्वेदी ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन डॉ. वीर विक्रम सिंह ने किया। प्राचार्य डॉ. अश्वनी कुमार गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग के अधिकारी, कॉलेज की प्रशासनिक अधिकारी रोली मिश्रा, फैकल्टी डॉ. दीपमाला श्रीवास्तव समेत 150 से अधिक छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। सभी ने नशामुक्त भारत बनाने की शपथ ली।

### नशे के खिलाफ एकजुटता जरूरी : श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह



शिविर में मौजूद अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** गुरुवार को एडीआर भवन जनपद न्यायालय परिसर में नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह ने की। न्यायाधीश सिंह ने बताया कि 26 जून को नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में नशे से होने वाली मौतों की संख्या लगातार बढ़ रही है। नशे की लत बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक को अपनी गिरफ्त में ले चुकी है। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि लोग नशे से होने वाली बीमारियों के बारे में जानते हुए भी इसका सेवन कर रहे हैं। नशा न केवल व्यक्ति को बल्कि पूरे परिवार को बर्बाद कर देता है। समाज को इस बुराई के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठानी होगी। कार्यक्रम का आयोजन उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किया गया। इस मौके पर वादकारी और अधिवक्ता भी मौजूद रहे।

### दो विवाहिताएं दहेज उत्पीड़न का शिकार, रिपोर्ट दर्ज

**बाराबंकी, अमृत विचार :** दहेज उत्पीड़न की शिकार दो विवाहिताओं ने ससुराल पक्ष पर मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली फतेहपुर के उजरवारा की शिखा कश्यप की शादी लगभग तीन वर्ष पूर्व मिठवारा निवासी सतीश कुमार से हुई थी। शिखा ने अपने पति, देवर, ससुर और ननद पर दहेज की मांग पूरी न होने पर पीटने, गालियां देने और सिर पर लाठी मारने का आरोप लगाया है। शिखा का आरोप है कि 24 जून की रात को उसे गंभीर रूप से घायल किया गया। बाद में पिता को बुलाने पर उन्हें भी पीटा गया। शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के नवाबगंज मोहल्ले की निवासी हिना कौसर की शादी वर्ष 2020 में मुस्लिम रीति से जैदपुर थाना क्षेत्र के निवासी मो. वसीम से हुई थी। पीड़िता ने आरोप लगाया कि शादी के कुछ समय बाद से ही उसे कम दहेज लाने का उलाहना दिया जाने लगा। पांच लाख रुपये और सोने की चेन की मांग की जाती रही। 6 जून को उसे और उसकी दो वर्षीया बच्ची को ससुराल वालों ने पीटकर घर से निकाल दिया। 11 जून को ससुराल पक्ष के लोग मायके में मारपीट करने और धमकी देने आ पहुंचे।

### 25 तालाबों का लक्ष्य, 52 हजार रुपए तक मिलेगा अनुदान

**बाराबंकी, अमृत विचार :** भूमि संरक्षण अधिकारी डॉ. विनोद कुमार यादव ने बताया कि राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के 'ड्रॉप मोर क्रॉप' घटक के तहत वर्ष 2025-26 में जिले में कुल 25 खेत तालाब बनाए जाएंगे। इनमें से 23 तालाब सामान्य वर्ग के किसानों के लिए हैं। 2 तालाब अनुसूचित जाति के किसानों के लिए आरक्षित हैं। एक तालाब की अनुमानित लागत 1,05,000 रुपए है। इसमें 82,600 रुपए मृदा कार्य पर और 22,400 रुपए इनलेट जैसी संरचनाओं पर खर्च होंगे। सरकार कुल लागत का 50 प्रतिशत यानी 52,500 रुपए तक का अनुदान देगी। यह राशि दो किस्तों में दी जाएगी। पहली किस्त 39,375 रुपए और दूसरी किस्त 13,125 रुपए की होगी। योजना का लाभ देवा, फतेहपुर, सूरतगंज, रामनगर, मसौली, सिरौली गौसपुर, पूरेडलई और दरियाबाद के किसानों को मिलेगा। किसानों को कृषि विभाग की वेबसाइट पर पंजीकरण कराना होगा। जानकारी के लिए भूमि संरक्षण अधिकारी कार्यालय, कुर्सी से संपर्क किया जा सकता है।

**लिया जायजा** | कम्युनिटी सेंटर के निर्माण कार्य में सरकारी धन के गबन का लगाया गया था आरोप

# शिकायतकर्ता की आपत्ति पर दोबारा जांच को पहुंची टीम

संवाददाता, टिकैतनगर, बाराबंकी:




जांच करने पहुंचे अतिरिक्त मजिस्ट्रेट केडी शर्मा। अमृत विचार

**अमृत विचार :** नगर पंचायत में कम्युनिटी सेंटर निर्माण में कथित अनियमितता की जांच करने टीम एक बार फिर पहुंची। यह जांच शिकायतकर्ता द्वारा पहली जांच रिपोर्ट पर आपत्ति जताने के बाद की गई।

अतिरिक्त मजिस्ट्रेट केडी शर्मा की अध्यक्षता में जांच टीम ने गुरुवार को स्थल का दौरा किया। टीम ने मूल पत्रावली में दर्ज बिल्डिंग के नक्शे के आधार पर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और नाप की जांच की। मामला फरवरी 2019 का है जब पंडित दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत योजना के तहत 1.43 करोड़ रुपए की राशि आवंटित की गई थी। हाईकोर्ट के अधिवक्ता अम्बुज श्रीवास्तव ने प्रमुख सचिव नगर विकास विभाग और जिलाधिकारी को शिकायती पत्र दिया था। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि तत्कालीन ईओ, अध्यक्ष और सहायक अधिशासी अभियंता ने मिलकर नगर पंचायत की दुकानों के तीसरे तल पर केवल टिन शेड लगवाकर फर्जी बिल बनाए और धन का गबन किया। 22 जुलाई को पहली जांच की गई थी जिसमें वित्त लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा विभाग, अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग और तहसीलदार सिरौलीगौसपुर शामिल थे।

जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने शिकायतकर्ता की आपत्ति के बाद दोबारा जांच के निर्देश दिए। जांच टीम की अध्यक्षता कर रहे अतिरिक्त मजिस्ट्रेट केडी शर्मा ने बताया कि राजस्व टीम के साथ स्थल का निरीक्षण किया गया है। कम्युनिटी सेंटर के निर्माण की मूल पत्रावली के आधार पर जांच की जा रही है। जल्द ही अग्रिम रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी।




# ईडी ने सीतापुर में खंगाले उत्तराखंड घोटाले के साक्ष्य

## नाम आने के बाद उत्तराखण्ड के पीसीएस अधिकारी के घर और करीबियों से हुई पूछताछ, 2017 में हुआ था 300 करोड़ का घोटाला

कार्यालय संवाददाता सीतापुर

**अमृत विचार:** उत्तराखंड में 2017 में एनएच 74 में भूमि मुआवजे के नाम पर हुए 300 करोड़ के घोटाले की जांच करने ईडी की दो टीमें गुरुवार को उत्तराखंड के पीसीएस अधिकारी के घर सीतापुर पहुंचीं। अफसरों ने पीसीएस अधिकारी के भाई व करीबी से पूछताछ की। कई दस्तावेज और अन्य साक्ष्य कब्जे में लिये जाने की भी खबर है।

वर्ष 2017 में उत्तराखंड के उधम सिंह नगर में एनएच-74 बनाया गया था, जिसमें भूमि अधिग्रहण के मुआवजे के नाम पर 300 करोड़ का घोटाला हुआ। इसमें जो केस दर्ज हुआ, उसमे पीसीएस अधिकारी दिनेश प्रताप सिंह शामिल थे। मामल की जांच एसआईटी को सौंपी गई है। इसे लेकर ईडी की दो टीमें गुरुवार को पीसीएस अधिकारी के भाई नरेंद्र प्रताप सिंह के सीतापुर के महोली इलाके के भुड़िया गांव और बद्दापुर गांव स्थित आवासों पर पहुंचीं। टीम ने सभी को बाहर निकलने से रोक दिया।

सूत्रों की मानें तो साक्ष्य संकलन के बीच कई दस्तावेज कब्जे में लिये गए। हरदोई जनपद की हरियावां चीनी मिल के ट्रांसपोर्टर नरेंद्र प्रताप सिंह से लंबी भी पूछताछ हुई। खबर है कि भुड़िया गांव में भी परिवार के करीबी ट्रांसपोर्टर और पेट्रोल पंप संचालक राजेश सिंह से भी ईडी टीम ने जानकारियां जुटाईं। घंटों चली पूछताछ के दौरान इलाका पुलिस ने किसी को भी घरों के करीब जाने नहीं दिया। ईडी की दोनों टीमों द्वारा पूछताछ का क्रम देर रात तक जारी रहा। इलाका पुलिस के अलावा सीआरपीएफ भी मौजूद रही।

**एसटीएफ की निगाह में रहा है एक फार्म हाउस:** जिले का एक फार्म हाउस एक बड़ी घटना के बाद एसटीएफ के रडार पर आया। सूत्रों की मानें, तो यहां उत्तराखण्ड और पूर्वांचल के कई शातिरों के रुकने की खबर थी। मुख्य मार्ग के निकट बने फार्म हाउस पर विशेष शाखा की नजर पड़ने के बाद छापामारी होती, शातिर भाग निकले।


घर के पास जमा लोगों की भीड़ और ईडी टीम के वाहन। अमृत विचार


पीसीएस अधिकारी के भाई के घर पर मौजूद ईडी के वाहन। अमृत विचार

### संपत्तियों की हो रही जांच

धनशोधन अधिनियम के तहत टीम जिन आरोपियों की संपत्ति की जांच कर रही है, उनमें सीतापुर निवासी पीसीएस अधिकारी दिनेश प्रताप सिंह के अलावा विक्रमजीत सिंह, मंदीप सिंह का भी नाम सम्मिलित है। सूत्रों की मानें तो फोन से जुड़ी कड़ियां और अन्य साक्ष्यों के सहारे ईडी सीतापुर पहुंची। टीम ने पुराने साक्ष्यों का हवाला देकर कई दस्तावेजों का मिलान भी कराया।

# सूर्यकुंड मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

संवाददाता लहरपुर, सीतापुर

**अमृत विचार:** सूर्यकुंड मंदिर में आषाढ़ कृष्ण पक्ष अमावस्या के अवसर पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर स्थित पवित्र सरोवर में आस्था की डुबकी लगाई और कामेश्वरनाथ महादेव का पूजन कर अपने जीवन में सुख-शांति और समृद्धि की कामना की।

भोर से ही मंदिर परिसर में हवन-पूजन की दिव्य गूंज सुनाई देने लगी। जगह-जगह श्रद्धालु यज्ञ-हवन में शामिल होते दिखे। महिलाओं और बच्चों ने भी भक्ति भाव से पूजा-अर्चना में भाग लिया और भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर पुण्य अर्जित किया। आषाढ़ अमावस्या के उपलक्ष्य में मंदिर परिसर में विशाल मेले का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने खाद्य सामग्री, खिलौने, पूजा सामग्री, वस्त्र आदि की जमकर खरीदारी की। बच्चों ने झूले, खेल और मिठाइयों का भरपूर आनंद उठाया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।


सूर्यकुण्ड में एकत्रित श्रद्धालु। अमृत विचार

### रोगों से मुक्ति की मान्यता

सूर्यकुंड मंदिर के पुजारी विनोद गोस्वामी ने बताया कि मान्यता है कि इस पवित्र सरोवर में स्नान करने से मनुष्य सभी रोगों से मुक्त हो जाता है। इसीलिए आषाढ़ अमावस्या पर हजारों श्रद्धालु यहां स्नान और पूजन के लिए आते हैं।

# प्रधानाध्यापकों की हुई कार्यशाला

**लहरपुर, सीतापुर:** ब्लॉक संसाधन केंद्र लहरपुर में बृहस्पतिवार को परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की एक दिवसीय कार्यशाला एवं समीक्षा बैठक आयोजित की गई। खंड शिक्षा अधिकारी सुरेंद्रनाथ प्रजापति ने विद्यालयों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा केंद्र बनाने पर जोर देते हुए स्कूल चलो अभियान, डीबीटी, पुस्तक वितरण, नामांकन और संसाधनों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने सभी शिक्षकों को निर्देश दिए कि विभागीय आदेशों का पूरी निष्ठा से पालन करें। बैठक में एआरपी टीम के साथ ऋषिकेश बाजपेई, सरोज वर्मा, जैनुल हसन, मुशीर खान, पंकज वर्मा आदि मौजूद रहे।

# पीएम मोदी व सीएम योगी को जान से मारने की धमकी

▸▸ **एसओजी की विशेष टीम ने आरोपी को फरीदाबाद से दबोचा**

**सीतापुर, अमृत विचार:** एक युवक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी दी। एसओजी की विशेष टीम ने फरीदाबाद से गुरुवार को आरोपी को गिरफ्तार किया।

एसपी अंकुर अग्रवाल के अनुसार, 22 जून को दोपहर 2 बजकर 51 मिनट पर एक मोबाइल पर कॉल आई। फोन करने वाले ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी दी। इस पर 112 प्रभारी राजकरन ने एफआईआर दर्ज कराई। इसके साथ ही एसओजी की एक टीम को आरोपी को पकड़ने की जिम्मेदारी दी गई। एसओजी ने आरोपी किनौटी गांव निवासी टोनी उर्फ महावीर को फरीदाबाद से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

सीओ सिटी के पर्यवेक्षण में हुई गिरफ्तारी के बाद आरोपी को जेल भेजा गया। आरोपी को पकड़ने के मामले में शहर कोतवाली पुलिस व रामकोट पुलिस ने हाथ खड़े कर दिए।


कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

## निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित शिकायतें जल्द हों निस्तारित

**संवाददाता सीतापुर, अमृत विचार:** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में निवेश प्रोत्साहन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में निवेशकों की समस्याओं की गहन समीक्षा करते हुए डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। बैठक में भूमि आवंटन, विद्युत कनेक्शन, पर्यावरण एनओसी और बैंकिंग से जुड़ी समस्याओं पर विभागवार चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि निवेश मित्र पोर्टल पर दर्ज शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर जल्द निस्तारित किया जाए, जिससे निवेशकों को कोई असुविधा न हो। उपायुक्त उद्योग संजय सिंह ने बताया कि ग्लोबल इन्वेस्टर समिट 2023 के तहत अब तक 3,462 इंटेंट और 314 एमओयू पर हस्ताक्षर हुए हैं, जिनसे 17,845 रोजगार सृजित होने का प्रस्ताव है। बैठक में 14 निवेशकों की समस्याएं सामने आईं, जिनमें अधिकतर वन और बैंकिंग विभाग से संबंधित थीं।

# स्क्रिप्ट लेखन और कठपुतली मंचन पर जोर

**कार्यशाला**

संवाददाता खैराबाद, सीतापुर

**अमृत विचार:** भारत सरकार के राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद और इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड एडवांस्ड स्टडीज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय विज्ञान संचार कार्यशाला के तीसरे दिन प्रतिभागियों को प्रभावी स्क्रिप्ट लेखन की तकनीकों से परिचित कराया गया।

कार्यशाला में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक डॉ. अरविंद कुमार सिंह, सेवानिवृत्त मुख्य वैज्ञानिक डॉ. वीपी शर्मा और कार्यक्रम समन्वयक डॉ. रंजीत कुमार ने विशेष व्याख्यान दिए। डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि विज्ञान को आम जनमानस तक पहुंचाने के लिए उसे रोजमर्रा की भाषा और जीवन से जोड़ना आवश्यक है। उन्होंने कृषि, स्वास्थ्य और पर्यावरण से जुड़ी समस्याओं को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से प्रस्तुत करने की बात कही, ताकि आमजन खुद समाधान खोज सकें। डॉ. सिंह ने विशेष रूप से कठपुतली आधारित स्क्रिप्ट लेखन के व्यावहारिक और सूक्ष्म पक्षों पर चर्चा की। सत्र में डॉ. तारिक बदर ने प्रतिभागियों को उनकी स्क्रिप्ट पर आधारित कठपुतली मंचन की बारीकियों से अवगत कराया, जबकि डॉ. वीपी शर्मा ने वन्यजीवों और मानव समाज के बीच सामंजस्य तथा पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के वैज्ञानिक उपायों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. रंजीत कुमार ने प्रतिभागियों को विभिन्न समस्याओं की वैज्ञानिक व्याख्या को सरल, संप्रेषणीय और आकर्षक ढंग से प्रस्तुत करने के टिप्स दिए। द्वितीय सत्र में स्क्रिप्टों में हम और हमारे वन्यमित्र, आओ जानें सड़क कूड़ा प्रबंधन, बच के चलना रे बाबा, कीटनाशक उन्नति या नाश और भेड़िया मित्र या शत्रु जैसे रोचक विषय शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एंड एडवांस्ड स्टडीज के कार्यकरणी सचिव डॉ. वीपी सिंह ने किया।


कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्रशिक्षक व अन्य। अमृत विचार

# खाद वितरण में कोताही बर्दाश्त नहीं : एसडीएम

**निरीक्षण**

▸▸ **कमलापुर व थानापट्टी समितियों का किया औचक निरीक्षण**

▸▸ **किसानों से की बातचीत, समय से खाद उपलब्ध कराने के निर्देश**

कमलापुर, सीतापुर

**अमृत विचार:** सिधौली एसडीएम ने गुरुवार को साधन सहकारी समिति कमलापुर और थानापट्टी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खाद की उपलब्धता का जायजा लिया और किसानों से संवाद कर समस्याएं सुनीं।

अधिकारियों को निर्देश दिए कि खाद वितरण में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। अधिकारी ने कहा कि खाद के वितरण में लापरवाही होने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी से कड़ी कानूनी प्रक्रिया अपनाई जाएगी। उपजिलाधिकारी राखी वर्मा ने कमलापुर और थानापट्टी की साधन सहकारी समितियों में खाद वितरण व्यवस्था की जांच की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित किसानों से खाद संबंधित समस्याओं के बारे में पूछा और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि खाद का वितरण पारदर्शिता से करें ताकि धान की रोपाई में कोई बाधा न आए। उन्होंने कहा कि जो खाद उपलब्ध है, उसे प्राथमिकता से वितरित करें और जिसकी कमी है, उसकी डिमांड तत्काल जिला मुख्यालय भेजी जाए। इस मौके पर मौजूद किसानों ने अधिकारी को संबंधित समस्याओं से भी अवगत कराया। इस मौके पर समिति के सचिव दिलीप अवस्थी सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।


खाद की दुकान का निरीक्षण करतीं उपजिलाधिकारी सिधौली। अमृत विचार

# पिकअप ने ट्रॉली में मारी टक्कर टला बड़ा हादसा

**खैराबाद, सीतापुर, अमृत विचार:** बीसीएम रोड पर बीसीएम अस्पताल के सामने तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकअप ने खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के प्रभाव से ट्रॉली आगे खिसककर एक मोटरसाइकिल और मेज-कुर्सियों से टकरा गई। हादसे में बाइक पूरी तरह चकनाचूर हो गई, लेकिन गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। घटना के बाद मौके लोग एकत्रित हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पिकअप डीजे कॉलेज की ओर से तेज रफ्तार में आ रही थी। सूचना पर पहुंची खैराबाद पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।


गौशाला में गौमाता को फल खिलाते जिलाधिकारी अभिषेक आनंद। अमृत विचार

## गौसेवा है पुण्य का कार्यः जिलाधिकारी

**संवाददाता सीतापुर, अमृत विचार:** शहर के बट्सगंज स्थित कान्हा गोशाला का जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने गुरुवार को निरीक्षण किया। उन्होंने गोशाला की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। मौके पर उन्होंने गौसेवा को पुण्य कार्य बताते हुए फल-सब्जियों के भंडारे का शुभारंभ भी किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गोशाला में स्वच्छता, चारा, पेयजल और गर्मी से बचाव के इंतजामों का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी सुविधाएं मानकों के अनुरूप हों और गोवंश को पौष्टिक चारा, स्वच्छ जल व उचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने नगर पालिका और समाजसेवी अनूप खेतान के सहयोग से लगाए गए फल-सब्जी भंडारे का गौपूजन कर शुभारंभ किया और स्वयं गायों को फल व हरी सब्जियां खिलाईं। इस दौरान एसडीएम सदर अभिनव कुमार, ईओ वैभव त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# सत्यम मिश्रा के परिजनों से मिले संजय सिंह


सत्यम मिश्रा के परिजनों से मुलाकात करते आप सांसद संजय सिंह।

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** आपा के राज्यसभा सांसद व प्रदेश प्रभारी संजय सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक प्रताप सिंह के साथ सत्यम मिश्रा के परिजनों से मिले और संवेदना जतायी। उन्होंने एसपी से बात कर हत्यारोपी की गिरफ्तारी न होने का कारण पूछा। उन्होंने जल्द गिरफ्तारी का निर्देश दिया। संजय सिंह ने कहा कि जब भाजपा के मंडल मंत्री का ये हाल है तो आम लोगों को कैसे न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी हर शोषित वंचित आदमी के साथ खड़ी है। अभिषेक ने इस मामले को मजबूती से उठाया है। न्याय न मिला तो संसद में मामला उठाएंगे।

**मनमानी** | धवरसारा गांव में जल जीवन मिशन की टंकी पर उठ रहे सवाल

# भ्रष्टाचार की पोल खोल रहा टंकी से टपकता पानी

संवाददाता इमलिया सुल्तानपुर, सीतापुर

**अमृत विचार:** ब्लॉक ऐलिया की ग्राम पंचायत कचनार के मजरा धवरसारा में जल जीवन मिशन के तहत बनी पानी की टंकी से पानी टपकना शुरू हो गया है। ग्रामीणों ने निर्माण में अनियमितताओं और घोटाले के आरोप लगाए हैं। इसको लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने जांच की मांग भी की है।

जल जीवन मिशन योजना गांव-गांव पीने का शुद्ध पानी पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू की गई थी, लेकिन लापरवाही के चलते यह योजना सवालों के घेरे में है। धवरसारा गांव में बनी पानी की टंकी में जैसे ही पानी भरा गया, उसकी छत से रिसाव शुरू हो गया। ग्रामीणों का दावा है कि निर्माण के दौरान घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया और गुणवत्ता के मानक ताक पर रखे गए। इसके अलावा पाइपलाइन इतनी उथली बिछाई गई है कि वह सतह से दिखाई दे रही है, जिससे आए दिन टूटने और सप्लाई बाधित होने की आशंका बनी रहती है। इस संबंध में जल निगम के कार्यपालक अभियंता राजीव कुमार ने बताया किग्रामीणों की शिकायत प्राप्त हुई है। निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कराई जाएगी और यदि घोटाले या लापरवाही की पुष्टि होती है तो संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।


धवरसारा गांव में बनी पानी की टंकी।


पानी की टंकी निर्माण में हुए भ्रष्टाचार को लेकर आक्रोशित ग्रामीण।

## सार-संक्षेप

### अनाथ बेटी की शादी में गांव बना परिवार

**लहरपुर, सीतापुर :** करुआ कोला गांव में एक अनोखा विवाह समारोह देखने को मिला। एक अनाथ लड़की की शादी पूरे गांव की मौजूदगी में बौद्ध परंपरा के अनुसार सम्पन्न हुई। चाचा ने पिता बनकर सभी रस्में निभाईं, वहीं ग्रामीणों ने रिश्तेदारों की तरह सहभागिता की। गांव निवासी सुमन के माता-पिता का देहांत बचपन में ही हो गया था। तब से उसके चाचा शिवलाल ने उसे बेटी की तरह पाला। अब उन्होंने विवाह की सभी जिम्मेदारियां निभाते हुए राहुल से उसका विवाह कराया। बौद्ध परंपरा में भगवान बुद्ध को साक्षी मानकर वर-वधू ने एक-दूजे को जयमाला पहनाई और जीवनभर साथ निभाने का संकल्प लिया। गांव वालों ने रिश्तेदारों की तरह विवाह में सहयोग किया। किसी ने पंडाल सजाया, किसी ने भोजन परोसा और महिलाओं ने मंगल गीतों से माहौल को भाव-विभोर कर दिया।

### संदिग्ध हालात में युवक की मौत, शराब पिलाने का आरोप

**बिसवां, सीतापुर :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लक्ष्मणपुर मजरा मढ़िया सेमरी में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि गांव के कुछ युवकों ने जबरन शराब पिलाने की कोशिश की। विरोध पर लात-घूंसे से पिटाई कर दी, जिससे वह घायल हो गया। इलाज के मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक टीपी सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए आज से शुरू होगी बुकिंग

**सीतापुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश कृषि निदेशालय की यंत्रीकरण योजनाओं के तहत किसानों को अनुदान देने के लिए 27 जून से 12 जुलाई तक ऑनलाइन टोकन बुकिंग की जाएगी। इच्छुक किसान agridarshan.up.gov.in पोर्टल पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। कृषि ड्रोन, हार्वेस्टर, थ्रेसर, मिनी गोदाम सहित कई यंत्रों पर अनुदान मिलेगा। उप कृषि निदेशक ने किसानों से समय पर आवेदन कर योजना का लाभ लेने की अपील की है।

### अखिलेश के जन्मदिन पर निकली पदयात्रा का स्वागत


पदयात्रा पर निकले युवा। अमृत विचार

**लहरपुर, सीतापुर :** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन पर निकाली गई पदयात्रा का लहरपुर क्षेत्र में स्वागत किया गया। यात्रा खीरी के लखुनी धौरहरा से शुरू होकर 1 जुलाई को लखनऊ पहुंचेगी। नेतृत्व शशांक यादव, रामपाल यादव व वरुण चौधरी कर रहे हैं। शाहपुर में सपा नेताओं कपिल मिश्रा, शिवपाल यादव व अन्य कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। संयोजक शुभम यादव ने बताया कि यात्रा का उद्देश्य पीडीए वर्ग को संगठित कर सपा की नीतियों का प्रचार करना है।

### अपर जिला जज ने जाना वन स्टाप सेंटर का हाल

**सीतापुर, अमृत विचार :** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर अपर जिला जज नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी द्वारा वन स्टाफ सेन्टर एवं ततक गृह तथा हब फॉर एम्पावरमेंट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय 7 बालिका उपस्थित मिली, जिसमें से एक बालिका बयान के लिए न्यायालय गयी हुई थी। ड्यूटी रोस्टर के अनुसार, समस्त स्टाफ उपस्थित मिला। शेल्टर होम में साफ-सफाई सही पाई गयी। उपस्थित बालिकाओं से अपर जिला जज ने वार्ता की। इसी क्रम में उपस्थित कर्मचारियों को साफ-सफाई को ध्यान देने का निर्देश दिया। निरीक्षण के समय रितिकेश श्रीवास्तव, लिपिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भी उपस्थिति रहे।

### पोल से टकराई बाइक, एक की मौत

**मिश्रिख, सीतापुर :** थाना नैमिषारण्य स्थित बेलहरी पुलिस चौकी मार्ग से घर वापस जा रहे बाइक सवार एक खंभे से टकरा गए। सड़क हादसे में इलाके के रामशाला निवासी अक्षय पुत्र पन्ना लाल सहित दो लोग घायल हो गए। बाद में अक्षय ने दम तोड़ दिया, दूसरे की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### बुखार के मरीज को चढ़ाई ग्लूकोज की बोतलें, मौत

**सीतापुर, अमृत विचार :** रामकोट इलाके में झोलाछाप की लापरवाही से तीस वर्षीय महिला की मौत हो गई। परिवार के लोगों ने खासा हंगामा काटा। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। रामकोट थानाक्षेत्र वासी बबलू के मुताबिक, उनकी पत्नी प्रेमा को कई दिन से बुखार आ रहा था। ऐसे में उन्होंने एक चिकित्सक को दिखाया। दावा है कि झोलाछाप ने एक घंटे में तीन ग्लूकोज की बोतलें चढ़ा दीं, जिससे उनकी मौत हो गई। खासे हंगामें के बीच पुलिस ने पहुंचकर आरोपी को हिरासत में ले लिया। क्षेत्राधिकारी नगर अमन सिंह का कहना है कि पीड़ित पक्ष के आरोपों के आधार पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### शटर काटा लेकिन कुछ नहीं ले जा सके शातिर

**कमलापुर, अमृत विचार :** सिधौली कस्बे में चोरी का मामला सामने आया है। महमूदाबाद रोड स्थित ईदगाह तिराहे पर दो दुकानों के शटर अज्ञात चोरों ने बीती रात काट डाले, लेकिन हैरानी की बात यह रही कि दुकानों से कुछ भी चोरी नहीं हुआ। रमदाना निवासी सिराज की किराना दुकान और खैरंदेश नगर निवासी विनीत की कॉस्मेटिक दुकान को निशाना बनाया गया। गुरुवार सुबह दोनों दुकानदारों ने जब शटर कटे देखे तो पुलिस को सूचना दी।

### शाहूजी जयंती पर बदलाव की हुंकार

**महमूदाबाद, सीतापुर :** शाहूजी महाराज की जयंती पर अंबेडकरवादी-मंडलवादी मंच के तत्वावधान में विचार गोष्ठी आयोजित हुई। कार्यक्रम में डॉ. लक्ष्मण यादव ने संविधान बचाने और सामाजिक न्याय की लड़ाई तेज करने का आह्वान किया। डॉ. बृजबिहारी ने शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार पर आंदोलन की आवश्यकता बताई। नीरज पटेल ने ढोंग व पाखंड खत्म कर सामाजिक परिवर्तन पर जोर दिया। अध्यक्षता हेमराज पटेल ने की, जबकि पूर्व विधायक नरेंद्र वर्मा ने लोगों का आभार जताया।

### नई बस्ती में किरायेदार ने जहर खाकर दी जान

**सीतापुर, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला नई बस्ती में किराएदार और मकान मालिक के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि किरायेदार महिला ने जहर खाकर जान दे दी। नई बस्ती में संध्या अग्रवाल अपने पति सुनील कुमार अग्रवाल के साथ पिछले एक साल से रिंकू गुप्ता के मकान में किरायेदार थीं। पीड़ित पक्ष का दावा है कि मकान मालिक रिंकू गुप्ता और उनकी पत्नी प्रिया गुप्ता लंबे समय से मकान खाली करने का दबाव बना रहे थे। इस विवाद में रिंकू के भाई पंकज ने मध्यस्थता की। बीते दिन मकान मालिक दंपति ने किरायेदार की दुकान का सामान बिखेर दिया और कीमती सामान भी ले गए। इस घटना से आहत संध्या ने जहर खा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

### प्राचार्य ने भ्रष्टाचार के आरोपों को नकारा

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** स्नातकोत्तर महाविद्यालय में तृतीय श्रेणी कर्मचारियों की नियुक्ति को लेकर उठे विवाद मामले में कॉलेज के प्राचार्य प्रो. कौशलेंद्र विक्रम मिश्र ने प्रेस वार्ता कर भ्रष्टाचार के आरोपों को खारिज किया। प्राचार्य ने स्पष्ट किया कि कॉलेज में तृतीय श्रेणी के पदों पर अभी तक कोई नियुक्ति नहीं की गई है। यह भर्ती प्रक्रिया उच्च न्यायालय के आदेश और उच्च शिक्षा निदेशक, प्रयागराज की स्वीकृति से शुरू की गई थी। वर्तमान में यह चयन प्रक्रिया स्थगित है। अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग में दर्ज शिकायत को 23 जून 2025 को निरस्त कर दिया गया। प्राचार्य के अनुसार, अमिताभ ठाकुर द्वारा लोकायुक्त के समक्ष दर्ज कराई गई यह शिकायत कॉलेज की छवि खराब करने के लिए की गई थी। प्रो. मिश्र ने पोर्टल पर प्रकाशित खबर की आलोचना की। उनका कहना है कि समाचार में न तो कॉलेज प्रशासन का पक्ष लिया गया और न ही अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह का वर्जन शामिल किया गया। उन्होंने कहा कि कॉलेज प्रशासन पूरी पारदर्शिता के साथ काम कर रहा है।

### भू-माफिया पर एक और मुकदमा, लाखों की ठगी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** लखनऊ के एक व्यक्ति ने बाराबंकी के भू-माफिया और रियल एस्टेट कारोबारी अतुल कुमार वर्मा के खिलाफ कोतवाली नगर में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है। माफिया के खिलाफ दो दिन के भीतर यह दूसरी एफआईआर है। लखनऊ के रहने वाले पंकज यादव ने पुलिस को बताया कि 2015 में ग्राम खसपरिया तहसील नवाबगंज में एक प्लाट लाखों खर्च कर खरीदा था, जो अब फर्जी निकला। उक्त जमीन का फर्जी बैनामा कर अतुल वर्मा ने पैसे ऐंठे और फिर वही प्लॉट किसी अन्य व्यक्ति को बेच डाला। पीड़ित जब प्लॉट की सच्चाई जानने मौके पर पहुंचा, तो जमीन पर किसी और की बाउंड्री बनी मिली। जब पीड़ित ने विरोध किया, तो आरोपी ने फोन धमकी दी। पीड़ित का कहना है कि उसने पत्नी के जेवर तक बेचकर यह जमीन खरीदी थी। अतुल वर्मा के खिलाफ पहले से 30 से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पीड़ित ने बताया कि यह ठगी एक योजनाबद्ध तरीके से की गई, जिसमें कथित गवाह विनीत वर्मा की भी भूमिका संदिग्ध है।

# चिकित्सा अधीक्षक का तबादला रोक रही सियासी छांव

## रामपुर मथुरा सीएचसी में दस वर्षों से जमे अधीक्षक, मंत्री की सख्ती भी नहीं करा सकी ट्रांसफर

**नियम दरकिनार**

संवाददाता सीतापुर


आरपी सिंह। अमृत विचार


नुसरत अली। अमृत विचार

**अमृत विचार:** स्वास्थ्य विभाग की तबादला नीति पर सवाल उठे हैं। इस बार मामला बाढ़ और कटान प्रभावित रामपुर मथुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जुड़ा हुआ है। यहां के अधीक्षक बीते दस वर्षों से एक ही स्थान पर हैं, ऐसे में जिम्मेदारों ने जरूरत इसलिए समझी क्योंकि बाढ़ और कटान प्रभावित सबसे बड़ा भू-भाग इसी इलाके से जुड़ा हुआ है। जिले के प्रभारी मंत्री की सख्ती के बाद अन्य अधीक्षकों का स्थानांतरण किया जा चुका है। लेकिन यहां के हालातों में बदलाव नहीं आया है।

व्यवस्था को बेहतर बनाने के उदेश्य से स्वास्थ्य विभाग में नियम और मानकता तय है। इसको लेकर अधीक्षकों की कार्यकाल सीमा 3-5 वर्ष निर्धारित है। पिछले वर्ष इसी को लेकर प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने सख्त निर्देश दिये थे। जिसके आधार पर खैराबाद, लहरपुर, महोली, कसमंडा और गोंदलामऊ के अधीक्षकों का स्थानांतरण किया गया। सभी अधीक्षक तब कार्यकाल की सीमा (3-5 वर्ष) पूरी कर चुके थे। भ्रष्टाचार विरोधी जन आंदोलन समन्वय समिति के कोर्डिनेटर नुसरत अली दावा करते हुए कहते हैं कि किसी भी सीएचसी और पीएचसी पर प्रभारी तीन वर्ष से अधिक समय से नहीं रुक पाता। रामपुर मथुरा के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुशील वर्मा कैसे रुके हैं, ये जांच का विषय है, क्योंकि एक ही ब्लॉक क्षेत्र और जनपद में 15 साल का समय बहुत होता है। राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश महासचिव आरपी सिंह का कहना हैं कि जिले की सभी अधिक बाढ़ विभीषिका रामपुर मथुरा क्षेत्र के लोगों को प्रति वर्ष झेलनी पड़ती है, ऐसे में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से स्थानांतरण प्रक्रिया को अपनाना अनिवार्य है। जरूरत पड़ी तो वे इस मुद्दे को सीएम योगी तक ले जाएंगे।

**ये है गाइड लाइन**

विभागीय जानकारों के मुताबिक, किसी भी चिकित्सक को एक ही ब्लॉक में अधिकतम तीन और जिले में अधिकतम पांच वर्ष तक ही तैनात किया जाना है। डॉ. सुशील वर्मा एक दशक से अधिक समय से एक ही ब्लॉक में पदस्थ हैं, फिर भी तबादला आदेश अब तक नहीं जारी हुआ।

> रामपुर मथुरा सीएचसी अधीक्षक के तबादले का प्रस्ताव कई बार भेजा गया है। विभागीय स्तर से निर्णय लंबित है। हम नियमानुसार प्रक्रिया का पालन कर रहे हैं। जहां तक नीति की बात है, वह सभी पर समान रूप से लागू होती है-**डॉ. सुरेश कुमार**, मुख्य चिकित्साधिकारी

## सरकारी भूमि पर कब्जा और पेड़ कटाने का आरोप

**खैराबाद, सीतापुर:** ग्रापं गंगापुर उल्फतराय, मजरा खरेहटा के ग्रामीणों ने एसडीएम सदर को शिकायती पत्र सौंपते हुए गांव की सरकारी भूमि और वृक्षारोपण क्षेत्र पर दबंग किस्म के लोगों द्वारा कब्जा करने का आरोप लगाया है। मांग की है कि जमीन को कब्जे से मुक्त कराया जाए। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि पूर्व में इस भूमि पर यूकेलिप्टस के पेड़ लगे थे जिन्हें इन लोगों 17 पेड़ अवैध रूप से कटवा डाले। आरोप है कि ये सभी लोग भू-माफिया प्रवृत्ति के दबंग व्यक्ति हैं, जो लंबे समय से सरकारी भूमि पर अपना अवैध अधिकार जमाए हुए हैं।

# नाव पलटी, मकान ढहा फिर भी नहीं घबराया अमला

## बाढ़ से पहले कटान प्रभावित तीन तहसीलों में हुआ आपदा प्रबंधन का अभ्यास, नदी से बचाया गया डूबता व्यक्ति


रामपुर मथुरा में घायल का रेस्क्यू करती टीम। अमृत विचार


डूबते बच्चे को सुरक्षित निकालती एनडीआरएफ टीम। अमृत विचार


मॉकड्रिल में लोगों को जागरूक करतीं एसडीएम आकांक्षा गौतम। अमृत विचार

अमृत विचार टीम, सीतापुर

बाढ़ के संभावित खतरे को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह चौकन्ना है। गुरुवार को जिले की तीन प्रमुख तहसील क्षेत्रों रामपुर मथुरा, बिसवां और महमूदाबाद में आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास का मकसद था बाढ़ जैसी आपदा के समय समन्वय के साथ राहत और बचाव कार्य को अंजाम देना। तीनों ही तहसीलों में एनडीआरएफ, स्वास्थ्य विभाग, फायर ब्रिगेड, पुलिस, पशुपालन, राजस्व व पंचायती राज सहित तमाम विभागों की टीमें मौके पर मौजूद रहीं। अधिकारियों की निगरानी में ग्रामीण क्षेत्रों में संभावित आपदाओं जैसे मकान गिरना, नाव पलटना, सर्पदंश, गर्भवती महिला को सुरक्षित अस्पताल पहुंचाना और राहत शिविर संचालन का प्रदर्शन किया गया।

**सर्पदंश और गर्भवती की सुरक्षित डिलीवरी:** रामपुर मथुरा मेला मैदान में आयोजित मॉकड्रिल में बाढ़ के दौरान गर्भवती महिला को सुरक्षित अस्पताल पहुंचाने, सर्पदंश के मामले में त्वरित उपचार और वृद्ध को नाव से निकालने का प्रदर्शन किया गया। रेस्क्यू टीम ने ग्रामीणों की सूचना पर नाव से महिला को निकाला और अस्पताल पहुंचाया, वहीं दूसरी ओर सर्पदंश पीड़ित पुतले को तत्काल फील्ड यूनिट में इलाज मुहैया कराया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी महमूदाबाद वेद प्रकाश श्रीवास्तव, बीडीओ संदीप कुमार, अधीक्षक डॉ. आशीष कुमार, लेखपाल, सचिव, चिकित्सक व अन्य कार्मिक उपस्थित रहे। सभी ने राहत एवं बचाव कार्य की समन्वयात्मक रूपरेखा को मजबूती देने पर बल दिया।

### मेला मैदान में गिरी इमारत, राहत टीम ने निकाले घायल

महमूदाबाद तहसील क्षेत्र के बाढ़ और कटान प्रभावित रामपुर मथुरा मेला मैदान में आयोजित मॉकड्रिल के तहत एक मकान गिरने की घटना का मंचन किया गया। निर्धारित समय पर सूचना पाकर एनडीआरएफ, फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस, पशु एम्बुलेंस, जेसीबी, क्रेन, आपदा पोस्ट सहित सभी यूनिट हरकत में आ गईं। पुतले के रूप में घायलों को मलबे से निकाल कर एम्बुलेंस के ज़रिए रामपुर मथुरा के प्राथमिक विद्यालय में बनाए गए अस्थायी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने इलाज किया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह, सीएमओ डॉ. सुरेश कुमार, सीएफओ शुभांशु सिंह, उपजिलाधिकारी बालकृष्ण सिंह सहित कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। एडीएम ने बताया कि सभी विभागों के बीच आपसी समन्वय से आपदा के वक्त राहत कार्य को प्रभावी बनाया जाएगा।

### शारदा नदी के किनारे सजी राहत की अस्थायी बस्ती

लहरपुर तहसील इलाके के लखनीपुर तंबौर स्थित डेबरघाट पर गुरुवार को बाढ़ से निपटने की मॉकड्रिल ने ग्रामीणों के बीच विश्वास की नई लहर पैदा की। सायरन बजते ही ट्रैक्टर-ट्रॉली, एम्बुलेंस और राहत टीमें सक्रिय हुईं। ग्रामीणों व उनके मवेशियों को सुरक्षित निकालकर मानपुर मल्लापुर के आश्रय स्थल पर लाया गया, जहां चिकित्सा टीम ने स्वास्थ्य परीक्षण कर राहत सामग्री भी उपलब्ध कराई। उपजिलाधिकारी आकांक्षा गौतम की निगरानी में राजस्व, स्वास्थ्य, दमकल, पुलिस व अन्य विभागों की त्वरित कार्रवाई ने साबित किया कि प्रशासन केवल निर्देशों तक सीमित नहीं, जमीन पर भी पूरी तरह मुस्तैद है।

### चहलारी घाट पर नाव पलटने की स्थिति में किया गया रेस्क्यू

बिसवां तहसील क्षेत्र के रेउसा ब्लॉक इलाके में चहलारी घाट पर मॉकड्रिल में नाव पलटने की घटना को दर्शाया गया। द्वितीय वाहिनी पीएसी की टीम ने नदी में डूबते व्यक्ति को सुरक्षित निकाल कर स्वास्थ्य विभाग को सौंपा। मौके पर उपजिलाधिकारी मनीष कुमार, तहसीलदार उमाशंकर त्रिपाठी, स्वास्थ्य और अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। यह अभ्यास बाढ़ के दौरान नाव दुर्घटनाओं से निपटने की तैयारी और ग्रामीणों को जागरूक करने के उद्देश्य से किया गया। अधिकारियों ने बताया कि किसी भी स्थिति से निपटने के लिए संसाधन और मानवबल की पूरी व्यवस्था की गई है।


सामान उठाने के लिए मौजूद जेसीबी। अमृत विचार

> हमने सिर्फ रिहर्सल नहीं की, आपदा के वक्त हर सेकेंड कैसे कीमती होता है, ये साबित किया। सभी विभागों ने तालमेल दिखाया, यही असली तैयारी है-**नीतीश कुमार**, अपर जिलाधिकारी


ये नजारा पुराने शहर के मोहल्ला कोट चौराहा स्थित कोहना चौकी के करीब का है। धूप की तपिश में पानी की टंकी ने आम और खास को कुछ दिनों तक राहत दी। लेकिन काफी समय से खराब है। फैजल, राकेश, अनिल आदि का कहना है कि पानी की टंकी शोपीस बनकर रह गई है।

# कोठरी में बंद होने से बिगड़ रही हालत : डॉ. तंजीम

## आजम खां से मिलने पहुंचीं पत्नी डॉ. तंजीम फातिमा, पुत्र अदीब समेत तीन लोग

▸▸ 35 मिनट की मुलाकात के बाद कहा, मुझे किसी से शिकायत नहीं, अल्लाह पर भरोसा

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार:** सीतापुर कारागार में निरुद्ध सपा के वरिष्ठ नेता आजम खां से मिलने उनकी पत्नी और पुत्र पहुंचे। चहारदीवारी के भीतर मुलाकात 35 मिनट तक चली। फिर बाहर निकलकर कहा कि कोठरी में बंद होने से ही हालत बिगड़ रही है। भरोसा केवल अल्लाह पर है, परिवार को किसी से कोई भी शिकायत नहीं है। बुधवार की सुबह आजम खां से मिलने उनकी पत्नी डॉ. तंजीम फातिमा, पुत्र अदीब और सपा नेता शावेज खान पहुंचे। मिलने से पहले निर्धारित प्रक्रिया को पूरा करते हुए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया। इसी के बाद सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में जेल में दाखिल हुए हैं। जेल से निकलकर डॉ. तंजीम ने कहा कि उनके पति को जेल में दिक्कत है, कोठरी में बंद कर रखा है। इतनी गर्मी पड़ रही है। जिस कारण वो अधिक बीमार हो गए हैं। कहा कि उन्हें किसी से भी कोई शिकायत नहीं है। जमानत के लिए प्रयास कर रहे हैं। अल्लाह से ही उम्मीद है।


कारागार में पति आजम खां से मिलने जातीं पत्नी डॉ. तंजीम फातिमा व अन्य। अमृत विचार

**खाने के लिए परिवार लाया आम और दवाएं:** आजम खां से मिलने आया परिवार दवाओं के साथ दशहरी आम लाया। कुछ और भी जरूरी सामान था, जिसको लेकर पत्नी तंजीम फातिमा खुद झोला लिये हुए थीं।


बैठक कर निर्देश देते जिलाधिकारी अभिषेक आनंद। अमृत विचार

### सांसद निधि के विकास कार्यों की हुई समीक्षा, डीएम ने दिए निर्देश

**संवाददाता सीतापुर, अमृत विचार :** सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत जनपद में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए एक बैठक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने की। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने सांसद निधि से प्रस्तावित तथा प्रगति पर चल रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी स्वीकृत योजनाओं को तय समय-सीमा के भीतर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए, ताकि आमजन को शीघ्र लाभ मिल सके। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्राथमिकता वाली परियोजनाओं पर विशेष ध्यान देते हुए कार्य में गति लाई जाए। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि कई योजनाएं अब अंतिम चरण में हैं और आगामी सप्ताहों में इन्हें पूर्ण कर जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी तिलक सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी और कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### जाम और अतिक्रमण से निजात को लेकर संवाद

**लहरपुर, सीतापुर :** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने पुलिस क्षेत्राधिकारी से मिलकर उन्हें समस्याओं से अवगत कराया। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष रियाज अहमद बबलू के नेतृत्व में व्यापार मंडल के एक प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस क्षेत्राधिकारी नागेंद्र चौबे से भेंट की। नगर की प्रमुख समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रतिनिधि मंडल ने नगर में लगने वाले जाम व भारी वाहनों के नगर में प्रवेश से संबंधित अन्य मुद्दों पर चर्चा की। अतिक्रमण की समस्या से अवगत कराया। क्षेत्राधिकारी नागेंद्र चौबे ने सभी समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण का आश्वासन दिया। इस अवसर पर व्यापार मंडल के पदाधिकारीयों ने पुलिस क्षेत्राधिकारी को पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर नगर अध्यक्ष रियाज अहमद बबलू, महामंत्री हरीश रस्तोगी, उप महामंत्री विशाल कपूर, उपाध्यक्ष हाशिम अंसारी, संगठन मंत्री जावेद अंसारी कोषाध्यक्ष हरीश जायसवाल, संदीप सिंह, सरोज जायसवाल आदि मौजूद थे।


बैठक के दौरान उपस्थित पुलिस विभाग और संबंधित तहसील प्रशासन के अधिकारी। अमृत विचार

### टेबल टॉप एक्सरसाइज के सहारे बाढ़ आपदा की जांच

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार :** आगामी मानसून सत्र को ध्यान में रखते हुए बाढ़ आपदा प्रबंधन की तैयारियों के अंतर्गत मंगलवार को एनआईसी में राज्य स्तरीय टेबल टॉप एक्सरसाइज का आयोजन किया गया। यह अभ्यास राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं राहत आयुक्त कार्यालय के तत्वावधान में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व की उपस्थिति में संपन्न हुआ। अभ्यास का मुख्य उद्देश्य बाढ़ की संभावित स्थिति में विभिन्न विभागों और एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय, त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता और प्रभावी निर्णय प्रक्रिया का परीक्षण करना था। अभ्यास के दौरान काल्पनिक परिदृश्य के आधार पर बाढ़ की संभावित स्थिति प्रस्तुत की गई। गृह विभाग, स्वास्थ्य, सिंचाई, राजस्व, नगर विकास, पुलिस, अग्निशमन सेवा, नगर निकाय और जिला प्रशासन के अधिकारियों ने भाग लिया। राहत और बचाव कार्य, जनसंख्या का सुरक्षित विस्थापन, स्वास्थ्य और स्वच्छता की व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। अन्तर्विभागीय समन्वय, संसाधनों की उपलब्धता और उनके त्वरित उपयोग की रणनीतियों पर भी विचार-विमर्श हुआ।

## सार-संक्षेप

### खाद-बीज की दुकानें बंद, व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन


जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर ज्ञापन सौंपते व्यापारी। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार :** कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही की छापेमारी का असर दो दिन बाद देखने को मिला। जिले में खाद और बीज की दुकानें बंद रहीं। ऐसे में कारोबारियों ने एकजाई होकर डीएम से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा। बुधवार को जिले भर के खाद व्यापारियों ने दुकानें बंद कर दीं। करीब 1200 दुकानें बंद करने के बाद बड़ी संख्या में कारोबारी कलेक्ट्रेट परिसर में जमा हुए जहां उन्होंने मंत्री की कार्रवाई पर विरोध जताया। फिर सभी डीएम अभिषेक आनंद से मिले। कहा जब हम एक बोरी खाद सरकारी मूल्य 280 रुपए में खरीदते हैं तो उसको ग्राहकों को 266 .50 रुपये में कैसे बेच सकते हैं। व्यापारियों का दावा हैं कि कई बार संबंधित अधिकारियों को खाद के बढ़ते हुए मूल्यों से अवगत कराया गया है। लेकिन इसका अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ। इस दौरान पीयूष शुक्ला, अनिल, मन्ना मेहरोत्रा, रमेश मौजूद रहे।

### दिव्यांग चिन्हांकन शिविर का हुआ आयोजन

**पहला, अमृत विचार :** विकास खंड पहला में दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग द्वारा कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण कोक्लियर इंप्लांट योजना एवं पोलियो करेक्टिव सर्जरी योजनान्तर्गत चिन्हांकन शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 43 फार्म जमा किए गए। जिनमें 33 को ट्राई साइकिल, चार को कान मशीन, 6 स्मार्ट कैन आंखों के लिए चिन्हित किया गया। शिविर में जिला दिव्यांग सशक्तिकरण अधिकारी, सहायक पंचायत विकास अधिकारी रामकिशोर वर्मा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से डॉ. राहुल कुमार तथा पहला बीपीएम अनुपम वर्मा आदि उपस्थित रहे।

### दो लुटेरे गिरफ्तार, लूटी हुई नकदी बरामद

**महमूदाबाद, सीतापुर :** सीओ महमूदाबाद के निर्देश पर पुलिस ने लुटेरा गैंग के दो शातिर गिरफ्तार किये हैं। इनके पास से लूट की नकदी भी बरामद होने का दावा पुलिस ने किया है। सीओ वेदप्रकाश श्रीवास्तव ने बताया थाना महमूदाबाद पुलिस टीम ने दो आरोपियों की पहचान इमरान पुत्र अली हुसैन निवासी जाफरपुर, थाना सदरपुर और दिनेश कुमार पुत्र बहोरी लाल मिश्रा निवासी सिकटिहा, थाना रेउसा के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने आरोपियों के कब्जे से 31,320 की नकदी बरामद की है।

### गन्ना किसान गोष्ठी में उन्नत खेती पर दिया जोर

**बिसवां, सीतापुर :** जनपद के ब्लॉक सकरन अंतर्गत ग्राम हरैया बाजार में गन्ना किसानों के लिए गोष्ठी आयोजित हुई। आयोजन अर्जुन सिंह सेक्सरिया शुगर फैक्ट्री बिसवां अंतर्गत आने वाले सभी गांवों के किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों से अवगत कराने के उद्देश्य से किया गया। कृषि विशेषज्ञों ने गन्ने की उन्नत खेती, आधुनिक कीटनाशक छिड़काव की विधियों, फसल की गुणवत्ता सुधार, सुरक्षा उपाय और सही बुवाई तकनीक के बारे में जानकारी दी। मुख्य अतिथि सीडीओ अंजुल सिंह तोमर रहे। उन्होंने किसानों को वैज्ञानिक तरीकों से खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया और बताया कि आधुनिक कृषि ही किसानों की आय को दोगुना करने की दिशा में अहम भूमिका निभा सकती है। इस अवसर पर गन्ना सर्वेक्षण अधिकारी उमाकांत वर्मा, रवि वर्मा, शिवा गौतम तथा गन्ना विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### युवक ने किया आत्महत्या का प्रयास

**लहरपुर, सीतापुर :** कोतवाली क्षेत्र के परसेंडी थाना क्षेत्र के शाहमहोली बाजार में गुरुवार को एक युवक ने आम के पेड़ पर फांसी लगाने की कोशिश की। समय रहते ग्रामीणों ने चौकी प्रभारी हरिश्चंद्र यादव को सूचना दी जिन्होंने मौके पर पहुंचकर युवक को बचाया और जिला अस्पताल भिजवाया। युवक खुद को मैगलगंज निवासी बता रहा है और मानसिक रूप से परेशान लग रहा था।

### बरसात में बढ़ते आई फ्लू से बचाव जरूरी

**सीतापुर, अमृत विचार :** बरसात में आंखों की बीमारियां बढ़ जाती हैं। खासतौर पर आई फ्लू जैसे संक्रमण। इसी को लेकर सीतापुर आंख अस्पताल में प्रशिक्षण पर आए शिक्षकों को डॉ. अस्मिता रस्तोगी ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आंखों की सफाई, व्यक्तिगत वस्तुओं का साझा न करना और समय पर जांच से संक्रमण से बचा जा सकता है। डॉ. दीपक कनाडे ने टेली-मेडिसिन सेवाओं और मोबाइल के अत्यधिक प्रयोग से होने वाले दृष्टि नुकसान पर भी चर्चा की। शिक्षकों ने कठपुतली नाटिका के माध्यम से आंखों की देखभाल का संदेश दिया।

### त्योहार सभी का होता है, सौहार्द से मनाएं: थानाध्यक्ष

**रामपुर मथुरा, सीतापुर :** मोहर्रम पर्व को लेकर थाना परिसर में गुरुवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी निरीक्षक कृष्ण नंदन तिवारी ने की। उन्होंने उपस्थित संभ्रांत नागरिकों से संवाद करते हुए कहा कि त्योहारों को मिलजुलकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाना चाहिए। उन्होंने अफवाहों से बचने और किसी भी विवाद की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना देने की अपील की। बैठक में जुलूस मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था, बिजली और सफाई आदि मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में उपनिरीक्षक उमाकांत सविता, अशोक सोनकर, शानू अल्वी, मुकुंद तिवारी, हसीब अहमद, अदनान खान, पप्पू अहमद, शानू आदि मौजूद रहे।

### युवक ने की आत्महत्या की कोशिश

**कमलापुर, अमृत विचार :** सिधौली कोतवाली क्षेत्र में सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के मानपुर गांव निवासी 35 वर्षीय बबलू ने ससुराल में आत्महत्या का प्रयास किया। बुधवार शाम वह पत्नी को लेने साढ़ू के गांव मनिकापुर गया था, जहां कहासुनी के बाद उसने आम के पेड़ पर बेल्ट से फांसी लगाई। लेकिन बेल्ट टूटने से वह बच गया और घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने उसे सिधौली सीएचसी पहुंचाया, जहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया। बबलू ने बताया कि वह पारिवारिक विवाद से मानसिक तनाव में था।

### वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**कमलापुर, सीतापुर :** थाना क्षेत्र के हाईवे पर कोठी ढाबा के सामने गुरुवार को एक अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान गंगापुर मजरा सुल्तानपुर कमैचा निवासी 40 वर्षीय राधे पुत्र नत्था के रूप में हुई। राधे कस्बे की बाजार से साइकिल से लौट रहा था, तभी तेज रफ्तार वाहन ने उसे टक्कर मार दी। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### नियमों के उल्लंघन पर होगी कड़ी कार्रवाई

**सीतापुर, अमृत विचार :** जिला कृषि रक्षा अधिकारी शिव शंकर ने जिले के सभी कीटनाशी विक्रेताओं को कीटनाशी अधिनियम-1986 व नियमावली-1971 के तहत नियमों के पालन का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि विक्रेताओं को लाइसेंस, स्टॉक पंजिका, रेट बोर्ड, प्रिंसिपल सर्टिफिकेट और बिक्री रसीद रखना अनिवार्य है। किसानों को कीटनाशक बिक्री के समय बिल देना जरूरी होगा। निरीक्षण में लापरवाही या अभिलेखों की अनुपलब्धता पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### विद्यालयों के विलय आदेश पर ग्रामीणों ने जताई आपत्ति

**मछरेहटा, सीतापुर :** शासन द्वारा 30 से कम छात्र संख्या वाले प्राथमिक विद्यालयों को समीपवर्ती स्कूलों में विलय करने के आदेश से ग्रामीण क्षेत्रों में विरोध शुरू हो गया है। मछरेहटा ब्लॉक के कैमा, मदनापुर, हेतपुर समेत 14 स्कूल प्रस्तावित सूची में शामिल हैं। ग्राम प्रधानों, अभिभावकों और शिक्षक संगठनों ने इसे अव्यावहारिक बताते हुए छोटे बच्चों की सुरक्षा और सुविधा पर चिंता जताई है। खंड शिक्षा अधिकारी अजय गुप्त मौर्य ने बताया कि विरोध से जुड़ी आपत्तियां बीएसए को भेजी गई हैं।

### आठ वांछित वारंटी गिरफ्तार

**सीतापुर, अमृत विचार :** रामपुर मथुरा, रामपुर कलां, नैमिषारण्य, नगर कोतवाली, सकरन व हरगांव थानों की पुलिस टीमों ने आठ अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक कार्रवाई की। गिरफ्तार अभियुक्तों में राजकुमार, इरफान, उत्तम वर्मा, नीरज, शैलेन्द्र उर्फ बब्बू, बांकेलाल, अवधेश उर्फ योगेश व नागेन्द्र सिंह शामिल हैं।

### सौहार्द बिगाड़ने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई: एएसपी

**लहरपुर, सीतापुर :** मोहर्रम पर्व को शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने को लेकर गुरुवार को लहरपुर कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एएसपी आलोक कुमार सिंह ने की, जिसमें क्षेत्र के ताजियादारों, जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रधानों और सभासदों ने भाग लिया। एएसपी ने कहा कि त्योहारों पर शांति व्यवस्था बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। पुलिस पूरी सतर्कता से कार्य करेगी, लेकिन जनसहयोग अत्यंत आवश्यक है। पुलिस क्षेत्राधिकारी नागेंद्र चौबे ने कहा कि ताजिये की ऊंचाई अधिकतम 10 फुट तक ही रखी जाए। प्रभारी निरीक्षक विजयेंद्र सिंह ने कहा कि माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में ईओ अनूप राय, एकलाख खान, नीरज गौड़, सुहेल, फुरकान, शोएब समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### युवक का फंदे से लटकता मिला शव

**अमेठी अमृत विचार।** अमेठी कोतवाली क्षेत्र कस्बा स्थित मुंशीगंज रोड पर जयप्रकाश जायसवाल का मकान है। इस मकान में परिजन भी कभी-कभार आकर रहते हैं। फिलहाल, परिजन गांव में रहते हैं। जयप्रकाश का बेटा अनुज जायसवाल (18) इस मकान में अकेले रहता था। गुरुवार सुबह पड़ोस की दुकान के लड़के ने जब घर में आवाज लगाई तो अंदर से कोई जवाब नहीं आया। पड़ोस के लड़के ने मकान से कोई आवाज नहीं आने पर खिड़की से झांक कर देखा। वहां अनुज का शव कमरे के भीतर रस्सी के सहारे फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। मृतक का शव आधा शरीर जमीन पर टिका हुआ था। पड़ोसियों ने तत्काल घटना की जानकारी मृतक के परिजनों और पुलिस को दी। सूचना पर परिजन भी घर पहुंचे। सूचना मिलते ही अमेठी कोतवाली पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। इंस्पेक्टर रवि कुमार ने बताया कि मृतक का शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### वाहन की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

**जगदीशपुर अमेठी अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के जगदीशपुर जायस मार्ग स्थिति मुबारकपुर गांव के पास सुबह साइकिल सवार की अज्ञात वाहन की टक्कर में साइकिल सवार की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मुबारकपुर गांव के मोहम्मद मुस्तकीम (75) सुबह के घर से साइकिल पर सवार होकर कस्बा आ रहे थे, तभी वाहन की टक्कर से घायल हो गए थे। थाना प्रभारी धीरेन्द्र यादव ने बताया कि परिजनों की तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### मार्ग दुर्घटना में बाइक सवार दंपति घायल

**संग्रामपुर अमेठी अमृत विचार।** अम्मरपुर धोए निवासी साहेबदीन (67) अपनी पत्नी सुशीला देवी (65) के साथ रिश्तेदारी जा रहे थे तभी रास्ते में सहजीपुर में कालिकन मोड पर पीछे से अज्ञात बाइक सवार टक्कर मार कर फरार हो गया। बाइक से अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरने से दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से एम्बुलेंस से संग्रामपुर सीएचसी भर्ती कराया गया। जहां से इलाज के बाद घर भेज दिया गया।

# 59.24 लाख से कराया जाएगा पशु चिकित्सालय के नए भवन का निर्माण

## पशुपालकों को बेहतर उपचार और सुविधा का मिलेगालाभ

**संवाददाता, सिंहपुर, अमेठी**



जर्जर पड़ा तिलोई पशु चिकित्सालय भवन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अमेठी जिले के तिलोई क्षेत्रवासियों के लिए खुशखबरी है। लंबे समय से बदहाल हालत में चल रहे राजकीय पशु चिकित्सालय तिलोई को अब एक नया और आधुनिक भवन मिलने जा रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार ने पुराने जर्जर भवन के स्थान पर नया पशु चिकित्सालय भवन बनाने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसके लिए 59 लाख 24 हजार रुपये की धनराशि भी मंजूर कर दी गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मार्च 2025 के अंत में यह धनराशि पशुपालन विभाग द्वारा निर्माण कार्य की जिम्मेदारी निभा रही संस्था उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लिमिटेड, प्रखंड अयोध्या को हस्तांतरित कर दी गई है। बहुत जल्द निर्माण कार्य की शुरुआत होने की संभावना है। यह कदम डॉक्टर मनीष सचान की सतत मेहनत और प्रयासों का नतीजा है। तिलोई पशु चिकित्सालय में तैनात डॉ. सचान लगातार शासन से नए भवन की मांग कर रहे थे, क्योंकि पुराना भवन पूरी तरह से जर्जर हो चुका था और पीडब्ल्यूडी द्वारा उसे निष्प्रयोज्य घोषित किया जा चुका था। नया भवन बनने से चिकित्सालय की कार्यक्षमता और सुविधाएं बढ़ेंगी। दवाओं, उपकरणों व अन्य सामग्री की सुरक्षा सुनिश्चित होगी और पशुपालकों को बेहतर उपचार और सुविधा का लाभ मिलेगा।

### मॉडल शॉप के निर्माण के लिए नहीं मिल पाई जमीनें

**अमेठी, अमृत विचार।** शासन की ओर से वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिले में 75 राशन की दुकानों को माडल शाप बनाने के लिए छः महीने पहले आदेश आया था। अभी तक किसी भी तहसील में अन्नपूर्णा भवन के नाम से माडल शाप के निर्माण के लिए जमीनों का चिन्हांकन नहीं हो पाया है। अमेठी तहसील में अमेठी और भेंटुआ ब्लाक में 2023-24 में चिह्नित की गई सात राशन की दुकानों के भवन का निर्माण अभी तक नहीं हो पाया है। सप्लाई इंस्पेक्टर शुभम् चौधरी से बताया कि डीएसओ की ओर से कई बार नोटिस जारी करने के बाद महाराजपुर, दरखा, भीमी, सरुवांवा, मनीरामपुर और भेंटुआ और कटरा फूलकुंवरि में अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण अभी तक नहीं हो पाया है।

### नीलगाय की टक्कर से युवक की मौत

**शुकुल बाजार, अमेठी अमृत विचार।** क्षेत्र के संसारपुर गांव में बुधवार को देर शाम नीलगाय की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान मुमताज (35) पुत्र मेराज के रूप में हुई है, जो किसी समारोह में शामिल होने के लिए शुकुल बाजार जा रहे थे। तभी तेंदुआ गांव के पास सड़क पार कर रही नीलगाय से अचानक उनकी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मुमताज बाइक से दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तुरंत शुकुल बाजार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें रेफर कर दिया। परिजन उसे दूसरे अस्पताल ल दा रहे थे, तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। मुमताज की शादी करीब पांच साल पहले हुई थी। उनके पीछे एक बेटी इनाया और एक बेटा जैद है।



मुमताज (फाइल फोटो)।

## 64 बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण एक सीएचसी रेफर

**संग्रामपुर अमेठी अमृत विचार।** आंगनवाड़ी शीतला बक्श का पुरवा मजरे पुन्नपुर में बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (RBSK) के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 64 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। जांच के दौरान एक बच्चे में स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पाई गईं, जिन्हें इलाज के लिए संग्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेफर किया गया। बृहस्पतिवार को संग्रामपुर सीएचसी की आरबीएसके टीम, जिसमें डॉ. सुशील चंद्र शुक्ला, आयुष डॉ सिमरन और ऑप्टोमेट्रिस्ट बलराम चौरसिया शामिल थे, ने आंगनवाड़ी केंद्र शीतला बक्श का पुरवा में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। डॉ. सुशील चंद्र शुक्ला ने बताया कि स्वास्थ्य कैंप में 64 बच्चों में एक बच्चे में को खून की कमी के चलते संग्रामपुर सीएचसी रेफर किया गया है।

## सरकारी राशन में मिलावट की शिकायत पर डीएम ने मारा छापा

**संवाददाता, अमेठी**

**अमृत विचार।** जिले में सरकारी राशन की गुणवत्ता को लेकर मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी संजय चौहान ने बृहस्पतिवार को जगदीशपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत जलालपुर तिवारी स्थित अन्नपूर्णा भवन (सरकारी सस्ते राशन की दुकान) पर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान राशन सामग्री में नमक और मिट्टी के ढेले पाए जाने पर डीएम ने संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही कड़ी फटकार लगाते हुए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने खाद्यान्न के बोरों की जांच की, जिसमें प्रथम दृष्टया मिलावट की पुष्टि हुई। उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी व जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी को तत्काल मिलावटी खाद्यान्न बदलवाकर स्वच्छ खाद्यान्न वितरित कराने का आदेश दिया। साथ ही मामले की गहन जांच के लिए अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता में एक संयुक्त टीम गठित की, जिसमें जिला पूर्ति अधिकारी, खाद्य एवं विपणन अधिकारी और संबंधित उपजिलाधिकारी शामिल होंगे। डीएम ने स्पष्ट किया कि दोषियों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि दोषियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इससे पूर्व ग्राम दरपीपुर से भी खाद्यान्न में मिलावट की शिकायत मिली थी। अब जलालपुर तिवारी में दोबारा ऐसी शिकायत सामने आने पर प्रशासन सक्रिय हुआ है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से भी बातचीत कर जानकारी ली, जिनमें अधिकांश ने बताया कि पहले कभी इस प्रकार की शिकायत सामने नहीं आई थी। निरीक्षण में अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता, एसडीएम मुसाफिरखाना अभिनव कनौजिया, जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी राजेश्वर सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी शशिकांत सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



निरीक्षण करते डीएम व डीपीआरमो।



बैठक करते डीएम एवं एसपी। अमृत विचार

## मातम के दौरान अस्त्र-शस्त्र का प्रयोग प्रतिबंधित रहेगा

**अमेठी अमृत विचार।** जिले में आगामी त्यौहारों जैसे मुहर्रम, श्रावणमास, कांवड़ यात्रा, नागपंचमी एवं रक्षाबंधन को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए जाने को लेकर गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में पीस कमेटी की बैठक हुई। अध्यक्षता जिलाधिकारी संजय चौहान व पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने संयुक्त रूप से की। बैठक में विभिन्न धर्मों के धर्मगुरुओं, समाज के प्रतिष्ठित नागरिकों तथा प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लिया। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश देते हुए कहा कि अपने-अपने क्षेत्रों में धर्मगुरुओं से निरंतर संवाद बनाए रखें, मंदिरों-मस्जिदों की साफ-सफाई, विद्युत आपूर्ति, पेयजल और मार्गों की मरम्मत की व्यवस्था समय रहते सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि कोई भी नई परंपरा शुरू न की जाए और पूर्व निर्धारित मार्गों से ही कांवड़ यात्रा और ताजिया निकाले जाएं। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने कहा कि पुलिस प्रशासन आगामी त्योहारों को लेकर पूरी तरह सतर्क है। स्पष्ट किया कि मातम के दौरान किसी भी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र का प्रयोग प्रतिबंधित रहेगा और ताजिया की ऊंचाई इतनी न हो कि आवागमन में बाधा उत्पन्न हो।

## सार-संक्षेप

### मादक पदार्थ एवं नशा के खिलाफ छात्रों को किया जागरूक



अपर जिला जज एवं जिला विधिक प्राधिकरण के सचिव अनुपम शौर्य का स्वागत करतीं रायन इंटरनेशनल स्कूल प्रधानाचार्य सदफ खान।

**रायबरेली, अमृत विचार।** जिला विधिक प्राधिकरण की ओर से रायन इंटरनेशनल स्कूल में विधिक जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का उद्घाटन अपर जिला जज एवं जिला विधिक प्राधिकरण के सचिव अनुपम शौर्य ने किया। सबसे पहले अपर जिला जज अनुपम शौर्य का स्वागत प्रधानाचार्या सदफ खान ने पुष्प गुच्छ भेंट कर एवं बैज लगाकर किया। इसके बाद अपर जिला जज ने छात्रों को मादक पदार्थों के सेवन के बुरे प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया। अपर जिला जज ने कहा कि हम सभी लोगों को मादक पदार्थों के बारे में जागरूक होना पड़ेगा, क्योंकि यह पदार्थ शरीर को बहुत हानि पहुंचाते हैं। शराब, धूम्रपान एवं तंबाकू का सेवन मनुष्य के शरीर के लिए बहुत ही घातक है। अगर कोई व्यक्ति इसका प्रयोग लगातार करता है तो उसे कैंसर, हार्ट अटैक और मेमोरी लॉस की बीमारियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि आप सबका दायित्व है कि समाज में लोगों को जागरूक करें, ताकि वह किसी भी प्रकार की नशा और ड्रग्स का सेवन न करें। उन्होंने चार्ट के माध्यम से छात्रों को विस्तार से मादक पदार्थों के बुरे प्रभाव के बारे में समझाया। जिला विधिक प्राधिकरण की ओर से वेद प्रकाश यादव, मनोज कुमार प्रजापति एवं सौम्या मिश्रा ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन छात्रा शांभवी चंद्रा एवं आदित्य ने संयुक्त रूप से किया। धन्यवाद ज्ञापन श्रीवल्ली ने किया। इस अवसर पर दीनानाथ सिंह, अनूप दत्ता, अभिषेक द्विवेदी, कुदसिया फातिमा, महेंद्र मिश्रा, केसी शुक्ला, शाहबाज खान आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

### डीआरएम ने खामियों पर जताई नाराजगी, दिए निर्देश

**रायबरेली, अमृत विचार।** लखनऊ रेल मंडल प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा ने बछरावां और रायबरेली रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान साफ-सफाई के साथ ही पटरियों की स्थिति को भी देखा। खामियों को दूर कराने के लिए मौजूद अफसरों को निर्देशित किया। अपने एक दिवसीय दौरे पर जा रहे ने अपनी टीम के साथ दोपहर 12 बजे के आसपास लखनऊ मंडल के रेल प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा अपनी टीम के साथ बछरावां स्टेशन पर चल रहे कार्यों के निरीक्षण के लिये पहुंचे, जिसमे उन्हें कई कार्यो को मानक के अनुरूप ना पाकर जिम्मेदारों को इसके लिये खूब फटकार लगाई। प्लेटफार्म के ऊपर लग रहे तीन शेड का कार्य, स्टेशन के सौंदर्यीकरण का कार्य हो या फिर स्टेशन परिसर में बन रहे तकनीकी कक्ष का निर्माण कार्य आदि को देखा। उन्हें जहाँ भी कमियां दिखी संबंधित लोगो को इसको लेकर आगाह वह ठीक कराने के लिये कहाँ इस मौके पर बछरावां स्टेशन मास्टर विनोद कुमार और स्टेशन आरपीएफ चौकी इंचार्ज एसके शर्मा मौजूद रहे।इसके बाद डीआरएम रायबरेली रेलवे स्टेशन पहुंचे। यहां पर प्लेटफार्म की साफ-सफाई को देखा। वहीं चिकित्सालय के बारे में जानकारी ली। रेलवे पटरियों को देखा। खामियां मिलने पर दूर कराने के निर्देश दिए।

### शॉर्ट सर्किट से टेंट हाउस के गोदाम में लगी आग

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** कस्बा क्षेत्र के रानी का पुरवा स्थित दुर्गा टेंट हाउस के गोदाम में गुरुवार तड़के भीषण आग लग गई। आग ने कुछ ही देर में पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे टेंट हाउस में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। आंकड़े के मुताबिक करीब 25 लाख रुपये कीमत का टेंट जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता और मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है।

### हर दिन योग के लिए पहुंच रहे लोग

**रायबरेली।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के बाद अधिकतर पार्कों और सार्वजनिक स्थलों से योगाभ्यास की गतिविधियां लगभग नगण्य हो गई हैं। वहीं मातृभूमि सेवा मिशन की ओर से लगातार आयोजन किया जा रहा है। संस्था के जिला संयोजक प्रदीप पांडेय बताते कि यह योग सेवा अभियान संस्था के संस्थापक और प्रेरणा स्रोत डॉ. श्रीप्रकाश मिश्र के मार्गदर्शन में संचालित हो रहा है। रायबरेली शहर में यह नि:शुल्क योग शिविर सई नदी तट स्थित शहीद स्मारक स्थल राणा बेनी माधव बख्श सिंह पार्क में प्रतिदिन प्रात:काल आयोजित होता है। अब यह अभियान अपने चौथे वर्ष में प्रवेश कर चुका है। गुरुवार को संस्था के जिला अध्यक्ष एवं वरिष्ठ योगाचार्य बृजमोहन और योग प्रशिक्षिका सोनम गुप्ता के नेतृत्व में सामूहिक योग सत्र का आयोजन किया गया। इकाई के जिला अध्यक्ष योगाचार्य बृजमोहन ने साधकों को विभिन्न आसनों, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया। जिला संरक्षक एवं समाजसेवी महेंद्र अग्रवाल ने कहा कि जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्यशील सिंह के प्रयास से पार्क का सौंदर्यीकरण कार्य कराया गया जो अत्यंत सराहनीय है। पार्क में पांच माह से खराब सबमर्शिबल पर प्रदीप पांडेय ने नए सबमर्शिबल लगाने की बात कही।

### जिले में तीन लाख पशुओं के टीकाकरण का लक्ष्य



गोपाल कृष्ण शुक्ला जिला पशु चिकित्सा अधिकारी।

**अमेठी अमृत विचार।** अमेठी में पशुओं को मुंहपका खुरपका रोग से बचाने हेतु राज्य सरकार द्वारा विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। राज्य सरकार ने अमेठी जनपद में तीन लाख पशुओं के टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया है। अब तक तकरीबन एक लाख 27 हजार पशुओं का टीकाकरण सफलतापूर्वक पूरा किया जा चुका है। वर्तमान में महज 11 पशु चिकित्सकों के ऊपर जनपद में इस व लक्ष्य को पूरी करने की ज़िम्मेदारी है, जो अपनी टीमों के साथ गांव-गांव जाकर टीकाकरण कार्य कर रहे हैं। जिला पशु चिकित्सा अधिकारी गोपाल कृष्ण शुक्ला ने बताया कि गलाघोंटू रोग अत्यंत संक्रामक होता है, जो पशुओं के स्वास्थ्य और दुग्ध उत्पादन पर गंभीर असर डालता है। ऐसे में यह टीकाकरण बेहद जरूरी है। पशुपालकों को जागरूक करने के लिए विभाग की ओर से प्रचार-प्रसार, ग्राम पंचायत स्तर पर कैंप और व्यक्तिगत संपर्क के माध्यम से भी जानकारी दी जा रही है।

### राष्ट्रीय अंडर-18 कबड्डी चैम्पियनशिप में अभिषेक का चयन



**अमेठी अमृत विचार।** जिले के लिए गर्व की बात है कि अमेठी के युवा खिलाड़ी अभिषेक सिंह का चयन प्रथम अंडर-18 बालक राष्ट्रीय कबड्डी चैम्पियनशिप के लिए उत्तर प्रदेश टीम में किया गया है। यह प्रतियोगिता 28 जून से 1 जुलाई 2025 तक उत्तराखंड के हरिद्वार में आयोजित की जाएगी जिला खेल कार्यालय, अमेठी के उपक्रीड़ाधिकारी शमीम अहमद ने जानकारी देते हुए बताया कि अभिषेक सिंह, जो कि आवासीय बालक क्रीड़ा छात्रावास कबड्डी अमेठी के छात्र हैं, ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर प्रदेश टीम में जगह बनाई है।

### डीएम व एसपी से निर्माणाधीन इमामबाड़े को हटाने की मांग



निर्माणाधीन इमामबाड़ा को हटाने की मांग को लेकर एसपी से मिलने पहुंचे आरएसएस और भाजपा पदाधिकारी। अमृत विचार

**रायबरेली, अमृत विचार।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक से मिलकर कोतवाली लालगंज और डलमऊ तहसील के अंतर्गत ऐहार गांव में पीडब्ल्यूडी की भूमि पर संप्रदाय विशेष के द्वारा निर्माणाधीन इमामबाड़ा को हटाए जाने की मांग की है। ज्ञापन सौपने के दौरान भाजपा नेता जेपी सिंह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के धर्म जागरण जिला सहसंयोजक सुशील शुक्ला, लक्ष्मी शंकर तिवारी ,धीरेंद्र मिश्रा, चंदन त्रिवेदी ,अवनीश पांडे, विकास तिवारी, आयुष पांडे, दीपू तिवारी, रिशु शुक्ला, गोलू तिवारी, कपिल देव, अतुल कुमार, प्रखर शुक्ला, शिवांशु सिंह, कमलाकांत शुक्ला, अवनीश पांडे, आदर्श बाजपेई आदि मौजूद थे।

# मेड़ के विवाद में किसान की फावड़ा मारकर हत्या

**अमावां, रायबरेली , अमृत विचार।** मिल एरिया थाना क्षेत्र के एक गांव में गुरुवार की दोपहर मेड़ बांधने को लेकर हुए विवाद में दबंगों ने किसान पर फावड़े से हमला कर दिया। दबंगों ने ताबड़तोड़ कई वार करके किसान को मरणासन्न कर दिया। परिजनों ने घायल किसान को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर पुलिस ने हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है। बवाल होने की आशंका को देखते हुए गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

मिल एरिया थाना क्षेत्र के जमालपुर करौंदी गांव निवासी जगप्रसाद गुरुवार की दोपहर अपने खेत में मेड़ की बंधाई कर रहा था। बताते है कि तभी गांव का ही राम गोपाल अपने लड़के के साथ खेत पर पहुंच गया और मेड़ बांधने से मना करने लगा। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच गाली गलौज शुरू हो गई। मामला इतना बढ़ गया कि रामगोपाल ने अपने बेटे सौरभ समेत अन्य लोगों के साथ जग प्रसाद पर हमला कर दिया। तभी जगप्रसाद का लड़का इंद्रेश कुमार (38) भी मौके पर पहुंच गया। पिता को बचाने का प्रयास किया। इस पर हमलावर हुए दबंगों ने इंद्रेश के सिर पर फावड़े से कई वार कर मरणासन्न कर दिया। इसके बाद मौके से फरार हो गए। जग प्रसाद ने परिजनों के इंद्रेश को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान देर शाम मौत हो गई। मौत की सूचना पाकर हरकत में आई पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। जांच पड़ताल जारी है। मिल एरिया थानाध्यक्ष राजीव सिंह का कहना है कि मामले में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## थानाध्यक्ष पर कार्रवाई के बाद टूटी नींद, हटवाया अतिक्रमण

**बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार।** कस्बे में राष्ट्रीय राजमार्ग समेत अन्य मार्गों पर अतिक्रमण के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं व जाम लगा रहता है। अभी कुछ दिन पूर्व चौराहे पर जाम के कारण ही बछरावां प्रभारी निरीक्षक के ऊपर पुलिस अधीक्षक द्वारा कार्यवाही की गई। जिसको लेकर आज प्रशासन हरकत में आया और नगर पंचायत, पुलिस प्रशासन व तहसील प्रशासन बुलडोजर के साथ राजमार्ग पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। वहीं इसके साथ ही साथ अतिक्रमणकारियों को चेतावनी दी गई कि अगर दोबारा उनके द्वारा आक्रमण किया गया तो कानूनी कार्रवाई करके उनको पाबंद किया जाएगा। अतिक्रमण हटाने के दौरान प्रशासन में स्थाई निर्माण को बुलडोजर से ध्वस्त करके अतिक्रमणकारियों को कठोर चेतावनी की दी गयीइस मौके पर नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी राम आशीष वर्मा, वरिष्ठ लिपिक अशोक कुमार वर्मा, बछरावां थाना से निरीक्षक सुरेंद्र कुमार भारी संख्या में पुलिस फोर्स के साथ, लेखपाल संदीप सिंह, अंतरिक्ष कुमार मौजूद रहे। इसके साथ ही साथ नगर पंचायत कर्मी मनोज कुमार, सर्वेश कुमार उर्फ मंशू, बंसीलाल, सौरभ कुमार मौजूद रहे।

# अभिभावकों को बहका रहे अधिकारी, शिक्षक पर बना रहे दबाव: वीरेंद्र सिंह

**संवाददाता, रायबरेली**

**अमृत विचार।** परिषदीय विद्यालयों को मर्जर कराने में अभिभावकों के न चाहने के बाद भी अधिकारी जबरदस्ती ही पेयरिंग करा दे रहे हैं। अधिकारियों की मनमानी व एसएमसी की सहमति के बिना ही विद्यालयों की पेयरिंग किए जाने के खिलाफ गुरुवार को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने बीएसए को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने कहा कि अधिकारियों की मनमानी पर अगर रोक न लगाई गई तो फिर संगठन धरना-प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगा।

संघ के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि अभिभावकों से सहमति लेने के लिए अधिकारी तरह-तरह के बहाने बना रहे हैं। कोई अधिकारी अभिभावकों से यह कह रहा है कि आपके बच्चों के लिए गांवों से ले जाने के लिए गाड़ी लगाई जाएगी तो कोई कह रहा है कि गांव में अब तीन साल से छह साल के बच्चे पढ़ाएं जाएंगे जबकि हकीकत में अभी कुछ नहीं है। विद्यालय प्रबंध समितियों के न चाहने के बाद भी अधिकारी जबरदस्ती ही विद्यालयों को मर्जर कर दे रहे हैं। पूर्व शिक्षक नेता गणेश बक्श सिंह ने कहा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू होने से प्रत्येक गांव में स्कूल स्थापित हुए और शिक्षा प्रत्येक बच्चे को अनिवार्य रूप से सुलभ हो गई।कार्यकारी अधिकारी संजय सिंह, संगठन मंत्री मधुकर सिंह और संयुक्त मंत्री हरिमोहन यादव ने कहा कि प्रमुख सचिव ने आदेश जारी करके युग्मन से पूर्व जनसमुदाय, स्थानीय प्राधिकारी तथा शिक्षक संघ से संवाद स्थापित कर सहमति प्राप्त होने पर ही युग्मन/मर्जर प्रक्रिया आरम्भ की जाए, लेकिन बीईओ ने किसी प्रकार का संवाद स्थापित करना आवश्यक समझा है।

शिक्षक नेता अनुराग मिश्रा, वेद प्रकाश यादव, दिनेश प्रताप सिंह, वीरेंद्र चौधरी, शशिदेवी,अनूप सिंह, बृजेन्द्र कुमार और अवनीश सिंह, जयकरन, राकेश गौतम ने कहा कि मान्यता प्राप्त और गैर मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों का संचालन हो रहा है, जो परिषदीय विद्यालयों में नामांकन कम होने का सबसे प्रमुख कारण है। इस मौके पर वीरेंद्र सिंह, रामेश्वर नाथ, दिलीप चौधरी, जय सिंह, अमित मिश्रा, प्रतिमा सिंह, मीना तिवारी, वंदना पाण्डेय, सुरेश यादव, सतीश चौरसिया, सन्तन श्रीमौली, संतोष सिंह, हेमलता, प्रभा गुप्ता, पंकज सिंह, राजेंद्र, रामभरत, रमेश, वरूणेंद्र सिंह, कमलेश यादव आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# महिलाओं को वितरित किए बेबी किट

**महराजगंज, रायबरेली**



हैप्पी बेबी किट वितरण के दौरान महिलाओं के साथ राज्य महिला आयोग की सदस्य पूनम द्विवेदी।

**अमृत विचार।** राज्य महिला आयोग सदस्य पूनम द्विवेदी ने गुरुवार को ब्लाक सभागार में महिला स्वयं सहायता समूह की पदाधिकारी, महिला कृषि मित्र, मनरेगा में काम कर रही महिला मेट और बैंक सखी आदि के साथ संवाद किया। इस दौरान उन्होंने महिला उत्पीडन, स्वयं सहायता समूहों द्वारा रोजगार सृजन, पशुपालन, बकरी पालन, सहित अन्य रोजगार के माध्यमों से आत्मनिर्भरता पर समीक्षा किया। ब्लाक सभागार में कार्यक्रम के बाद वे सीएचसी पहुंची, जहां अप्रैल से अब तक जन्मी तीन माह तक की बच्चियों के जन्मोत्सव कार्यक्रम में 36 कन्याओं की धात्री माताओं को हैप्पी बेबी किट का वितरण किया।

इससे पहले उन्होंने ब्लाक सभागार जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को महिलाओं से जुड़े मामलों पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप महिलाओं को त्वरित न्याय व आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि महिलाएं खुद को सुरक्षित महसूस कर सकें। धात्री महिलाओं को किट वितरण के दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के लिए चलाई जा रही योजनाएं पारदर्शिता के साथ सुचारू रूप से लागू हैं। योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही मिलने पर संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सुधा अवस्थी, महामंत्री महिला मोर्चा रश्मि पासी, खण्ड विकास अधिकारी वर्षा सिंह, डॉ रोमा परवीन, पूर्व ब्लाक प्रमुख सत्येन्द्र सिंह, श्वेता सिंह, सूर्य प्रकाश वर्मा, विवेक पांडेय आदि मौजूद रहे।

# आकाशीय बिजली की चपेट में आने से किशोर की मौत

**जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के सराय श्री बक्श गांव में एक किशोर आकाशीय बिजली की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बुधवार की शाम साहित्य उर्फ सक्षम पुत्र शिव सिंह (16) निवासी सराय श्री बक्श अपने ही गांव के सिद्धेश्वर मंदिर में दर्शन करने गया था। वापस लौटते समय कनपुरिया बाग में महुआ के पेड़ के नीचे आकाशीय बिजली की चपेट में आ गया, जिससे वही गिर गया। देर रात घर वापस न आने पर परिजनों ने काफी खोजबीन किया, लेकिन कुछ पता नहीं चला। सुबह साहित्य का शव कनपुरिया बाग में मिला है। साहित्य के नाना हरि नारायण सिंह ने बताया कि वह दर्शन करने गया था। रात भर काफी खोजबीन के बाद बाग में शव मिला। इसकी सूचना राजस्व व पुलिस को दी गई । जगतपुर थानेदार अजय कुमार राय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

### ननिहाल में रहता था साहित्य

साहित्य बचपन से ही अपने ननिहाल सराय श्रीबक्श में रहता था। उसका मूल निवास बांदा जिले में है। मौत के बाद उनके पिता शिव सिंह व मां बिटटी देवी का रो रोकर बुरा हाल है। साहित्य के मौत के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है।

## एसडीएम ने की पीस कमेटी की बैठक

**महराजगंज, रायबरेली।** आगामी त्योहारों में शांति व्यवस्था कायम रखने एवं उपद्रवियों पर कड़ी नजर रखने के लिए गुरुवार को महराजगंज कोतवाली में एसडीएम सचिन यादव की अध्यक्षता में तो वहीं चंदापुर थाने में थाना प्रभारी प्रशांत द्विवेदी की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। पीस कमेटी की बैठक में क्षेत्र के ग्राम प्रधानों एवं प्रबुद्ध वर्ग के लोगों ने शिरकत की। पीस कमेटी की अध्यक्षता कर रहे एसडीएम से महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के कोटवा मदनिया गांव निवासी अरविंद कुमार ने शिकायत की। जिसका मौके पर निस्तारण करा दिया गया। एसडीएम श्री यादव ने कहा कि जहां सावन के महीने में कांवड़ यात्राए निकाली जाती है, तो वहीं मोहर्रम में भी ताजिया रखकर जुलूस निकाले जाते है। ऐसे में शांति व्यवस्था कायम रहनी चाहिए। उन्होंने जनप्रतिनिधियों एवं मुस्लिम समुदाय के लोगों से त्योहारों में किए जाने वाले क्रिया कलापों की जानकारी ली और निर्देश दिए कि किसी समुदाय द्वारा कोई नई परंपरा का आयोजन नहीं किया जाएगा। इस दौरान जनप्रतिनिधि, थाने के पुलिस कर्मी समेत अन्य लोग भी मौजूद रहे।

## एक नजर

### बाढ़ जैसी आपदाओं से निपटने का किया गया अभ्यास

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी (वि. रा.) अमृता सिंह के कुशलमार्ग दर्शन एवं उपजिलाधिकारी डलमऊ अहमद फरीद खान के नेतृत्व में गुरुवार को तहसील डलमऊ में बाढ़ आपदा पर राज्यस्तरीय माक एक्सरसाइज-2025 का आयोजन किया गया। इस आयोजन के द्वारा बाढ़ जैसी आपदाओं के समय प्रशासनिक तैयारियों एवं प्रतिक्रिया को परखना था। मॉक एक्सरसाइज में बाढ़ जैसी आपदाओं के समय प्रभावी प्रबन्धन और बचाव कार्यो का अभ्यास किया गया। तहसील प्रशासन ने अपनी तैयारियों को प्रदर्शन किया और आपदा के समय तेजी से प्रतिक्रिया देने की क्षमता का परीक्षण किया। मॉक एक्सरससाइज का उद्देश्य बाढ़ जैसी आपदाओं के समय प्रभावी प्रबंधन और बचाव कार्य को सुनिश्चित करना। प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों को आपदा प्रबंधन क्षमता का विकास करना। स्थानीय समुदाय में आपदा प्रबंधन और बचाव कार्यो के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस अवसर पर सीओ अरूण कुमार, तहसीलदार डलमऊ उमेश चंद्र सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पूर्व शिक्षक को भेंट की राम चरित मानस

**लालगंज, रायबरेली।** समाजसेवी और आरएसएस के धर्म जागरण खंड सह संयोजक चंदन त्रिवेदी ने पूर्व शिक्षक धीरेंद्र मिश्रा उर्फ बीनू को रामचरितमानस भेंट कर सनातन धर्म को मजबूत करने का काम किया है। वही जन-जन तक रामायण पहुंचने का बीड़ा उठाने वाले चंदन त्रिवेदी ने कहा कि प्रत्येक हिंदू धर्म के व्यक्ति को रामायण पढ़नी चाहिए। इस अवसर पर सुशील शुक्ला, लक्ष्मी शंकर तिवारी, धीरेंद्र मिश्रा, अखिलेश पांडे, गोविंद अवस्थी, चंदन त्रिवेदी, अवनीश पांडे, विकास तिवारी, आयुष पांडे, दीपू तिवारी, रिशु शुक्ला, गोलू तिवारी, कपिल देव, अतुल कुमार, प्रखर शुक्ला, शिवांशु सिंह, कमलाकांत शुक्ला, अवनीश पांडे, आदर्श बाजपेई आदि लोग मौजूद रहे।

### डॉ. भीमराव आंबेडकर की मूर्ति तोड़ने से तनाव

**लालगंज, रायबरेली।** कोतवाली लालगंज क्षेत्र के बिलौली मजरे पलिया बिरसिंहपुर गांव में अंबेडकर पार्क के नाम जमीन आरक्षित है। वहीं पर लोगों ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मूर्ति लगा रखी थी। जिसे गुरुवार को अराजक तत्वों ने तोड़ दिया। डॉ. अंबेडकर की मूर्ति तोड़े जाने से जहां उनके अनुयायियों में आक्रोश व्याप्त हो गया वहीं प्रशासन में भी हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने लोगों को समझा बुझाकर शांत किया और मूर्ति लगाने काआश्वासन दिया। प्रशासन के द्वारा मूर्ति लगवाने की व्यवस्था की जा रही है। अंबेडकर की मूर्ति तोड़े जाने के मामले में भीम आर्मी और बसपा के कार्यकर्ताओं ने प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा है।

# प्रसूता की मौत पर परिजनों ने अस्पताल में किया हंगामा

## चिकित्सक और स्टाफ पर लापरवाही का आरोप



अस्पताल परिसर में हंगामा करते परिजन व ग्रामीण। अमृत विचार

संवाददाता सलोन, रायबरेली

**अमृत विचार।** कस्बे के एक निजी अस्पताल में प्रसव के बाद महिला की मौत हो गई। वहीं नवजात बच्चे की नाजुक हालत होने पर परिजनों ने रायबरेली में भर्ती कराया। महिला की मौत से आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल के स्टॉफ और डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। मामले की भनक मिलते ही पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंच गई। अस्पताल पर कार्रवाई की मांग पर अड़े परिजनों ने शव को ले जाने से मना कर दिया। मौके पर तनाव की स्थिति को देखते हुए भारी पुलिस बल बुला लिया गया। घटना के बाद अस्पताल संचालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने जांच के बाद प्रसूता के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि आशा बहू ने कमीशन के लालच में प्रसूता को सीएचसी सलोन के बजाये निजी अस्पताल में भर्ती कराया था।

कोतवाली क्षेत्र के ललापुर मजरे वीरभानपुर निवासी शिव शंकर की पत्नी अर्चना वर्मा को 24 जून की दोपहर तेज प्रसव पीड़ा शुरू हुई थी, जिसके बाद परिजनों ने आशा बहू को सूचित किया। अर्चना को लेकर आशा बहू तुरंत करहिया सेंटर पहुंची। यहां उसकी हालत को देखते हुए जिला अस्पताल ले जाने की सलाह दी। परिजनों का आरोप है कि आशा बहू ने जिला अस्पताल ले जाने के बजाय अर्चना को सलोन कस्बे के लालापुर नहर पर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया। वहां पर अर्चना को भर्ती करने के बाद ऑपरेशन से प्रसव कराया गया। इस दौरान जच्चा-बच्चा की हालत बिगड़ने लगी। आनन-फानन में परिजनों बच्चे को जिला अस्पताल ले जाकर आईसीयू में भर्ती कराया। वही बुधवार की शाम प्रसूता की मौत हो गई। इस पर परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया।

### मृत अवस्था में महिला को रेफर करने का आरोप

आरोप है कि डॉक्टरों और अस्पताल संचालक ने महिला की मौत के बाद उसे रेफर कर दिया था। इसका पता उन्हे तब चला जब वे दूसरे अस्पताल में महिला का इलाज कराने पहुंचे। वहां पर चिकित्सक ने देखते ही महिला को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन पुन: निजी अस्पताल के बाहर पहुंच गए और शव रखकर हंगामा करने लगे। परिजनों ने आरोप लगाया कि आशा बहू ने कमीशन के चक्कर मे महिला को निजी अस्पताल में भर्ती कराया था।

> घटना जानकारी में है। मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी दोषी मिलेगा, उसके खिलाफ केस दर्ज कराया जाएगा।
>
> -अमित सिंह, अधीक्षक सीएचसी सलोन

# विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी, तीन पर केस दर्ज

ऊंचाहार, रायबरेली

### जांच

- कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने की कार्रवाई, प्रयागराज जिले के रहने वाले हैं आरोपी
- धोखाधड़ी करीब पांच साल पहले वर्ष 2019 में हुई थी
- धोखाधड़ी और दो लाख 35 हजार रुपये हड़पने का मामला

**अमृत विचार।** विदेश भेजकर अच्छे वेतन पर नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी और दो लाख 35 हजार रुपये हड़पने के मामला सामने आया है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इसमें एक महिला समेत तीन लोगों को नामजद किया गया है। तीनों आरोपित प्रयागराज के रहने वाले हैं।

यह धोखाधड़ी करीब पांच साल पहले वर्ष 2019 में हुई थी। कोतवाली क्षेत्र के गांव जसौली निवासी मो चांद का कहना है कि वह कस्बा ऊंचाहार में निवास करता है। प्रयागराज जनपद के कस्बा सराय ममरेज निवासी मो. सादाब और मो. लियाकत हाशमी का ऊंचाहार आना जाना था। जान-पहचान हुई तो दोनों ने उसे विदेश में अच्छे वेतन पर नौकरी, वीजा दिलाने का झांसा देकर एक लाख रुपये अपने खाते में लिए और पचास-पचास हजार रुपये दो किस्तों में एक अन्य व्यक्ति के खाता में लिया गया। इसके बाद मेडिकल कराने के लिए 35 हजार रुपये लियाकत की बीबी फरजाना ने लिया। सारा पैसा लेने के बाद भी इन लोगों ने उसे विदेश नहीं भेजा। उसके बाद उसने इन लोगों से अपना पैसा वापस मांगना शुरू किया। इसके बाद उन लोगों ने बातचीत करना बंद कर दिया। जब काफी दबाव बनाया गया तो यह लोग उसके घर पर चले आए और धमकाया कि अपना पैसा भूल जाइए और कहीं शिकायत मत करना। यदि शिकायत की तो जान से मार दिया जाएगा। पीड़ित ने कोतवाली में और पुलिस अधिकारियों को मामले की शिकायत की, किंतु कहीं से उसे कोई मदद नहीं मिल पाई। इसके बाद उसने न्यायालय की शरण ली। कोतवाल संजय कुमार का कहना है कि मामले में मुकदमा पंजीकृत करके विवेचना की जा रही है। विवेचना के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क दुर्घटना में बिजली कर्मी की मौत, मचा हड़कंप

संवाददाता, अमावां, रायबरेली

**अमृत विचार।** मिल एरिया थाना क्षेत्र में रायबरेली-अयोध्या हाईवे पर गुरुवार की तड़के ड्यूटी से घर लौट रहे एक बिजली कर्मी की बाइक अनियंत्रित हो गई और पुलिया में टक्कर के बाद बाइक समेत खाई में गिरने से उसकी मौत हो गई। सुबह पेट्रोलिंग पर निकले बिजली कर्मियों की नजर पड़ी तो सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम में भेज दिया है।

महाराजगंज कोतवाली क्षेत्र के बैखरा गांव निवासी पंकज उर्फ सोनू 35 वर्ष पुत्र तीरथदीन बिजली विभाग में संविदा पर कार्यरत था। इन दिनों शहर कोतवाली क्षेत्र के आचार्य द्विवेदी नगर बिजली घर पर तैनात था। गुरुवार की रात ड्यूटी खत्म होने पर बाइक से अपने घर लौट रहा था, तभी रायबरेली अयोध्या हाईवे पर पूरे पतुरिया गांव के पास तड़के 3:00 बजे उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई और पुलिया में टक्कर के बाद सोनू बाइक समेत गहरी खाई में गिर गया। घटना में उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सुबह विद्युत लाइन की पेट्रोलिंग पर निकले सिधौना बिजली घर के कर्मचारियों की नजर खाई में पड़े शव पर पड़ी तो पहचान के बाद सूचना परिजनों को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम में भेज दिया है। इस संबंध में सब इंस्पेक्टर दिलीप कुमार पासवान ने बताया कि सड़क दुर्घटना में युवक की मौत हुई है। शव पीएम के लिए भेजा गया है जांच पड़ताल की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### नवनिर्वाचित कमेटी का व्यापारियों ने किया स्वागत



श्रीगुरु सिंह सभा नवनिर्वाचित कमेटी के पदाधिकारियों का स्वागत करते व्यापारी।

**रायबरेली, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की ओर से गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत समारोह एक स्थानीय गेस्ट हाऊस में सम्पन्न हुआ। व्यापार मण्डल के प्रान्तीय उपाध्यक्ष बसन्त सिंह बग्गा ने श्री गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष स. हरमन्दर सिंह सलूजा, महामन्त्री सरदार बलबीर सिंह गांधी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सरदार गुरुभेज सिंह सलूजा, कोषाध्यक्ष सरदार गुरमीत सिंह मोंगा का माल्यार्पण एवं अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। साथ ही हर कदम पर सहयोग करने का आश्वासन दिया गया। प्रदेश संगठन मन्त्री मुकेश रस्तोगी ने नवनियुक्त कार्यकारिणी को बधाई दी। प्रेमनाथ गुप्ता, घनश्याम गुप्ता, आशु श्रीवास्तव, गोलू पाण्डेय, सत्यांशु दुबे सहित तमाम व्यापारियों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन मनोज गुप्ता द्वारा किया गया। इस मौके पर गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष सरदार हरमन्दर सिंह सलूजा ने व्यापार मण्डल के सामाजिक कार्यो की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

### नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे ऊंचाहार विधायक



जगतपुर क्षेत्र में लोगों से जनसंपर्क करते कांग्रेस प्रदेश सचिव अतुल सिंह।

**जगतपुर, रायबरेली।** कांग्रेस प्रदेश सचिव एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अतुल सिंह ने विधानसभा ऊंचाहार के ब्लॉक जगतपुर के मैनहा, हेवतहा नेवाडिया, जमोड़ी, कोड़िया, शंकरपुर आदि गांवों में चौपाल व जनसंपर्क कर लोगों की समस्याएं सुनी। कांग्रेस पार्टी की नीतियों के बारे में लोगों को बताया। कहा कि क्षेत्रीय विधायक के अंदर थोड़ी भी नैतिकता अगर बची है तो इस्तीफा देकर जानता का सामना करे। उन्होंने कहा कि ऊंचाहार की जानता अपनी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। पीने के पानी के लिए जानता परेशान है। बिजली न आने के कारण किसान धान की रोपाई नहीं कर पा रहा है। किसान खाद मांगने जाता है तो लाठी मिलती है। छुट्टा जानवरों से किसान हमारा परेशान है। इस मौके पर पूर्व डिप्टी एसपी आरएन गौतम, रामदत्त पांडे, राज मोहन सिंह, जगदीश कुरील, देवनाथ सरोज, डॉ कुलदीप, रवि श्रीवास्तव, भीम सिंह, राम बहादुर यादव, रवि सिंह, सतीश सिंह, सुबोध यादव, शिव प्रकाश रावत आदि मौजूद रहे।

### किसुनी सराय को एमएलसी निधि से मिली सीसी रोड



किसुनी सराय गांव में सीसी रोड का भूमि पूजन करती जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी और मौजूद ग्रामीण।

ऊंचाहार, रायबरेली। प्रदेश के उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने अपने एमएलसी निधि से क्षेत्र के किसुनी सराय गांव को 11.50 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सीसी रोड की सौगात दी है। गुरुवार को जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी ने इस रोड का भूमि पूजन किया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि उद्यान मंत्री लगातार जिले के विकास और लोगों के कल्याण के लिए काम कर रहे है। उन्होंने गंगा के कटरी से जुड़े किसुनी सराय गांव को सीसी रोड की सौगात देकर क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत दी है। इस मार्ग का निर्माण कुशल का पुरवा पक्की सड़क से किसुनी सराय गांव तक कराया जाएगा। इससे न सिर्फ किसुनी सराय गांव के लोग लाभान्वित होंगे अपितु आसपास के दर्जनों गांवों के लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। इस मौके पर प्रधान सुमित्रा देवी, पूर्व प्रधान बृजेश यादव, शिव पूजन पांडेय, भूपेंद्र तिवारी, जगमोहन पासवान, रज्जन पासवान, छोटेलाल, विजय गौतम, क्षेत्र पंचायत सदस्य संजू आदि मौजूद रहे।

### ब्लैक स्पाटों को चिह्नित कर सड़कों की कराए मरम्मत

**रायबरेली, अमृत विचार।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक बचत भवन स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। बैठक में डीएम हर्षिता माथुर ने सभी चौराहों पर हुए अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जानकारी ली। एनएचआई के निर्माणाधीन कार्यों के संबंध में जानकारी लेते हुए कहा कि समय से सभी कार्य पूर्ण करा लिए जाए। रोड डायवर्जन के समय सुरक्षा का पूरा ख्याल रखा जाए। बारिश के मौसम में ब्लैक स्पॉटों को चिन्हित कर सड़कों की समय से मरम्मत कर ली जाए जिससे दुर्घटनाओं को रोका जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि स्पीड ब्रेकरों का निर्माण करते समय मानकों का पूरा ख्याल रखा जाए। उन्होंने कहा कि मुख्य सड़कों के अलावा सर्विस रोड की भी मरम्मत कराई जाए। प्रस्तावित आरओबी के अंतर्गत निर्माणाधीन कार्य तय समय तक हर हाल में पूर्ण करा लें। उन्होंने निर्देश दिया कि ओवर लोडिंग वाहनों की समय-समय पर चेकिंग की जाए। हिट एवं रन मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जाए और प्रभावित को शीघ्र मुआवजा उपलब्ध कराया जाए। पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह ने यातायात व्यवस्था के साथ को बेहतर संचालन के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी (वि/रा) अमृता सिंह, ईओ नगर पालिका स्वर्ण सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

### भाजपा नेता ने लोकतंत्र सेनानी को किया सम्मानित



लोकतंत्र सेनानी राधा किशन तिवारी को सम्मानित करते अनूप पांडे

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** आपातकाल में कांग्रेस सरकार के द्वारा जेल भेजे गए और राष्ट्र के लिए यातना सहने वाले पूरे बैजू बेहटा कला निवासी 90 वर्षीय राधा कृष्ण तिवारी को सम्मानित कर सराहनीय कार्य किया है। अपने आवास पर ही सम्मानित होने पर लोकतंत्र सेनानी श्री तिवारी ने कहा कि घर पहुंच कर सम्मानित करना निश्चित रूप से बहुत ही बड़ी बात है और उन्हें बहुत ही प्रसन्नता हुई है। भाजपा नेता अनूप पांडे ने बताया कि राधा कृष्ण तिवारी भी उनके स्वर्गीय पिता पूर्व मंत्री गिरीश नारायण पांडे के साथ 1975 में आपातकाल के दौरान जेल गए थे। लोकतंत्र सेनानी को सम्मानित करना गौरव की बात है। वास्तव में वृद्धावस्था के चलते श्री तिवारी रायबरेली नहीं जा पाए थे जिसके चलते अनूप पांडे, सुशील शुक्ला और रबिनंदन सिंह चौहान ने उनके आवास पर पहुंचकर उन्हें अंगवस्त्र और माल्यार्पण कर जहां सम्मानित किया। वहीं मिष्ठान भीभेंट किया।

# मुहर्रम का चांद नजर आते ही टूट गईं चूड़ियां, बदल गए परिधान

ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार।** शिया समुदाय के लिए गुरुवार का चांद गम और मातम का पैग़ाम लेकर आया है। मुस्लिम कैलेंडर का पहला महीना मुहर्रम शुक्रवार से शुरू होगा। कर्बला में हजरत इमाम हुसैन की साथियों के साथ शहादत की याद दिलाने वाला यह महीना शिया समुदाय के लिए दुःख और क्षोभ का महीना है। गुरुवार की शाम यह ऐसा चांद था जिसने शिया समुदाय के हर घर को मातम में डूबो दिया है। महिलाओं ने अपने हाथ की चूड़ियां तोड़ दी, सारे श्रृंगार मिटा दिए , गम का प्रतीक परिधान धारण कर लिए और हर आंख हजरत इमाम हुसैन की याद में डूब गई।

गुरुवार शाम को चांद निकलते ही शुक्रवार से मुहर्रम का आगाज तय हो गया है। मुहर्रम महीने के चांद के दीदार के साथ शिया समुदाय की महिलाओं ने चूड़ियां तोड़ दी, सारे श्रृंगार मिटा दिए। महिलाओं के साथ पुरुषों ने भी रंग बिरंगे परिधान त्यागकर गम का प्रतीक काले परिधान को धारण कर लिया है। इस मौके पर अशरफ हुसैन असद, राहिल नकवी, रेहान हैदर, हसनैन मुस्फाबादी, नाजिर हैदर राशिद, सरकार, मोनू, तुराब अख्तर राज हैदर, शोएब हैदर, जैन नक़वी और आसिफ समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए करें कार्रवाई

संवाददाता, रायबरेली




जिला स्तरीय एनकार्ड समिति की बैठक में मौजूद अधिकारीगण।

**अमृत विचार।** नशीले पदार्थो की तस्करी एवं प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री की रोकथाम के लिए जिला स्तरीय एनकोर्ड समिति की बैठक बचत भवन स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने नशीली दवाओं एवं ड्रग के दुरुपयोग को रोकने, जिले में अफीम या भांग की फसल की अवैध खेती एवं भंडार, संलिप्त लोगों का व्यपवर्तन, प्रतिबंधित दवाओं के दुरुपयोग व तस्करी पर कड़े कदम उठाने की बात कही। डीएम ने इस संबंध में किए जाने वाले कार्यवाही की जानकारी लेते हुए अवैध तरीके से अफीम के उत्पादन होने की संभावना पर निगरानी रखने, ड्रग व नशीले पदार्थों की तस्करी को रोकने एवं कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने संवेदनशील क्षेत्रों/अतिसंवेदनशील स्थानों की पहचान करने व नशीले पदार्थो के अवैध व्यवसाय को रोकने के लिए साइकोट्रोपिक दवाओं की बिक्री और खरीद पर निगरानी, मेडिकल स्टोर्स द्वारा प्रिस्क्रिप्शन के बिना दवाओं की अवैध बिक्री पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

शिक्षा विभाग एवं उच्च शिक्षा विभाग के संबंधित अधिकारियों को स्कूल/कालेजों में नशा मुक्ति अभियान चलाए जाने, नशीली दवाओं के दुरुपयोग के दुष्प्रभाव से विद्यार्थियों को समझाने, स्कूल/कॉलेज परिसर और आस-पास नशा विरोधी रैली व जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कराने को कहा। बैठक में एडीएम (वि/रा) अमृता सिंह, जिला आबकारी अधिकारी दिनेश कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र सिंह,जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी, एसीएमओ अरविंद यादव आदि उपस्थित रहे।

# छत्रपति शाहू जी महाराज की जयंती पर निकाली बाइक रैली

शिवगढ़, रायबरेली



छत्रपति शाहू जी महाराज की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोग।

**अमृत विचार।** क्षेत्र के चन्दापुर मजरे गूढ़ा में गुरुवार को छत्रपति शाहू जी महाराज की जयंती बड़े ही हर्षोल्लासपूर्वक मनाई गई। बौद्ध उपासकों द्वारा चन्दापुर रोड स्थित आरवी ट्रेडर्स परिसर से छत्रपति शाहू जी महाराज की प्रतिमा स्थल तक मोटरसाइकिल यात्रा निकाली गई। यात्रा का नेतृत्व आलोक बौद्ध एवं मनोज कुमार रावत ने किया। प्रतिमा स्थल पहुंचकर उपस्थित जनसमूह ने शाहू जी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम की शुरुआत पुष्पांजलि एवं कैंडल जलाकर की गई। वरिष्ठ शिक्षक सुरेंद्र वर्मा, गया प्रसाद वर्मा, मनोज कुमार रावत, आलोक बौद्ध, सोनू, अमरीश दीवाना आदि वक्ताओं ने कहा कि छत्रपति शाहू जी महाराज ने समाज में शिक्षा और समानता को बढ़ावा देने के लिए जीवन भर संघर्ष किया। उनका जीवन आज भी हम सबके लिए प्रेरणा का स्रोत है। समाज को जागरूक करना और उनके आदर्शों को आत्मसात करना आज की आवश्यकता है। इस मौके पर सपा नेता श्रवण कुमार, मोहित विक्रम,जगजीवन भारती, रोहित गौतम, कत्यानी दत्त, संतोष कुमार, संदीप विद्यार्थी, नीरज अम्बेडकर आदि मौजूद रहे। सभी ने शाहू जी महाराज के सिद्धांतों को अपनाने का संकल्प लिया।



गौशाला का निरीक्षण करती बीडीओ वर्षा सिंह। अमृत विचार

# बीडीओ ने गौशाला का किया औचक निरीक्षण

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह ने कुसमहुरा गौशाला का औचक निरीक्षण किया। बीडीओ ने केयर टेकरों को गोवंशों के लिए बनी पानी टंकी की सफाई के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने पशुओं के चारा, स्वास्थ्य व गर्मी में पर्याप्त मात्रा में पशुओं को पानी पिलाने की व्यवस्था आदि को देखा। साथ ही बेहतर तरीके से संचालन करने को कहा।उन्होंने निरीक्षण के दौरान भूसा गोदाम को भी देखा। उन्होंने बारिश में नियमित साफ सफाई के निर्देश देते हुए कहा कि बारिश में गंदगी से गौवंशो में तमाम तरह की बीमारियों के फैलने का भय रहता है। इसलिए साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है।

# गौशालाओं की स्थिति बेहतर बनाने पर चर्चा

**लालगंज, रायबरेली।** उप जिलाधिकारी मिथिलेश त्रिपाठी के निर्देश पर नायब तहसीलदार शंभू शरण पांडे की अध्यक्षता में तहसील क्षेत्र की गौशालाओं की स्थिति बेहतर बनाने के लिए विभिन्न विभागों की संयुक्त बैठक हुई। नायब तहसीलदार ने बताया कि सिंघौर तारा, उमरापुर, कोड़रा सहित अन्य गौशालाओं की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। बरसात के मद्देनजर सभी खंड विकास अधिकारियों को जलभराव की समस्या से निपटने के लिए गौशालाओं में राबिस डलवाने के निर्देश दिए गए। वहीं वन विभाग को गौशाला में वृक्षारोपण को कहा गया। किसानो की मांग के मद्देनजर दूलापुर में अस्थाई गौशाला के लिए भूमि चिन्हित करने का प्रस्ताव भी किया गया। इस मौके पर सुधाकर सिंह, अशोक यादव, आयुष कुमार, विनय निर्मल, रामाशीष, अजय कुमार, शैलेंद्र यादव, अजय प्रताप सिंह, डॉ. रामकृष्ण आदि मौजूद रहे।

**खबर का असर** — शंकरपुर माइनर में सिल्ट जमा होने व पानी न आने से परेशान थे किसान

# शंकरपुर माइनर की कराई गई सफाई, आसानी से होगी धान की रोपाई

जगतपुर, रायबरेली



जगतपुर में शंकरपुर माइनर की सफाई करता जेसीबी चालक।


शारदा नहर में पानी न आने से किसानों में धान की रोपाई का संकट

प्रकाशित खबर।



रामेश्वर मौर्य।



रामकिशोर मौर्य।



पंकज सिंह।



रामकिशोर।



पंकज।

**अमृत विचार।** शंकरपुर माइनर में पानी न आने से किसानों को हो रही समस्या अमृत विचार समाचार पत्र में प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद सिंचाई विभाग हरकत में आ गया है। नींद से जागे अफसर ने सुबह जेसीबी से माइनर में जमी शिल्ट की सफाई शुरू करा दी है। माइनर की सफाई से मायूस किसानों के चेहरे खुशी से खिल उठे। जनहित की समस्या उठाने पर सभी ने अमृत विचार को धन्यवाद कहा है।

शारदा सहायक नहर से जगतपुर रजबहा निकला है। जगतपुर रजबहा से शंकरपुर माइनर निकली हुई है। सिंचाई विभाग की उदासीनता के चलते हेड से लगभग एक किलोमीटर तक लंबे समय से शिल्ट जमा होने पर शंकरपुर माइनर में पानी नहीं चढ़ रहा था। जबकि सिंगापुर, भटौली, उड़वा, दौलतपुर, शंकरपुर, पूरब गांव, जगतपुर, उमरी, जमोडी आदि ग्राम पंचायत के किसानों को खेती-पाती करने के लिए यह माइनर पानी का एक मात्र सहारा है। इसके अलावां इसी माइनर से शेरंदाजपुर को निकलने वाली माइनर के पानी से अन्य किसान अपने खेत में फसल तैयार करते हैं। धान की रोपाई का सीजन होने के चलते माइनर में पानी न आने से दिन-ब-दिन किसान मन ही मन काफी दुखी और परेशान थे। किसानों ने क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य राकेश सिंह से मिलकर अपनी पीड़ा सुनाई। सर पर बंधा गमछा, पैरों में लगी मिट्टी और परेशानी से मायूस किसानों के चेहरे देखकर जिला पंचायत सदस्य ने उच्चाधिकारियों से इस समस्या का निस्तारण कराने की शिकायत की थी, लेकिन जिम्मेदारों पूरी तरह से अंजान थे। उनकी यह लापरवाही न सिर्फ धान की रोपाई में रोड़ा बन रही थी, बल्कि किसान की उम्मीद टूटती जा रही थी। दैनिक अमृत विचार ने 26 जून 2025 को शीर्षक 'शारदा नहर में पानी न आने से किसानों में धान की रोपाई का संकट ' प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर प्रकाशित होने के बाद कुंभीकर्णी नींद से जागे सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने 26 जून की सुबह शंकरपुर माइनर में जमा शिल्ट की जेसीबी से सफाई शुरू करा दी। माइनर की सफाई होने से मायूस किसानों के चेहरे खिलखिला गये। किसान रामेश्वर मौर्य, रामकिशोर मौर्य, पंकज सिंह, रामकिशोर, पंकज मोर्य आदि किसानों ने उनकी इस समस्या को उठाने व निस्तारण कराने पर अमृत विचार को थैंक्स कहा। किसानों ने कहा कि माइनर की सफाई हो जाने से अब वह धान की रोपाई आसानी से कर सकेंगे। इस माइनर के सहारे लगभग दो हजार बीघा धान की फसल की रोपाई की जाती है। इस बाबत अवर अभियंता धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि जिला पंचायत सदस्य राकेश सिंह राना की शिकायत पर शंकरपुर माइनर की सफाई शुरू कर दी गई है। हेड से टेल तक पानी पहुंचाया जाएगा। किसानों को धान की रोपाई में पानी की कोई समस्या नहीं रहेगी।

विद्यामदो धनमदस्तृतीयोऽभिजनो मदः ।
मदा एतेऽवलिप्तानामेत एव सतां दमाः ॥

विद्या का अहंकार ,धन –सम्पति का अहंकार ,कुलीनता का अहंकार तथा सेवकों के साथ का अहंकार बुद्धिहीनों का होता है ,सदाचारी तो दमन द्वारा इनमें भी शांति खोज लेते है।

## संपादकीय

# भारत का कड़ा रुख

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को चीन के क़िंगदाओ में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर एक बार फिर साबित कर दिया कि भारत अपनी संप्रभुता और आतंकवाद विरोधी नीति पर कोई समझौता नहीं करेगा। एससीओ संयुक्त बयान में आतंकवाद को लेकर पहलगाम हमले का उल्लेख नहीं किया गया और बलूचिस्तान का ज़िक्र शामिल था। इस पर भारत ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि यह दस्तावेज भारत की आतंकवाद विरोधी नीति को कमजोर करता है। आतंकवाद के दोषियों, वित्तपोषकों व प्रायोजकों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और इससे निपटने में दोहरा मापदंड नहीं अपनाया जाना चाहिए। रक्षा मंत्री ने भारत का पक्ष जिस मजूबती के साथ रखा उसकी सराहना की जानी चाहिए। संयुक्त बयान को खारिज करके उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि शांति-समृद्धि और आतंकवाद साथ नहीं चल सकते। कुछ देश आतंकवादियों को पनाह देने के लिए सीमा पार आतंकवाद का इस्तेमाल नीतिगत साधन के रूप में कर रहे हैं। भारत आतंकवाद के विरुद्ध अपनी जीरो टॉलरेंस नीति पर कोई समझौता नहीं करेगा। एससीओ की स्थापना वर्ष 2001 में हुई थी। मूल रूप से एससीओ का उद्देश्य आतंकवाद, उग्रवाद और अलगाववाद की बुराइयों से लड़ना रहा है। इसमें भारत, चीन, रूस, पाकिस्तान और मध्य एशियाई देश शामिल हैं।

भारत ने इस मंच पर हमेशा आतंकवाद के खिलाफ मज़बूत रुख अपनाया है और इसे वैश्विक सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा ख़तरा माना है। एससीओ बैठक में भारत ने पहलगाम हमले को संयुक्त बयान में शामिल करने की मांग की ताकि आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक सहमति बनाई जा सके। लेकिन पाकिस्तान और चीन ने इस मांग को ठुकरा दिया और दस्तावेज में पहलगाम हमले का कोई उल्लेख नहीं किया गया। विश्लेषकों के अनुसार पाकिस्तान और चीन आतंकवाद से ध्यान हटाने की कोशिश कर रहे हैं। वास्तव में आतंकवाद से निपटने में दोहरे मानदंडों के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए। एससीओ जैसे मंचों का उपयोग आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता दिखाने के लिए होना चाहिए। भारत की मांग को नजरअंदाज करना एससीओ की विश्वसनीयता पर भी सवाल उठाता है। पाकिस्तान व चीन के रवैये पर भारत ने कड़ा रुख अपनाकर दोनों देशों को करारा जवाब दिया है। यह भारत की संप्रभुता और आतंकवाद के ख़िलाफ दृढ़ नीति का प्रतीक है।

# चीन हमेशा चाहेगा कि भारत गैर जरूरी मुद्दों में उलझा रहे



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

वस्तुत: यह अत्यंत ही अनुकूल समय है कि हम अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत कर विश्व में तीसरी अर्थव्यवस्था बनने का प्रयास करें। साथ ही "एलिफेंट एंड ड्रैगन टैंगो "(नृत्य) या आपसी तालमेल से परस्पर विकास की गति को तीव्र करें।

वैश्विक राजनीति में 'एलिफेंट एंड ड्रैगन' टर्म का उपयोग अक्सर क्रमशः भारत और चीन के आपसी संबंधों को प्रदर्शित करने के लिए किया जाता है जो न केवल इनके आपसी संबंध बल्कि इनके संबंधों से क्षेत्रीय एवं वैश्विक मामलों में इनकी भूमिका की महत्ता को दिखाता है। इसको देखते हुए विशेषज्ञों का मानना है कि भारत को अपने अग्रसोची भू राजनैतिक हितों के दृष्टिगत हमेशा विश्व की महाशक्तियों तथा उभरती शक्तियों को ध्यान में रखकर अपनी वैश्विक राजनीति और कूटनीति को अपनाना चाहिए। इसे छोटे छोटे मसले जैसे पाकिस्तान या बांग्लादेश से उलझने के बजाय चीन को सामने रखकर प्लान बनाने चाहिए। भारत से टकराव की स्थिति बनाए रखना पाकिस्तान जैसे देशों के हित में है, क्योंकि यह इसे उसे भारत के समकक्ष आने में सहायता प्रदान करता है। वर्ष 1986 में पूर्व सेना प्रमुख जनरल कृष्णास्वामी सुंदरजी ने एक साक्षात्कार में कहा था कि 'भारत के लिए चीन ही असली खतरा है। पाकिस्तान से तो यूं ही चलते फिरते निपटा जा सकता है'। यह वक्तव्य भले ही सैन्य दृष्टिकोण से हो परंतु अर्थव्यवस्था की दृष्टि से भी यही सत्य है।

भारतीय अर्थव्यवस्था में जिस तरह से तीव्र गति से विकास हुआ है, यह आज विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बन गई है। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि असल में चीन अपनी विकास यात्रा में अपने विकास के उच्च स्तर पर पहुंच चुका है और अब यह उसके स्थिर रहने या नीचे गिरने का समय है। यद्यपि पिछले कुछ दशकों में चीन ने अर्थव्यवस्था सहित अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय वृद्धि हासिल की है, लेकिन चीनी अर्थव्यवस्था इस समय कुछ जटिल चुनौतियों का सामना कर रही है, जिनमें धीमी वृद्धि, बढ़ता कर्ज, जनसांख्यिकीय बदलाव, पर्यावरण संबंधी चिंताएं, वैश्विक व्यापार तनाव और तकनीकी प्रतिस्पर्धा शामिल है। वर्ष 2020 में चीनी अर्थव्यवस्था की इस तीव्र प्रगति को देखते हुए अमेरिकी थिंक-टैंक ने भविष्यवाणी की थी कि चीन वर्ष 2030 तक अमेरिका को पीछे छोड़कर दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा, लेकिन ऐसा होता दिख नहीं रहा है।

भारतीय अर्थव्यवस्था में जिस तरह से तीव्र गति से विकास हुआ है, यह आज विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बन गई है। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि असल में चीन अपनी विकास यात्रा में अपने विकास के उच्च स्तर पर पहुंच चुका है ।

स्वाभाविक रूप से चीनी अर्थव्यवस्था के धीमे रहने से भारत के पास यह मौका है कि वह भारत तथा चीन के बीच जीडीपी में अंतर को समाप्त कर विश्व की दूसरी-तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाए। इसका तात्पर्य है कि उसके सामरिक, राजनैतिक और आर्थिक वैश्विक महाशक्ति बनने का रास्ता खुल जाएगा।

वस्तुतः वर्ष 1990 में चीनी अर्थव्यवस्था भारतीय अर्थव्यवस्था की तुलना में ज्यादा बड़ी नहीं थी लेकिन आज चीन की जीडीपी भारत से लगभग 5.46 गुना बड़ी है। चीन ने वर्ष 1978 में और भारत ने वर्ष 1991 में अपने यहां ग्लोबलाइजेशन और प्राइवेटाइजेशन के माध्यम से आर्थिक सुधार शुरू किए, लेकिन दोनों ने अपनी अर्थव्यवस्थाओं को आगे बढ़ाने के लिए अलग अलग रास्तों का चयन किया। चीन ने गुणवत्ता पूर्ण श्रम, मैन्युफैक्चरिंग, सप्लाई चेन और विश्व स्तर के आधारभूत ढांचे के निर्माण पर ध्यान केंद्रित किया, जबकि भारत ने अपने सेवा क्षेत्र को आगे बढ़ाने का काम किया। इसीलिए चीन को 'दुनिया का कारखाना' कहा जाता है और भारत को 'दुनिया का बैक ऑफिस' कहा जाता है।

माना जाता है कि यदि अगले 25 वर्षों में वार्षिक औसत वृद्धि 7-7.5 प्रतिशत रहे तो भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार वर्ष 2047 तक 20 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा। भारतीय स्टेट बैंक के एक शोध-पत्र के अनुसार भारत वर्ष 2029 तक दुनिया में जापान की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ देगा। देश पहले ही क्रय शक्ति क्षमता के मामले में जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है।

चीन ने हाई-स्पीड रेल नेटवर्क और हवाई अड्डों जैसे बुनियादी ढांचे में भारी निवेश किया है, जिसने शुरू में इसके तेज़ विकास को बढ़ावा दिया था। वस्तुत चीन एक ऐसी अर्थव्यवस्था है, जो थका हुआ और अस्वस्थ है। तीव्र औद्योगिकीकरण और शहरीकरण के कारण वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण और मिट्टी का क्षरण ऐसी प्रमुख समस्याएं हैं, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था दोनों को प्रभावित कर रही है।

इन सबके पीछे चीन का जनसांख्यिकीय लाभ समाप्त होना एक महत्वपूर्ण कारण है। चीन में वृद्ध होती आबादी के कारण कार्यबल में कमी आ रही है। इतना ही नहीं यह जनसांख्यिकीय परिवर्तन पेंशन प्रणाली, स्वास्थ्य सेवा पर दबाव डालता है और सार्वजनिक वित्त पर दबाव डाल सकता है। एक अनुमान के अनुसार वर्ष 2050 तक चीन में ऐसे आश्रित लोगों की जनसंख्या 70 प्रतिशत हो जाएगी, जो क्रियाशील लोगों पर निर्भर रहेंगे, जो वर्तमान में 35 प्रतिशत है। इससे चीन और वहां की स्वास्थ्य व्यवस्था पर भी दबाव बढ़ेगा। इस मामले में भारत चीन से कहीं अधिक मज़बूत स्थिति में है। वर्ष 2050 तक 1.7 बिलियन लोगों की आबादी के साथ भारत जनसंख्या के मामले में दुनिया का सबसे बड़ा देश होगा। वर्ष 2030 के मध्य में यह अपने चरम पर होगा। इस अवधि में अपने बृहत युवा जनसंख्या का लाभ उठाकर भारत अपनी जीडीपी वृद्धि दर को 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 8 प्रतिशत तक बढ़ाकर चीन को पीछे छोड़ सकता है। लेकिन इस संबंध में चीनी विश्लेषकों का मानना है कि हालांकि भारत में चीन की तुलना में अधिक युवा श्रमिक हैं, लेकिन उनका शैक्षिक और कौशल स्तर वास्तव में चीनी श्रमिकों की तुलना में कम है। इसके अतिरिक्त आज के साइबर युग में प्रौद्योगिकी श्रम से अधिक महत्वपूर्ण है, और चीन प्रौद्योगिकी इनोवेशन में भारतीयों से बेहतर है।

जान हॉपकिन्स विश्वविद्यालय में एप्लाइड इकोनॉमिक्स के प्रोफ़ेसर स्टीव के अनुसार भारत समस्याओं से दबा हुआ है। ह्यूमन फ्रीडम इंडेक्स में 165 देशों में से भारत 119वें रैंक पर है। क़ानून के शासन के मामले में भारत का रिकॉर्ड दुनिया में सबसे ख़राब देशों में से है। उनका मानना है कि क़ानून के शासन की मज़बूती से पालन के बिना कोई भी देश मज़बूत, निरंतर आर्थिक परिणाम की उम्मीद नहीं कर सकता है। वैसे इस मामले में चीन की रैंकिंग भारत से भी नीचे है। आलोचकों के अनुसार अगर चीनी अर्थव्यवस्था को इसी स्थिति में रोक दिया जाए और भारतीय अर्थव्यवस्था 7-7.50 प्रतिशत की दर से बढ़ती रही, तो इसकी अर्थव्यवस्था 20 ट्रिलियन डॉलर की होगी, यानी आज की चीनी अर्थव्यवस्था को पार करने में भारत को लगभग 25 साल लगेंगे। लेकिन इससे पृथक यदि समग्र रुप से प्रयास करें तो भारत अगले 10 वर्षों में ख़ुद को निर्यात-आधारित विकास के रास्ते पर ला सकता है, जैसा कि चीन कई दशकों से करता आया है।

वस्तुतः यह अत्यंत ही अनुकूल समय है कि हम अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत कर विश्व में तीसरी अर्थव्यवस्था बनने का प्रयास करें। साथ ही "एलिफेंट एंड ड्रैगन टैंगो" (नृत्य) या आपसी तालमेल से परस्पर विकास की गति को तीव्र करें। लेकिन चीन यह कभी नहीं चाहेगा कि हम ऐसा सोचें भी, इसलिए हमें वह पाकिस्तान, नेपाल, बांग्लादेश जैसे गैर जरूरी मुद्दों में उलझाए रखना चाहेगा ताकि हम अपने वृहद लक्ष्यों से दूर रहें। इस नजरिए से देखें तो भारत पाकिस्तान के साथ युद्ध में उलझकर अपना नुकसान करेगा और इससे पाकिस्तान को विश्व स्तर पर तवज्जो मिलने लगेगी, जैसा कि अभी हालिया संघर्ष में हमने देखा है। ऐसा भी माना जाता है कि पहलगाम नरसंहार के पीछे चीनी हाथ था ताकि हम भारत पाक युद्ध में लग जाए और विश्व में यह संदेश जाए कि भारत विदेशी निवेश के लिए उपयुक्त जगह नहीं है, क्योंकि यह कभी भी युद्ध या संघर्ष की स्थिति में चला जाता है और इसका लाभ चीन को मिले। हमें इससे बचने की कोशिश करनी होगी। तो "हाथी चले बाजार कुत्ता भूंके हजार " कहावत को ध्यान रखते हुए भारत अपने रास्ते पर चलते रहे, यही बेहतर विकल्प है।

## प्रसंगवश

# खाड़ी देशों में गए नेपाली युवा खा रहे जेल की हवा

नेपाल सरकार इस बात को लेकर चिंतित है कि उसके युवाओं का अवैध तरीके से विदेशों में प्रवेश कराकर उनका बेजा इस्तेमाल किया जा रहा है। हालांकि सरकार यह भी मान रही है कि इस अवैध गतिविधि में उसके ही नागरिक शामिल है जो किसी तीसरे देश के मानव तस्करों के हाथ की कठपुतली बन गए हैं।

नेपाल के युवाओं को अवैध रूप से खाड़ी के देशों तक पहुंचाया जाता है जहां वे अवैध गतिविधियों में शामिल होने पर पकड़े जाते हैं और जेल की हवा खा रहे हैं। नेपाल सरकार के ही आंकड़े के अनुसार 544 नेपाली युवा सउदी अरब के जेलों में बंद हैं। चूंकि वहां के नियम कानून इतने सख्त होते हैं कि जेलों में बंद नेपाली युवाओं की रिहाई आसान नहीं है। नेपाल के विदेश मंत्रालय के अनुसार करीब चार लाख नेपाली युवा सउदी अरब में रोजगार के सिलसिले में गए हैं। वहीं सउदी अरब स्थिति नेपाली दूतावास के अनुसार वहां भारी संख्या में अवैध तरीके से घुसपैठ के जरिए भी भारी संख्या में नेपाली युवा मौजूद हैं। नेपाली दूतावास के अनुसार हाल ही 3800 अवैध तरीके से नेपाली घुसपैठिए युवाओं को एक्जिट वीजा देकर नेपाल वापस भेजा गया है।



यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

रोजगार के लिए नेपाल से युवाओं का पलायन चिंता का विषय है और इससे भी अधिक चिंता इस बात को लेकर है कि विदेशों में पलायन कर रहे युवा वहां जाकर गैर कानूनी गतिविधियों में लिप्त होकर जेल की हवा खाने को मजबूर हैं। नेपाल के सैकड़ों युवा जो बेहतर जीवन शैली का सपना लेकर सउदी अरब गए लेकिन वे जेल में हैं। माओवादी नेता प्रचंड ने नेपाली युवाओं को दलालों से बचने की अपील के साथ नेपाल सरकार से युवाओं का पलायन रोकने की मांग करते हुए कहा है कि सरकार अपने ही देश में युवाओं को रोजगार देना सुनिश्चित करे।

माओवादी केंद्र ने एक आंकड़ा जारी करते हुए इस बात पर चिंता जताई है कि सउदी अरब की जेलों में भारी संख्या में नेपाली युवा विभिन्न अपराधों में जेल की हवा खा रहे हैं। वे कहते हैं कि इनमें तमाम ऐसे हैं जो दलालों के हाथ फंसकर अवैध तरीके से सउदी गए और वहां गैर कानूनी गतिविधियों में लिप्त हो गए। नतीजतन अब सजा भुगत रहे हैं।

रोजगार के लिए नेपाल से युवाओं का पलायन चिंता का विषय है और इससे भी अधिक चिंता इस बात को लेकर है कि विदेशों में पलायन कर रहे युवा वहां जाकर गैर कानूनी गतिविधियों में लिप्त होकर जेल की हवा खाने को मजबूर हैं। नेपाल के सैकड़ों युवा जो बेहतर जीवन शैली का सपना लेकर सउदी अरब गए लेकिन वे जेल में हैं।

सऊदी अरब स्थित नेपाली दूतावास के श्रम काउंसलर कविराज उप्रेती के अनुसार, सउदी अरब में जो नेपाली युवा विभिन्न अपराधों में पकड़े गए हैं उनमें सबसे अधिक 345 लोग शराब बनाने, पीने या सप्लाई करने के आरोपी हैं। 84 लोग मादक पदार्थों की तस्करी में,53 लोग चोरी के मामलों में,12 लोग वेश्यावृत्ति में, 16 लोग तोड़फोड़ में, 15 लोग रिश्वतखोरी में, 4 लोग हत्या के आरोप में तथा 23 लोग अन्य अपराधों में जेल में हैं। इनमें से 341 कैदियों को अदालत द्वारा सजा सुनाई जा चुकी है, जबकि 203 मामलों की सुनवाई अभी जारी है।

सऊदी अरब में नियुक्त नेपाली राजदूत नरेश विक्रम धकाल ने नेपाली युवाओं की गिरफ्तारी पर दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि सऊदी में कार्यरत नेपाली नागरिकों को कानून की जानकारी होनी चाहिए और किसी भी गैरकानूनी गतिविधि से दूर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाओं से बचने के लिए नेपाली युवाओं को स्वयं सतर्क और जिम्मेदार बनना होगा। यह बेहद दुखद है कि हमारे नौजवान, जो बेहतर भविष्य की उम्मीद लेकर विदेश जाते हैं, वहां जानकारी की कमी, कभी लालच और कभी गलत संगत में पड़कर क़ानून तोड़ने की राह पर चल पड़ते हैं।

# यह यूरेनियम और तेल का खेल है

दुनिया के तमाम भू-राजनीतिक तनावों के पीछे एक सच्चाई छुपी है, जो अक्सर अंतर्राष्ट्रीय सुर्खियों से ओझल रह जाती है- यह लड़ाई परमाणु हथियारों की नहीं, बल्कि यूरेनियम, तेल और दुर्लभ खनिजों की है। अमेरिका और उसके सहयोगी देशों की भूख इन संसाधनों पर अपना नियंत्रण बढ़ाने की है, जिसके चलते वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति, तकनीकी प्रगति और आर्थिक स्थिरता गंभीर संकट में पड़ सकती है। इस बदलाव का असर भारत जैसे उभरते और ऊर्जा-निर्भर देशों पर दीर्घकालिक होगा, जिसकी रणनीतिक तैयारी अभी से जरूरी है।

पिछले कुछ वर्षों में अमेरिका ने जिन क्षेत्रों में सैन्य दखल, आर्थिक प्रतिबंध और कूटनीतिक हस्तक्षेप की नीति अपनाई है -मसलन, मध्य-पूर्व, अफ्रीका, मध्य एशिया- उन सभी इलाकों में एक समान तत्व मौजूद हैः वहां तेल, गैस, यूरेनियम और दुर्लभ खनिजों का प्रचुर भंडार है। रूस-यूक्रेन युद्ध के पीछे भी अगर गहराई से देखा जाए तो यूरोप की ऊर्जा निर्भरता को अमेरिका के हितों के अनुरूप मोड़ने की रणनीति दिखती है। रूस को वैश्विक ऊर्जा बाजार से काटने के प्रयास इसी दिशा में हैं। दूसरी ओर, अफ्रीका के सहारा-पट्टियों में अमेरिका और फ्रांस वर्षों से यूरेनियम खनन क्षेत्रों में अपनी पकड़ बनाए रखने के लिए सैन्य हस्तक्षेप और राजनीतिक अस्थिरता को बढ़ावा दे रहे हैं।

केवल तेल और यूरेनियम ही नहीं, बल्कि आधुनिक तकनीकी विकास की रीढ़ बन चुके 'रेयर अर्थ मिनरल्स' पर भी अमेरिका की नजर है। लिथियम, कोबाल्ट, नियोडियम जैसे दुर्लभ खनिज आज के इलेक्ट्रिक वाहनों, सौर ऊर्जा पैनलों, स्मार्टफोनों और अत्याधुनिक रक्षा उपकरणों में अनिवार्य हो गए हैं। वर्तमान में चीन इस क्षेत्र में सबसे बड़ा खिलाड़ी है, जिसकी वैश्विक खनिज सप्लाई चेन पर मजबूत पकड़ है। इसी संतुलन को तोड़ने के लिए अमेरिका अफ्रीकी देशों में दखल बढ़ा रहा है। कई अंतर्राष्ट्रीय विश्लेषकों का मानना है कि निकट भविष्य में इन खनिजों को लेकर एक नया 'कोल्ड वॉर' छिड़ सकता है। यदि अमेरिका तेल उत्पादक देशों में अस्थिरता को और बढ़ाता है-जैसा कि इराक, सीरिया, ईरान और अब मध्य एशिया में देखने को मिल रहा है-तो इसका सीधा असर वैश्विक तेल कीमतों पर पड़ेगा। हाल के महीनों में ब्रेंट क्रूड फिर 90 डालर प्रति बैरल के करीब पहुंच चुका है। यदि पश्चिम एशिया या अफ्रीका में कोई बड़ा भू-राजनीतिक संकट खड़ा होता है, तो तेल की कीमत 100-120 डालर प्रति बैरल तक जा सकती है। ऐसे परिदृश्य में भारत जैसे देशों को सबसे ज्यादा नुकसान उठाना पड़ता है।



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

ऐसी स्थिति में भारत को एक सतर्क लेकिन मजबूत कूटनीतिक नीति अपनानी होगी। इसके साथ ही दीर्घकालिक रणनीतिक तैयारी अनिवार्य है।

सिर्फ ऊर्जा संकट ही नहीं, दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में भारत की 'ईवी पॉलिसी' और ग्रीन एनर्जी ट्रांजिशन को भी गहरा झटका लगेगा। भारत ने वर्ष 2030 तक कुल वाहनों में 30 प्रतिशत इलेक्ट्रिक वाहनों का लक्ष्य रखा है। यदि कोबाल्ट, लिथियम जैसी सामग्रियों की कीमत बढ़ती है या आपूर्ति में रुकावट आती है, तो यह लक्ष्य हासिल करना कठिन हो जाएगा। इलेक्ट्रिक वाहनों, सोलर एनर्जी, हाई-टेक उत्पादों में भारत की आत्मनिर्भरता के प्रयास रुक सकते हैं। यह संकट केवल आर्थिक नहीं, बल्कि कूटनीतिक भी होगा। भारत की विदेश नीति अब तक 'स्ट्रैटेजिक ऑटोनॉमी' यानी स्वतंत्र रणनीतिक संतुलन पर आधारित रही है। लेकिन यदि अमेरिका यूरेनियम, तेल और दुर्लभ खनिजों की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को अपने नियंत्रण में लेता है, तो भारत की स्वतंत्र ऊर्जा और तकनीकी रणनीति पर दबाव बढ़ेगा।

ऐसी स्थिति में भारत को एक सतर्क लेकिन मजबूत कूटनीतिक नीति अपनानी होगी। इसके साथ ही दीर्घकालिक रणनीतिक तैयारी अनिवार्य है। भारत को अपने ऊर्जा स्रोतों में विविधता लानी होगी। सौर, पवन, हाइड्रो और परमाणु ऊर्जा को आक्रामक तरीके से बढ़ावा देना होगा। तेल और गैस के लिए कम से कम 6-12 महीने का रणनीतिक भंडार तैयार करना चाहिए, ताकि वैश्विक संकट के समय भारतीय बाजारों में स्थिरता बनी रहे। दुर्लभ खनिजों के लिए घरेलू प्रोसेसिंग संयंत्रों को बढ़ावा देना चाहिए, ताकि चीन और अमेरिका पर निर्भरता घटे। इसके अलावा रूस, ईरान, ब्राजील, अफ्रीका जैसे साझेदार देशों के साथ दीर्घकालिक ऊर्जा-खनिज आपूर्ति समझौते किए जाने चाहिए। निष्कर्ष के तौर पर यही कहा जा सकता है कि दुनिया के वर्तमान भू-राजनीतिक तनावों के पीछे असली लड़ाई अब परमाणु हथियारों की नहीं, बल्कि ऊर्जा संसाधनों और दुर्लभ खनिजों की है। अमेरिका का यह लालच वैश्विक अर्थव्यवस्था को अस्थिर कर सकता है, जिससे भारत जैसे विकासशील देशों के आर्थिक और तकनीकी विकास मार्ग पर गंभीर असर पड़ सकता है।

## सोशल फोरम

# प्रश्न करने की आदत

जब हम अपनी अल्पज्ञता की बात करते हैं तो ज्ञान विमुखता की बात नहीं करते। ज्ञान का अपना आनंद होता है, जैसे पर्यटन का होता है। परंतु यदि हमें कहीं पहुंचना होता है तो पर्यटक की तरह भटकते हुए नहीं चलते, न विश्व के भूगोल को याद करते हैं। सबसे सीधा रास्ता और सबसे सुविधाजनक साधन का चुनाव करते हैं। सही समझ के लिए बहुत अधिक ज्ञान की जरूरत नहीं होती, जरूरी ज्ञान और सही प्रश्न की आवश्यकता होती है। सही प्रश्न ही शिलीभूत मान्यताओं को ध्वस्त करने और समाधान बन जाने में सक्षम होता है। जिस सीमित ज्ञान के बल पर मैंने आर्यों, उनके आक्रमण और संस्कृत भाषा और भारतीय सभ्यता के विषय में स्थापित झूठ को ध्वस्त किया था वह वैदिक भाषा, साहित्य, इतिहास और पुरातत्व के आधिकारिक ज्ञान के बल पर संभव नहीं हुआ था, बल्कि उन प्रश्नों की श्रृंखला के उत्तर तलाशने के क्रम में स्वतः हो गया था । केवल तीन प्रश्न यहां उदाहरण के लिए रखना चाहूंगा। ऋग्वेद में जितनी बार गो का प्रयोग हुआ है, लगभग उतनी ही बार रथों का। फिर ये गो (गाय,बैल आदि) चरवाहों के हैं, या मालवहन करने वालों के? जितनी बार जित (जीतने वाला, पैदा करने वाला) की आवृत्ति है, उससे कई गुना बार भीति, पाहि, त्राहि, अव, रक्ष (डर, प्रारक्षा करो) का आर्तनाद। ये आक्रमणकारी हो सकते हैं या स्वयं लुटेरों और उपद्रवकारियों से आतंकित? यदि संस्कृतभाषी अपनी भाषा और ज्ञान कहीं अन्यत्र से लेकर भारत में किसी रूप में आए थे, जिसका स्तर ग्रीस और रोम के उत्कर्षकाल की भाषाओं और ग्रीक दर्शन से तुलनीय था तो इस स्तर की सभ्यता भारोपीय भूभाग में उनके प्रस्थान लिए कल्पित काल 2000 ईसा पूर्व में कहां थी? फिर वैदिक समाज हड़प्पा सभ्यता का निर्माता हुआ या विनाशक? हमने इन प्रश्नों की ओर आपका ध्यान यह याद दिलाने के लिए आकर्षित किया कि इनमें से कोई प्रश्न ऐसा नहीं, जो अकेले ही पुरानी मान्यताओं को खंडित करने के लिए पर्याप्त न हो। प्रश्न करने की आदत व्यक्ति और समाज को भटकने से बचाती है, वैज्ञानिक बनाती है, और अपनी समस्याओं का समाधान स्वयं करने में समर्थ बनाती है।




भगवान सिंह
वरिष्ठ लेखक

**-फेसबुक वॉल से**

# मौत से लड़ते सीवरेज साफ-सफाई कर्मचारी

विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था का तमगा हासिल करने के बाद भी जब हमारे यहां से सीवर की सफाई करते लोगों की मौत की खबरें आती हैं, तो विचलित करतीं हैं। दुखद है कि आए दिन हमें मीडिया की सुर्खियों में सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान मजदूरों की मौत के मामले पढ़ने सुनने को मिलते रहते हैं। हमारे देश में सीवरेज की सफाई का काम अक्सर समाज का सबसे कमजोर व गरीब वर्ग करता है, ऐसे में क्या इन वर्गों की चिंता हम सभी को तथा सरकार को नहीं करनी चाहिए, यह प्रश्न अपने आप में एक यक्ष व ज्वलंत प्रश्न है।

जुलाई 2022 में लोकसभा में पेश सरकारी आंकड़ों के अनुसार, पांच सालों में भारत में सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान कम से कम 347 लोगों की मौत हुई, जिनमें से 40 प्रतिशत मौतें उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और दिल्ली में हुईं। यदि हम यहां पर सीवर सफाई के दौरान होने वाली मौतों के प्रमुख कारणों की बात करें तो इनमें क्रमशः मैनुअल सीवर सफाई (सीवर और सेप्टिक टैंकों में जहरीली गैसों के कारण),सुरक्षा उपकरणों का अभाव (सीवर की सफाई के दौरान सुरक्षा उपकरणों का उपयोग न करना),लापरवाही (ठेकेदारों और स्थानीय प्रशासन की लापरवाही),सीवर सफाई के दौरान सुरक्षा नियमों का पालन नहीं करना, तथा सीवर सफाई के खतरों के बारे में जागरूकता की कमी हैं। बहरहाल, देश में साल 1993 में पहली बार सीवरों की मैनुअल सफाई और मैला ढोने की प्रथा पर बैन लगाया गया था तथा इसके 20 साल बाद मैनुअल स्कैवेंजिंग एक्ट, 2013 के जरिए इस पर पूरी तरह पाबंदी लगा दी गई थी, लेकिन इसके बाद भी आए दिन सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान मजदूरों की मौत के मामले सामने आते रहे हैं।



सुनील कुमार महला
स्तंभकार

आज हम विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में इतनी अधिक प्रगति कर चुके हैं कि पारंपरिक तरीकों से सीवरेज की साफ–सफाई पर पूरी तरह से रोक लगनी चाहिए।

आज हम एआई चैटबाट (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के आधुनिक युग में जी रहे हैं। देश के पास चांद तक पहुंचने की तकनीक उपलब्ध है, लेकिन सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के लिए आज भी मशीनों, तकनीक और सुरक्षा उपकरणों की कमी है। शायद यही वजह है कि मजदूर इन जहरीली गैस वाले टैंकरों में खुद उतरकर सीवरेज की सफाई करते हैं। हैरानी की बात तो यह है कि हमारे देश में आज मैनुअल सीवर की सफाई पर कानूनन प्रतिबंध है। कानून के मुताबिक, अगर मजदूरों को परिस्थितिवश अगर सीवर में उतरना पड़ता है तो उनको 27 दिशा-निर्देशों का पालन करना होता है, लेकिन इन दिशा-निर्देशों पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जाता और मजदूरों को सीधा मौत में उतार दिया जाता है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार अगर कोई व्यक्ति या एजेंसी एमएस अधिनियम, 2013 के प्रावधानों का उल्लंघन तो इस उसे अधिनियम की धारा 8 के तहत दो साल तक की कैद या 1 लाख रुपये तक का जुर्माना या दोनों से दंडित किया जा सकता है।

आज हम विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में इतनी अधिक प्रगति कर चुके हैं कि पारंपरिक तरीकों से सीवरेज की साफ-सफाई पर पूरी तरह से रोक लगनी चाहिए। फिर भी यदि किसी कारणवश इन सीवरेज की साफ-सफाई के लिए मजदूरों को इनमें उतरना ही पड़ता है तो सीवर सफाई के लिए सुरक्षा दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाना बहुत ही जरूरी और आवश्यक है। सीवर में उतरने वाले व्यक्तियों को गैस डिटेक्टर, सुरक्षात्मक कपड़े (जैसे कि दस्ताने, जूते, और सुरक्षात्मक सूट), और श्वसन उपकरण (जैसे कि गैस मास्क या एयर-सप्लाई रेस्पिरेटर) का उपयोग करना चाहिए। उचित प्रशिक्षण तो जरूरी है। सीवर को साफ करने से पहले, उसका अच्छी तरह से निरीक्षण किया जाना चाहिए, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यह सुरक्षित रूप से साफ किया जा सकता है। जेटिंग मशीन, स्नेकिंग उपकरण (जो सीवर में एक धातु की छड़ डालकर रुकावटों को तोड़ता है), तथा अन्य आधुनिक मशीनों जैसे कि रोबोटिक उपकणों आदि का प्रयोग किया जाना बहुत ही जरूरी है। इसके साथ ही किसी भी सीवर को साफ करने के बाद, उसे ठीक से बंद करना चाहिए। कहना ग़लत नहीं होगा कि सीवर में काम करने वाले व्यक्तियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा की रक्षा करना बहुत आवश्यक है। देश की शीर्ष अदालत ने वर्ष 2023 में केंद्र और राज्यों को उचित उपाय करने, नीतियां बनाने और निर्देश जारी करने का निर्देश दिया था, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि मैनुअल सीवर सफाई को चरणबद्ध तरीके से पूरी तरह से समाप्त कर दिया जाए। इतना ही नहीं, उस समय न्यायालय ने कई निर्देश जारी करते हुए केंद्र और राज्य सरकारों से सीवर की सफाई के दौरान मरने वालों के परिजनों को 30 लाख रुपये का मुआवजा देने को भी कहा था। वास्तव में आज जरूरत इस बात की है कि हम सीवर में साफ-सफाई करने उतरे मजदूरों की जोखिम भरी जिंदगी और इस काम में उनके अस्तित्व और गरिमा के सवाल पर चिन्तन-मनन करें और इस दिशा में आवश्यक और जरूरी कदम उठाएं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत***
0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## एक नजर

### आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ मनाई

**हरदोई, अमृत विचार।** अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद ने आपातकाल की 50 वर्षगांठ पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन अधिवक्ता संघ सभागार में किया गया। जिसमें अधिवक्ताओं ने अपने विचार रखें। अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष कुलभूषण सिंह की। गोष्ठी में अधिवक्ता परिषद के मानवेंद्र सिंह, अरविंद कुमार सिंह ने अपने विचार रखे।

### एआरटीओ ने किया 94 वाहनों का चालान

**हरदोई, अमृत विचार।** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन अरविन्द कुमार सिंह ने बिना पूर्ण प्रपत्रों के संचालित एवं निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी लेकर चलने वाले वाहनों का चालान किया गया। बिना हेल्मेट, ओवर लोड वाहन, शीट बेल्ट न लगाने तथा बिना हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट न होने पर कुल 94 चालान किये।

# अंतरिक्ष के सफर पर निकले शुभांशु की भरावन से जुड़ी हैं यादें

समय तिवारी, हरदोई/अतरौली



कैप्टन शुभांशु शुक्ला।

**खुशी**

- मूलरूप से भरावन ब्लॉक के कोरौंध गांव के निवासी हैं शुभांशु
- इसी विकास खंड के गोनी गोंडवा गांव में है उनका ननिहाल



शुभांशु के नाना को मिठाई खिलाते ननिहाल के लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अंतरिक्ष के सफर पर निकले कैप्टन शुभांशु शुक्ला का हरदोई के अतरौली भी खास रिश्ता है। बीते बुधवार को शुभांशु के अंतरिक्ष के ओर बढ़ते कदमों पर यहां भी उनके अपने टकटकी लगाए बैठे थे। उनकी उपलब्धि पर उनके पैतृक गांव और ननिहाल में खुशी का माहौल है। लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई।

शुभांशु मूलरूप से भरावन विकास खंड के कोरौंध गांव के रहने वाले हैं। उनका ननिहाल भी इसी विकास खंड के गोनी गोंडवा गांव में है। उनके शुभ चिंतकों, दोस्तों और रिश्तेदारों ने उनकी उपलब्धि पर गांव में मिठाई और फल बांटकर खुशी जताई। अमेरिका के कैनेडी स्पेस सेंटर से फाल्कन 9 रॉकेट से शुभांशु अपने तीन साथी यात्रियों के साथ 14 दिनों की अंतरिक्ष यात्रा पर निकले हैं। भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन और इस यात्रा के पायलट भी है। अनगिनत लोगों की शुभकामनाओं के साथ ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने अंतरिक्ष के लिए उड़ान भर दी है।

अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय बनने का गौरव हासिल करने वाले शुभांशु शुक्ला यूं तो पिछले कई साल से गांव नहीं आए। लेकिन बचपन में यहां खूब आते थे। यहीं के मैदान और मिट्टी में खेलते थे। शुभांशु के पिता शंभू दयाल शुक्ला लखनऊ सचिवालय में सेवाएं देने के बाद सेवानिवृत्त हो चुके हैं। मां आशा शुक्ला ग्रहिणी हैं। शुभांशु के पैतृक गांव में विवेक सिंह, अमित सिंह, रामदत्त शर्मा, राजाराम गौतम आदि ने एक दूसरे का मुंह मीठा कराया और खुशी जताई।

विवेक सिंह ने कहा कि शुभांशु बचपन में यहीं हमारे लोगों के साथ खेलते थे और अब वह अंतरिक्ष की यात्रा कर रहे हैं। यह गौरव की बात है। शुभांशु के ननिहाल गोनी में भी खुशी का माहौल है। उनके नाना दिनेश तिवारी, नानी ऊषा ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया। गांव में मिठाई और फल बंटवाए। नाना-नानी ने कहा कि शुभांशु बचपन से ही होनहार है। उसकी उपलब्धि पर हर किसी कोई गर्व से फूले नहीं समां रहा है। ननिहाल के राधेश्याम शुक्ला, प्रमोद शुक्ला, अमन गुप्ता और दिव्यांशी खुशी से गदगद हैं।

## डाकघर गई किशोरी लापता, रिपोर्ट दर्ज

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग बालिका के लापता होने का मामला सामने आया है। सदरियापुर गांव निवासी एक व्यक्ति की 15 वर्षीय पुत्री 24 जून को सुबह नौ बजे डाकघर से पैसे निकालने गई थी। डाकघर से उसने 1000 रुपए निकाले। इसकी पुष्टि पिता के मोबाइल पर सुबह 10:11 बजे आए मैसेज से हुई, लेकिन पैसे निकालने के बाद वह घर नहीं लौटी। परिवार ने दोपहर तक उसका इंतजार किया। जब वह नहीं लौटी तो परिवार के सदस्यों ने उसकी तलाश शुरू की। रिश्तेदारों के यहां भी पता किया, लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं मिला। 25 जून को पिता ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# दुकान में घुसा ट्रक, दुकानदार की मौत

## नाराज लोगों ने ड्राइवर व कंडक्टर को पकड़ कर रस्सी से बांधा, पुलिस ने छुड़ाया

संवाददाता, हरदोई/मल्लावां



दुकान में पलटा ट्रक। अमृत विचार





नाराज लोगों द्वारा रस्सी से बांधे गए ड्राइवर व कंडक्टर।

**अमृत विचार।** सीतापुर से आम लाद कर शिवपुरी मध्य प्रदेश जा रहा ट्रक बिलग्राम-कन्नौज रोड पर सड़क के किनारे दुकान में घुसा और वहीं पलट गया। जिससे दुकानदार की नीचे दब कर मौत हो गई। गुरुवार की भोर पहर हुए हादसे से गुस्साए लोग पहुंच गए और ट्रक के ड्राइवर और कंडक्टर को पकड़ कर उन्हे रस्सी से बांध कर डाल दिया। जिन्हें वहां पहुंची पुलिस ने अपनी हिरासत में ले लिया।

मल्लावां कोतवाली के जरेरा गांव निवासी रामसनेही (55) की शादी नहीं हुई थी। उसने बिलग्राम-कन्नौज रोड पर गांव के बाहर मकान में ही चाट-पकौड़ी की दुकान खोल रखी थी। गुरुवार की भोर पहर करीब साढ़े 5 बजे वह अपनी दुकान पर बैठा था। उसी बीच सीतापुर से आम लेकर करेरा मण्डी शिवपुरी मध्य प्रदेश जा रहा ट्रक उसके मकान के पास पहुंचा और रामसनेही की दुकान में घुसते हुए उसी के ऊपर पलट गया, जिसके नीचे दबने से अधेड़ रामसनेही की वहीं पर दर्दनाक मौत हो गई। इसका पता होते ही वहां इकट्ठा हुई भीड़ ने ट्रक ड्राइवर आदि राम (46) निवासी राजगढ़ शिवपुरी मध्य प्रदेश और उसके कंडक्टर दीपू कुशवाहा (28) निवासी झांसी को पकड़ कर उन्हे रस्सी में बांध दिया। लेकिन इसका पता होते ही वहां पहुंची पुलिस ने उन दोनो को हिरासत में लेते हुए हादसे की जांच शुरु कर दी है।

**नशे की हालत में थे ट्रक चालक व कंडक्टर**

बिलग्राम-कन्नौज रोड पर जरेला गांव में हुए हादसे की वजह नशा बताया जा रहा है। गांव के लोगों का कहना है कि ड्राइवर और कंडक्टर नशे में थे। उसी वजह से उन्हे मोड़ दिखाई नहीं दी और हादसा हो गया। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है।

# मेडिकल कॉलेज के आईसीयू से बच्चा चोरी, पुलिस ने बरामद कर मां को सौंपा

संवाददाता, हरदोई



मेडिकल कालेज में मां को बच्चा सुपुर्द करते एसपी नीरज कुमार जादौन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मेडिकल कॉलेज से एक महिला का बच्चा हो गया, इसका पता चलते ही वहां पहुंची पुलिस सीसीटीवी की मदद से बच्चा चोरी करने वाली महिला को पकड़कर बच्चा बरामद कर लिया। पुलिस ने बच्चे को उसकी मां के सुपुर्द कर चोरी करने वाली महिला को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी महिला निजी हास्पिटल में नौकरी करती है।

हरियावां थाने के बिल्हारी गांव निवासी शिवाकांत दीक्षित की पत्नी ने 18 जून को मेडिकल कॉलेज के महिला अस्पताल में ऑपरेशन से एक बेटे को जन्म दिया था। नवजात को कुछ समस्या होने पर केयर यूनिट में भर्ती कराया गया। बुधवार को शिवाकांत अपने बच्चे के पास था। देर रात करीब 2 बजे उसकी आंख लग गई। उसी बीच उसका बच्चा चोरी हो गया। इसका पता होते ही एसपी नीरज कुमार जादौन के निर्देशन में कोतवाली शहर पुलिस ने बच्चे की बरामदगी की कार्रवाई शुरू की। पुलिस की टीम ने सीसीटीवी के फुटेज से महिला की पहचान करते हुए उसका पीछा किया। कुछ देर में पुलिस ने आरोपी महिला को बच्चे के साथ दबोच लिया। पकड़ में आई महिला चोर से पुलिस पूछताछ कर रही है। महिला शहर के एक निजी हास्पिटल में नौकरी करती है।

- पुलिस ने आरोपी महिला को पकड़ा, निजी अस्पताल में करती है नौकरी

**पुलिस को 25 हजार का इनाम**

एसपी ने मेडिकल कालेज से चोरी हुए बच्चे को बरामद कर उसे चुराने वाली महिला को गिरफ्तार करने वाली कोतवाली शहर पुलिस टीम को 25 हज़ार का ईनाम दिया है।

# सेवानिवृत्त लेखाकार पर बीडीओ ने दर्ज कराया केस

संवाददाता, भरखनी, हरदोई

- विभागीय अभिलेख गायब करने का है आरोप, सूचना के बावजूद नहीं उपलब्ध करा रहा अभिलेख

**अमृत विचार।** बीडीओ भरखनी ने सेवानिवृत्त लेखाकार खिलाफ विभागीय अभिलेख गायब करने का मुकदमा दर्ज कराया है। एफआईआर में बीडीओ ने बताया कि ऑडिट आपत्तियों के निस्तारण के लिए अभिलेख खंगाले गए तो करीब छह वर्ष के अभिलेख गायब मिले। जो तत्कालीन लेखाकार के पास हैं, बार-बार सूचना के अभिलेख उपलब्ध नहीं कराए।

खण्ड विकास अधिकारी भरखनी अशोक द्विवेदी ने बीती 24 जून को पाली थाने में दी तहरीर में बताया कि वित्त वर्ष 2011-12 से 2016-17 में क्षेत्र पंचायत भरखनी द्वारा कराए गए कार्यों के ऑडिट में पाई गईं आपत्तियों के निस्तारण हेतु निर्देश प्राप्त हुए। सेवानिवृत्त लेखाकार सह उर्दू अनुवादक सफी सरवर अंसारी निवासी ग्राम वजीरपुर पोस्ट मुबारकपुर तहसील लहरपुर जिला सीतापुर द्वारा उस समय कराए गए कार्यों के अभिलेख ऑडिट टीम के समक्ष प्रस्तुत नहीं किए, जिससे धनराशि अधिभार के रूप में दर्ज कर दी गई है। उपरोक्त अभिलेख प्राप्त कराने के संदर्भ में सफी सरवर को बार-बार दूरभाष एवं मौखिक रूप से भरखनी खण्ड विकास कार्यालय में उपस्थित होकर सम्बंधित अभिलेख और स्पष्टीकरण देने के लिए पटल सहायक द्वारा अवगत कराया गया। जनवरी 2025 में पत्राचार कर कार्यालय में उपस्थित होकर समस्त अभिलेख देने के निर्देश दिए गए थे। बीडीओ ने कहा कि 9 जनवरी 2025 को सफी सरवर अंसारी उपस्थित हुए, लेकिन ऑडिट निस्तारण से सम्बंधित अभिलेख नहीं उपलब्ध कराए और न ही संतोषजनक उत्तर दिया। इसके बाद 13 जनवरी 2025 को पुनः पत्र भेजकर अंतिम अवसर प्रदान करते हुए उपस्थित होकर समस्त अभिलेख उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए थे। सफी सरवर अंसारी ने न कोई जबाव दिया और न ही अभिलेख उपलब्ध कराए। ऐसी स्थित में ऑडिट आपत्तियों का निस्तारण व परिपालन आख्या उच्चाधिकारियों को साक्ष्यों सहित प्रेसित नहीं की जा पा रही है। थानाध्यक्ष सोमपाल गंगवार ने बताया कि तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है, अन्य वैधानिक कार्रवाई प्रचलित है।

# कांवड़ यात्रा के रास्तों पर मीट की दुकानें बंद रखने का निर्देश

**हरदोई, अमृत विचार।** मोहर्रम के जुलूसों के मद्देनजर कस्बा इंचार्ज अनेक पाल सिंह ने पुलिस बाल के साथ संवेदनशील स्थलों का पैदल मार्च करके निरीक्षण किया। उन्होंने शासन के निर्देशों के अनुपालन के क्रम में कांवड़ यात्रा के मार्गों पर मीट की दुकानें बंद कराने का आदेश दिया। कहा कि मोहर्रम व कांवड़ में कोई भी नई परंपरा न पड़े।

मातहत पुलिस कर्मियों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि पिहानी में मोहर्रम व कांवड़ यात्रा में कोई भी नई परंपरा न पड़े। जुलूस के आगे-पीछे व दाएं-बाएं पुलिसकर्मियों की मौजूदगी अनिवार्य है, जिससे श्रद्धालु निर्धारित मार्ग पर ही चलें, मार्ग से न भटकें। कांवड़ यात्रा के मार्गों पर मीट की दुकानें बंद रखी जाएं। स्थानीय पुलिस ने अपने-अपने इलाकों में पेट्रोल पंप संचालकों से कहा गया है कि वह बोतलों में ईंधन नहीं देंगे। शराब की दुकानों पर भी पुलिस ने सावन के महीने में कड़ी चेतावनी दी है कि सड़कों पर शराब न पीने दे।

## सार-संक्षेप



ग्रामीणों को नशा व नशीली दवाओं से बचाव की जानकारी देते अधिकारी।

### नशा व नशीली दवाओं का सेवन न करने की दी सलाह

**हरदोई, अमृत विचार।** नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर गुरुवार को सीएचसी बावन में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। चीफ लीगल एड डिफेन्स काउंसिल विनोद कुमार मिश्र ने शिविर में उपस्थित आमजनमानस को नशा व नशीली दवाइयों का प्रयोग न करने की सलाह दी। नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 के विषय में जानकारी दी। शिविर में डॉ. विनीत तिवारी द्वारा नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाली समस्याओं के विषय में जानकारी दी। नशीले पदार्थों के सेवन से बचाव के विषय में भी आमजनमानस को जागरूक किया। शिविर में डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल देवेन्द्र कुमार सिंह, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अंकित कुमार, एसटीएस योगेंद्र सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के लिपिक अभिषेक अवस्थी, डीईओ अमरदीप मिश्र, पीएलवी सुदीप कुमार पाण्डेय, शिवम कश्यप व चिकित्सालय स्टाफ तथा आमजनमानस सतर्क रहे।

### युवती बरामद, आरोपी युवक गिरफ्तार

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** पिहानी थाना क्षेत्र से करीब साढ़े तीन माह पूर्व फुसलाकर ले जाई गई युवती को पुलिस ने बरामद कर लिया है, साथ ही आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। बीते 6 मार्च को युवती की मां ने थाना पिहानी पर तहरीर दी थी कि शिशुपाल निवासी ग्राम मन्सूरनगर थाना पिहानी उसकी पुत्री को फुसलाकर अपने भगा ले गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश शुरू की थी। गुरुवार को पुलिस ने नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर युवती को बरामद किया।

### पान विक्रेता की दुकान चोरी, चोर सीसीटीव में कैद

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के जामा मस्जिद के पान विक्रेता की दुकान से चोरी हो गई, इस दौरान चोर वहां लगे सीसीटीवी में कैद हो गया। पीड़ित ने अज्ञात के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर दी है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सरदारगंज निवासी रामपाल रस्तोगी की जामा मस्जिद के निकट पान की दुकान है। गुरुवार को वह शाहजहांपुर से दुकान का सामान लाने के लिए घर से दस हजार रूपए कुर्ते की जेब में रख कर लाए थे। दुकान पहुंचकर उसने कुर्ता उतार कर दुकान में टांग दिया था। मौका पाकर अज्ञात चोर कुर्ता सहित पैसे चोरी कर ले गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर दुकान में लगे सीसीटीवी के फुटेज चेक किए। जिसमें एक चोर कैद हो गया है, पुलिस ने कहा कि आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### ग्रामीणों के विरोध पर मौके से भाग लकड़कट्टे

**हरदोई, अमृत विचार।** आम के हरे पेड़ो को काटने का पता चलते ही ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना देने के साथ विरोध शुरू कर दिया। पुलिस को सूचना दिए जाने की जानकारी होने पर लकड़कट्टे मौके से भाग निकले। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच हो रही है, लकड़कट्टों को खोजकर कार्रवाई की जाएगी। कोतवाली शहर के महेशपुर गांव के बाहर आम के हरे पेड़ काटे जा रहे थे। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस वहां पहुंचती,उससे पहले उसे देखते ही कटान करने वाले लकड़कट्टे वहां से भाग निकले। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम समाज की जमीन पर खड़े आम के पेड़ काफी पुराने हैं। आस-पास के गांव वालों का उन्ही पेड़ों की छांव में बचपन बीता, उन पर आरा नहीं चलने दिया जाएगा। लालपाल पुर पुलिस चौकी प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि पुलिस के पहुंचने से पहले ही कटान करने वाले भाग गए। मामले की जांच करते हुए कटान करने वालों को ढूंढा जा रहा है। महेशपुर के लोगों का कहना है कि हरे पेड़ो का कटान कराने वाला लकड़ी माफिया बघौली थाने के सारीपुर का बताया जा रहा है।

### कोयले के गोदाम में लगी आग, हजारों की क्षति

**सांडी, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बा स्थित कोयले की गोदाम में लगी आग लगभग 50 हजार रुपये का नुकसान हुआ। कस्बा निवासी प्रहलाद अपनी कपड़ा प्रेस की दुकान पर कोयला बेचते थे। बुधवार रात्री 10 बजे के करिब कोयला गोदम मे रखा गया था। इसी बीच कहीं से कोयले मे आग की चिंगारी पहुंच गई, जिससे रात भर में कोयला सुलग उटा और आस पास के पड़ोसी तक की घरों की दीवारें गर्म हो गई। गुरुवार सुबह 5 बजे पड़ोसी अवनीश ने फोन कर जान कारी दी।

# पत्नी की कब्र पर जहरीला पदार्थ खाकर पति ने भी तोड़ दिया दम

संवाददाता, हरदोई



**अमृत विचार।** प्रसव के बाद मायके पहुंची पत्नी की मौत हो गई थी। उसे वहीं दफनाया गया था। बुधवार को उसका पति सीतापुर से आया और पत्नी की कब्र पर पहुंच कर उसने वहीं जहरीला पदार्थ खा लिया। मेडिकल कॉलेज में उसकी भी मौत हो गई। इस की घटना हरियावां थाने के मुरवा गांव में हुई।

सीतापुर जिले के मोहम्मदपुर थाना पिसावां निवासी जब्बार की (36) शादी हरियावां थाने के मुरवा की आसमां के साथ हुई थी। आसमां कई बार गर्भवती हुई, लेकिन बीच में ही उसकी तबियत बिगड़ने से मां नहीं बन सकी। उसके बाद आसमां फिर गर्भवती हुई और 15 जून को सीतापुर के एक निजी हास्पिटल में उसका प्रसव हुआ लेकिन इस बार भी उसका बच्चा नहीं बचा। छुट्टी होने के बाद आसमां मायके आ गई। जहां 19 जून को उसकी मौत हो गई। जब्बार पत्नी को मुरवा में दफन करने के बाद घर चला गया। वह बुधवार की शाम मुरवा पहुंचा और पत्नी आसमां की कब्र पर पहुंच कर जहरीला पदार्थ खा लिया।

# 8 खाद दुकानों के लाइसेंस निलंबित

संवाददाता, हरदोई



निरीक्षण करते कृषि विभाग के अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** खरीफ की बुवाई से पहले जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पाठक ने गुरुवार को कई उर्वरक दुकानों पर छापेमारी की। अनियमितता करने वाले आठ उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित करने के साथ ही एक को नोटिस जारी किया गया।

विकास खंड पिहानी, टड़ियावां के 12 उर्वरक प्रतिष्ठानों, विकास खंड कोथावां और भरावन की 16 उर्वरक विक्रेताओं की दुकानों का निरीक्षण किया गया। उर्वरक विक्रेता कृषि सेवा केंद्र पिहानी, गुप्ता खाद भंडार पिहानी, एसएमए फर्टिलाइजर पिहानी, न्यू गुप्ता खाद भंडार पिहानी, कुशवाहा खाद भंडार पेंग, जनता खाद भंडार अतरौली, शिव खाद भंडार अतरौली, हरिनाम खाद भंडार गोडवां के लाइसेंस निलंबित किए गए एवं किसान सेवा केंद्र पिहानी को नोटिस जारी किया गया। जिला कृषि अधिकारी ने कहा कि यदि कोई उर्वरक विक्रेता यूरिया, डीएपी और एनपी के उर्वरक के साथ अन्य उत्पादों की टैगिंग करता है या निर्धारित दर से अधिक दर पर उर्वरक की बिक्री करता हुआ पाया गया तो संबंधित उर्वरक विक्रेताओं के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क पार करते समय वृद्ध का टूटा पैर, रेफर

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** मार्ग स्थित पुसेड़ा गांव के पास दुर्घटना में एक बुजुर्ग किसान घायल हो गया। उसे मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। पुसेड़ा गांव के छेदीलाल (68) अपने मकान की ओर पैदल जा रहे थे। तभी अचानक तेज रफ्तार से ट्रैक्टर ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे बुजुर्ग किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर इतनी तेज थी कि मौके पर पैर टूट गए। घटना के बाद परिजनों ने एंबुलेंस की सहायता से घायल किसान को सीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी स्थिति को देखते हुए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

**उपलब्धि** ऑफिशियल नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में दर्ज की जीत

# छत्तीसगढ़ को हरा मयंक ने जीती चांदी



प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल से सम्मानित खिलाड़ी मयंक।

**हरदोई, अमृत विचार।** हरिद्वार में आयोजित हुई ऑफिशियल नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में जिले के खिलाड़ी ने यूपी टीम की ओर से प्रतिभाग करते हुए छत्तीसगढ़ को हराकर सिल्वर मेडल हासिल किया। उसकी इस जीत पर जिले के खिलाड़ियों ने उसे बधाई दी। उत्तराखंड के हरिद्वार में 23 से 25 जून तक आयोजित हुई आफिशियल ताइक्वांडो नेशनल चैंपियनशिप में जिले के मयंक कुमार कश्यप सब जूनियर बालक वर्ग के अंदर 27 भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़ को हराकर सिल्वर मेडल हासिल कर जिले के नाम को गौरवान्वित किया। फाइनल में उनका मुकाबला बिहार के खिलाड़ी के साथ हुआ। जिसमें वह तीन अंको से दूसरे स्थान पर रहे। बिहार के खिलाड़ी ने 15 अंक हासिल किए जबकि मयंक ने 12 अंक हासिल किए। इससे पूर्व मयंक ने उड़ीसा, क्वार्टर फाइनल में तेलंगाना और सेमीफाइनल में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। कोच गुफरान ने बताया कि मयंक शहर के पंजाबी कालोनी निवासी चंदन कुमार के पुत्र हैं। वह पिछले एक साल से उनके पास प्रैक्टिस कर रहा है। शहर के शाहजहांपुर रोड स्थित सेंट जेवियर स्कूल में कक्षा- 6 का छात्र है। उन्होंने बताया कि वह नेशनल चैंपियनशिप को लेकर काफी मेहनत कर रहा था।



मांगों को लेकर प्रदर्शन करते बैंक कर्मी। अमृत विचार

## मांगों को लेकर बैंक कर्मी में हुए लामबंद

**हरदोई, अमृत विचार।** बैंकों में पर्याप्त भर्ती की मांग और आउटसोर्सिंग व कांट्रेक्ट जॉब खत्म करने की मांग को लेकर बैंक कर्मियों ने गुरुवार शाम बैंक आफ बड़ौदा पर विरोध प्रदर्शन किया। बैंककर्मी संगठन एआईबीईए नौ जुलाई को एक दिन की राष्ट्रव्यापी सार्वभौम हड़ताल में शामिल होगा। प्रदर्शनकारी बैंककर्मियों को सम्बोधित करते हुए वरिष्ठ बैंककर्मी नेता व इकाई मंत्री राकेश पाण्डेय ने कहा कि प्रस्तावित हड़ताल का उद्देश्य कामगारों के राष्ट्रीय सम्मेलन की मांगों का समर्थन करना है। मांगों को लेकर बताया कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और बीमा कंपनियों को सुदृढ़ बनाया जाय। बैंकों और एलआईसी में निजीकरण और विनिवेश को रोका जाय।

# पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की मौत, साथी घायल

## परियर चौकी अंतर्गत परियर-बिठूर पुल पर हुए हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर हुआ बुरा हाल

संवाददाता, परियर उन्नाव

**अमृत विचारः** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के परियर चौकी अंतर्गत परियर-बिठूर पुल पर पिकअप ने दो बाइक सवार को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों गिरकर गंभीर घायल हो गए। दोनों अलग-अलग थानाक्षेत्र के निवासी थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल भेजने के साथ शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

माखी थानांतर्गत गांव चुरा खेड़ा के मजरा मदेवना निवासी विष्णु (22) पुत्र कमलेश बिठूर में गमले बनाने का काम करता है। वह गुरुवार सुबह बाइक से बिठूर जा रहा था। वहीं दूसरी बाइक पर सवार बाबू पुत्र कृष्ण निवासी मैनावती कानपुर नगर भी अपनी बाइक से जा रहा था। इसी दौरान परियर-बिठूर पुल पर तेज रफ्तार पिकअप ने दोनों को जोरदार टक्कर मार दी। इसमें दोनों बाइक सवार गंभीर घायल हो गए। वहां मौजूद लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने दोनों को सीएचसी सफीपुर भेजा। जहां डॉक्टर ने विष्णु को मृत घोषित कर दिया। जबकि बाबू को बिठूर के एक नर्सिंगहोम में भर्ती कराया गया है। विष्णु की मौत से उसकी मां केतकी, बहनें पूजा, पूनम, रीना, संध्या व भाई अंशु का रो-रोकर बुरा हाल है। विष्णु अपने परिवार का एकमात्र सहारा था। वह मजदूरी कर परिवार का जीवन-यापन करता था। वहीं पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।


विष्णु की फाइल फोटो।

### सड़क हादसे में युवक की हुई मौत, शव पहुंचने पर मचा कोहराम

**संवाददाता, फतेहपुर चौरासी उन्नाव, अमृत विचार :** थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी युवक की बीती शाम सड़क हादसे में मौत हो गई थी। गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद जब शव गांव पहुंचा तो कोहराम मच गया। परिजनों ने गुरुवार को ही शव का क्षेत्र के गंगातट पर अंतिम संस्कार कर दिया। फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के गांव समसपुर अटिया कबूलपुर के मजरा समसापुर भूड़ निवासी रामगोपाल श्रीवास्तव का 26 वर्षीय बेटा अभिषेक बीते बुधवार घर से स्कूल जाने की बात कहकर बाइक से निकला था। देरशाम तक घर लौटते समय आसीवन थानाक्षेत्र के सबलगढ़ी मोड़ के पास साइकिल सवार सबल गढ़ी निवासी हरिप्रसाद पुत्र तुला की साइकिल से उसकी बाइक की टक्कर हो गई। जिससे दोनो गंभीर घायल हो गए। राहगीरों ने दोनों को मियागंज सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने अभिषेक को मृत घोषित कर दिया। आसीवन पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। गुरुवार दोपहर बाद पोस्टमार्टम हाउस से जैसे ही शव गांव पहुंचा तो कोहराम मच गया। मृतक की मां मधुलता, भाई शिवकृत, विवाहित बहन प्रांशी व छोटी बहन दिव्यांशी रो-रोकर बेहाल रहीं। गुरुवार को ही परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार सरैया घाट पर कर दिया। अभिषेक हरदोई जिला के गौसगंज स्थित एग्रीकल्चर विद्यालय में बीएससी एग्रीकल्चर की पढ़ाई कर रहा था। उसकी मां मधुलता आशा बहू है और अभिषक आयुष्मान कार्ड बनाने का भी काम करता था।


रोते-बिखलते अभिषेक के परिजन। अमृत विचार

# मोबाइल टूटने से आहत किशोरी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचारः** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के टपरा गांव में बुधवार देर शाम एक 15 वर्षीय किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों के अनुसार, पड़ोसी द्वारा मोबाइल तोड़े जाने से आहत होकर किशोरी ने यह कदम उठाया। घटना से गांव में सनसनी फैल गई और परिवार में कोहराम मच गया।

हाजीपुर चौकी अंतर्गत टपरा गांव निवासी कमलेश रैदास की बेटी शिवानी बुधवार शाम घर में बने भूसे वाले कमरे में चली गई। देर रात तक जब वह बाहर नहीं निकली तो परिजनों को चिंता हुई। खोजबीन के दौरान जब वे कमरे में पहुंचे तो उन्होंने देखा कि शिवानी का शव फांसी के फंदे से झूल रहा था। उनकी चीख पुकार सुनकर आस-पास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। सूचना पर रात करीब 11:30 बजे हाजीपुर चौकी इंचार्ज कमल दुबे मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। चौकी इंचार्ज ने बताया कि प्रारंभिक जांच में परिजनों ने बताया कि पड़ोसी ने किशोरी का मोबाइल तोड़ दिया था, जिससे वह आहत थी।

# भतीजी से दुष्कर्म के आरोपी ताऊ को 20 साल की कैद

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

▸▸ विशेष न्यायालय ने दोषी पर 30 हजार का जुर्माना भी लगाया

**अमृत विचारः** चार साल की मासूम भतीजी से दुष्कर्म करने के करीब साढ़े छह साल पुराने मामले में विशेष न्यायालय पॉक्सो एक्ट ने आरोपी ताऊ को दोषी ठहराया है। कोर्ट ने मामले को गंभीर अपराध बताते हुए दोषी को 20 साल की सजा सुनाने के साथ उस पर 30 हजार का जुर्माना भी लगाया है।

कानपुर जिला के परमट मोहल्ला निवासी एक व्यक्ति ने सदर कोतवाली क्षेत्र निवासी अपने सगे बड़े भाई सुनील कठेरिया पर अपनी चार साल की मासूम बेटी से दुष्कर्म किये जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसका आरोप था कि काम के सिलसिले में परिवार के साथ वह आदर्श नगर मोहल्ला में किराए का कमरा लेकर रहने आया था। 6 नवंबर-2018 की शाम वह अपने कमरे में था। इसी बीच उसका सगा बड़ा भाई सुनील कठेरिया घर आया और उसकी चार साल की मासूम बेटी को अपने साथ चीज दिलने की बात कहकर ले गया। करीब आधे घंटे बाद वह बेटी को वापस घर लाया तो बच्ची ने इशारा करते हुए अपने नाजुक अंग में दर्द होने की बात बताई। जब उसने पास जाकर देखा तो उसके कपड़ों में खून लगा था। यह देख बड़ा भाई वहां से भाग निकला। इसके बाद उसने सदर कोतवाली जाकर इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने उसकी तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर घायल बच्ची को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। मुकदमे के विवेचक तत्कालीन एसएचओ सदर कोतवाली अरुण द्विवेदी ने आरोपी सुनील कठेरिया को गिरफ्तार किया और उसके विरुद्ध साक्ष्य जुटाकर 8 जनवरी-2019 को कोर्ट में चार्जशीट पेश की। गुरुवार को हुई मुकदमे की अंतिम सुनवाई हुई। इसमें अभियोजन पक्ष से अपर जिला शासकीय अधिवक्ता प्रदीप श्रीवास्तव ने बताया कि अंतिम सुनवाई के दौरान न्यायाधीश शैलेंद्र सिंह यादव ने दलील व साक्ष्य के आधार पर आरोपी सुनील कठेरिया को दोषी मानते हुए उसे 20 साल की सजा सुनाई है।



## सार-संक्षेप

### ट्रैक मरम्मत के लिए तीन घंटे का ब्लॉक, रेल संचालन प्रभावित

**शुक्लागंज, उन्नाव,अमृत विचार :** कानपुर-लखनऊ रेल रूट स्थित छमकनाली 109 पुलिया पर गुरुवार को ट्रैक मरम्मत के लिए तीन घंटे का ब्लॉक लिया गया। दोपहर 2:40 बजे से शाम 5:40 बजे तक लिए गए ब्लॉक के दौरान कर्मचारियों ने ट्रैक की मरम्मत और सुदृढ़ीकरण का कार्य किया। इस कारण डाउन लाइन पर रेल संचालन आंशिक रूप से प्रभावित रहा। गौरतलब है कि पुलिया के स्ट्रक्चर को बदलने का कार्य पिछले कई दिनों से चल रहा है। बुधवार को इसके लिए 8:30 घंटे का मेगा ब्लॉक लेकर स्ट्रक्चर को सफलतापूर्वक शिफ्ट किया गया था। इसके बाद गुरुवार को आवश्यक मरम्मत कार्य किया गया। रेलवे अधिकारियों की देखरेख में ब्लॉक अवधि के दौरान सभी कार्य तय समय पर पूरे किए गए। कार्य पूर्ण होने के बाद रेल संचालन सामान्य रूप से बहाल किया गया।

### महिला से मारपीट, सात लोगों पर केस दर्ज

**संवाददाता, शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के आजाद नगर में गुरुवार सुबह मामूली विवाद के चलते एक महिला को लाठी-डंडों से पीटा गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। आजाद नगर निवासी रामनरेश की पत्नी सुनीता ने बताया कि वह सुबह दुकान के बाहर झाड़ू लगा रही थी, तभी पड़ोसी मुकेश, नीरज, सनोज, छोटू, दीपू, सूरज और सुमित ने गाली-गलौज शुरू कर दी। जब उसने विरोध किया तो सभी ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा और आरोपियों के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और धमकी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच जारी है।

### चोरों ने लाखों का सामान किया पार

**फतेहपुर चौरासी, अमृत विचार :** फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के ग्राम खानपुर कुरौली निवासी सुनील कुमार अवस्थी ने फतेहपुर चौरासी थाना की राजेपुर चौकी पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती रात गर्मी होने के कारण वह तथा उनके परिजन घर के बाहर तथा कुछ लोग छत पर सोए हुए थे। तभी छत के रास्ते अज्ञात चोरों ने उनके घर में घुसकर घर में रखे दो लाख नगद सहित लाखों रूपयों के सोने चांदी के जेवर उठा ले गए ।वही चोरों ने रात में ही गांव निवासी कृष्णपाल के घर को भी निशाना बनाया यहां भी बीती रात चोर छत के रास्ते घर में घुसकर घर में रखे पैंतीस हजार रुपए तथा सोने चांदी के जेवर उठा ले गए। पीड़ितों ने चौकी पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाइ है। थाना पुलिस दोनों पीड़ितो की तहरीर के आधार पर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### केरल से लापता हुआ कारीगर, पत्नी ने लगाए आरोप

**संवाददाता, बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव सुरसेनी निवासी एक व्यक्ति नगर के एक मजदूर को गमला बनाने के कारखाने में काम करने के लिए केरल प्रांत ले गया था। वापस आते समय मजदूर रहस्यमय ढंग से लापता हो गया। लापता मजदूर की पत्नी ने एसपी से गमला कारोबारी के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। नगर के मोहल्ला गढ़ी निवासी फूलमती पत्नी दिलीप ने एसपी को भेजे शिकायती पत्र में कहा कि बीती 30 मई को कोतवाली क्षेत्र के गांव सुरसेनी निवासी महबूब उसके पति दिलीप को गमला कारखाने में 2000 रुपए दिहाड़ी पर मजदूरी करने केरल ले गया था। तब से उनका पति वापस घर नहीं लौटा है। वहीं मामले पर महबूब का कहना है कि काम ठीक ढंग से न करने के कारण उसने दिलीप को त्रिशूलपुर स्टेशन पर ट्रेन में बैठाकर वापस भेज दिया था। पत्नी का आरोप है कि अब पति के बारे में पूछने पर महबूब अभद्रता करता है और फोन काट देता है।

# मरीजों के बेड पर रखी जाए बेड स्लिप : डीएम

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति के शासी निकाय की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अस्पतालों में मरीजों के बेड पर बेड स्लिप रखी जाये। दवाइयों का जारी रजिस्टर अपडेट रखा जाये। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित एएनएम का डिलीवरी के लिए सहयोग लिया जाये। ब्रेस्ट कैंसर स्क्रीनिंग की प्रगति बढ़ाई जाये। संस्थागत प्रसव की संख्या बढ़ाई जाये। आशाओं को संस्थागत प्रसव की संख्या बढ़ाने के सक्रिय किया जाये। आशाओं की निर्धारित संख्या में गर्भवती महिला के घर विजिट सुनिश्चित की जाये। आभा आईडी बनाने के कार्य में तेजी लायी जाये। सभी आयुष्मान कार्ड धारकों की आभा आईडी बनवाई जाये। आरबीएसके में कम से कम 20 प्रतिशत स्कूलों व 20 प्रतिशत बच्चों की स्क्रीनिंग की जाये। आरबीएसके टीम द्वारा दिव्यांग बच्चों की सूची उपलब्ध करायी जाये ताकि इन बच्चों को शासन की अनुमन्य योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके। सैम व मैम बच्चों को चिन्हित किया जाये। जिलाधिकारी ने कोथावां व टड़ियावां की आरबीएसके टीम की सराहना की। उन्होंने अन्य अधीक्षकों को आरबीएसके टीमों को अधिक सक्रिय बनाने के निर्देश दिए। एनआरसी की क्षमता बढ़ाने के लिए प्रस्ताव तैयार किया जाये। जननी सुरक्षा योजना में भुगतान को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाये। ओरल कैंसर की स्क्रीनिंग में प्रगति लायी जाये। क्रॉनिक किडनी डिजीज की रिपोर्टिंग को बेहतर बनाया जाये।

### डीएम की जन सुनवाई में आईं कुल 88 शिकायतें

**हरदोई, अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुनय झा ने नियमित जन सुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में लोगों की समस्याओ को सुना तथा सम्बंधित अधिकारियों को उनके निस्तारण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। गुरुवार को जन सुनवाई के दौरान कुल 88 शिकायतें आयीं, जिनके त्वरित निस्तारण के सम्बन्ध में सम्बंधित अधिकारियों को जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए। जन सुनवाई के दौरान ही पात्रों की वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन व दिव्यांग पेंशन बनवाई गयी। मौके पर ही 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनवाये गए। आज कुल 09 बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बने। जिलाधिकारी अनुनय की जन सुनवाई में ही अब तक 113 बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि चकरोड से अवैध कब्जे हटवाए जाएं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल त्रिपाठी व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### आईजीआरएस शिकायतों का सही से हो निस्तारण

**हरदोई, अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट कक्ष में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण के सम्बन्ध में विभिन्न विभागों की बैठक हुई। डीएम ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में समय व गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाये। कोई भी शिकायत डिफाल्टर श्रेणी में न जाने दी जाये। जांचकर्ता अधिकारी शिकायतकर्ता से संपर्क अवश्य करें। निस्तारण में शिकायतकर्ता की संतुष्टि का ध्यान रखा जाये। शिकायत अपलोड करने से पूर्व जाँच आख्या का भली भांति अध्ययन कर लिया जाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल त्रिपाठी व अन्य सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# वृहद पौधरोपण के लिए पहले से की जाएं सभी तैयारियां

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला पर्यावरण समिति व जिला गंगा समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी वृहद पौधरोपण के लिए गड्ढा खुदाई की सूचना प्रेषित की जाये। वृक्षारोपण के लिए कंट्रोल रूम की स्थापना की जाये। वृक्षारोपण स्थलों का चिन्हीकरण करा लिया जाये। रुईयागढ़ी में स्मृति उपवन विकसित किया जाये। बड़ी गौशालाओं में वृक्षारोपण कराया जाये। अमृत सरोवरों के किनारे पौधरोपण किया जाये। बालवन के लिए विद्यालय चिन्हित किये जाएं। डीएफओ ने बताया कि उनके कार्यालय में 30 जून को वृक्षारोपण, हरीतिमा ऐप व जियो टैगिंग का प्रशिक्षण कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि रुईया गढ़ी का इको टूरिज्म विकास कराया जाये। राजघाट में भागीरथी द्वार बनवाया जाये। सभी गंगा ग्रामों से गंगा में प्रदूषित जल प्रवाह रोकने के लिए डीपीआर तैयार करायी जाये। मेंहदीघाट के विकास के लिए डीपीआर तैयार किया जाये। बैठक में जिला गंगा समिति के सदस्य व अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक अशोक सिंह ने जिलाधिकारी को गंगा जल भेंट किया।

# दो युवकों ने फांसी लगाकर दी जान

संवाददाता, कछौना, अतरौली (हरदोई)

**अमृत विचार।** जिले में अलग-अलग दो युवकों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पहली घटना कछौना कोतवाली क्षेत्र की है, जहां के पूरब खेड़ा मजरा हथौड़ा निवासी श्याम (35) पुत्र रामस्वरुप खेती किसान करता था। परिवार में पत्नी संगीता, बेटा कृष्णा (8), बेटी दीपिका (6) और चार साल के बेटे गौरव के साथ गुज़र-बसर कर रहा था।

बुधवार की देर रात उसने कमरे में पत्नी की साड़ी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया गया है उससे पहले रात में भी उसने फांसी लगा ली थी, लेकिन पत्नी के चीखने-चिल्लाने पर पड़ोसी दौड़ आए और उन्होने श्याम को बचा लिया था। पहले भी इसी तरह की कोशिश कर चुका था। श्याम दो भाइयो में छोटा था, उसका बड़ा भाई विपिन अपने परिवार के साथ कानपुर में रहता है, उसकी दोनों बहनों की शादी हो चुकी है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराते हुए जांच शुरु कर दी है। दूसरी घटना अतरौली क्षेत्र की है। थाना क्षेत्र के ग्राम सिंहपुर मजरा परसा मोहद्दीनपुर में एक युवक ने बुधवार की रात घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने चाचा की सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सिंहपुर निवासी चाचा चन्द्र पाल ने बताया कि उसके भाई संजय का 20 वर्षीय पुत्र प्रिंस अर्कवंशी ने अज्ञात कारणों के चलते बुधवार की रात घर के अन्दर कमरे में साड़ी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बुधवार की शाम को रोजाना की तरह सभी लोग खा पीकर घर में सो गये थे। सुबह जागे तो देखा कि प्रिंस का शव फंदे से लटक रहा था। इंस्पेक्टर मार्कण्डेय सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम करने के लिए भेजा गया है।


श्याम व प्रिंस की फाइल फोटो।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार घायल

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** मल्लावां -संडीला रोड पर तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार एक व्यक्ति को टक्कर मार दी, घायल को पीआरवी 2727 ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। गुरुवार को जलियापुर थाना माधौगंज निवासी विजय बहादुर गुरुवार को नयागांव आ रहे थे। तभी नयागांव चौराहे से आगे पेट्रोल पम्प के पास तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। जिसमें विजय बहादुर गंभीर रूप से घायल हो गए। सीएची मल्लावां लखनऊ के लिए रेफर कर दिया, जहां इलाज किया जा रहा है।

# दो बाइकों की टक्कर में अधेड़ की मौत, 5 घायल

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** माधौगंज-सेलापुर रोड पर दो बाइक आमने-सामने टकराने से एक बाइक पर सवार पति-पत्नी और उनकी पोती,जबकि दूसरी बाइक पर सवार युवक व दो महिलाएं ज़ख्मी हो गई,पति-पत्नी और उनकी पोती को एम्बुलेंस-108 से सीधे मेडिकल कालेज पहुंचाया गया,जहां पति की मौत हो गई और पत्नी व पोती का इलाज चल रहा है।

बताया गया है कि बिलग्राम कस्बे के मोहल्ला सुल्हाड़ा निवासी संजय पुत्र शिवराम की ससुराल मल्लावां कस्बे के मोहल्ला मोहिउद्दीनपुर में है। संजय के ससुर अमरलाल की बुधवार को तेरहवीं संस्कार थी। शिवराम अपनी पत्नी राममूर्ति (55) और पांच वर्षीय पोती अंशिका पुत्री संजय के साथ वहीं से देर रात वापस लौट रहा था। माधौगंज-सेलापुर रोड पर उसकी बाइक सामने से आ रही दूसरी बाइक से टकरा गई, जिससे शिवराम, उसकी पत्नी राममूर्ति और पोती अंशिका के अलावा दूसरी बाइक सवार युवक व दो महिलाएं घायल हो गई थी। शिवराम, उसकी पत्नी व पोती को एम्बुलेंस-108 से बघौली होते हुए सीधे मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, जहां शिवराम की मौत हो गई, जबकि पत्नी व पोती का इलाज चल रहा है। शिवराम के परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटे व तीन बेटियां है। कोतवाली शहर पुलिस ने शव कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है।



### ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की हालत गंभीर

**अतरौली, हरदोई, अमृत विचार।** बाजार से सब्जी लेकर घर जा रहे बाइक सवार युवक को गोड़वा-जनिगांव सड़क पर अज्ञात ट्रैक्टर चालक ने सामने से टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सोनिकपुर निवासी होमगार्ड सन्तोष दीक्षित ने बताया कि उनका बेटा सौरभ (23) जनिगांव बाजार सब्जी खरीदकर बाइक से घर आ रहा था, गोड़वा -जनिगांव सड़क पर बाजार से 50 मीटर दूर सामने से ट्रैक्टर चालक ने टक्कर मार दी। घायल सौरभ को एम्बुलेंस से सीएचसी भरावन ले जाया गया। जहां से ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक मार्कण्डेय सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर चालक की तलाश की जा रही है।

# बाढ़ से निपटने को हुई मॉकड्रिल

**हरदोई, अमृत विचार।** संभावित बाढ़ को देखते हुए अधिकारियों की मौजूदगी में नदियों के तटों पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान बाढ़ से बचाव के तरीकों पर प्रकाश डाला। मार्क ड्रिल तहसील सदर के ग्राम न्योरादेव, तहसील सवाजपुर के ग्राम नंदना व तहसील बिलग्राम के राजघाट स्थित ग्राम कटरी छिबरामऊ में हुई। मॉकड्रिल में विभिन्न संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। सभी मॉकड्रिल स्थलों पर एक-एक मेडिकल टीम उपस्थिति रही। मेडिकल टीम के साथ में एक एंबुलेंस भी मुस्तैद रही।

पशुपालन विभाग की एक-एक टीम सभी स्थानों पर तैनात रही। अग्निशमन विभाग की मुख्य टीम तहसील सदर में मॉक ड्रिल में शामिल हुई तथा एक-एक टीम तहसील बिलग्राम व तहसील सवाजपुर में तैनात रही। बिलग्राम तहसील के राजघाट में मॉकड्रिल की संपूर्ण प्रक्रिया अपर जिलाधिकारी विरा प्रियंका सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुई। सवाजपुर में मॉकड्रिल की प्रक्रिया उप जिलाधिकारी शाहाबाद तान्या सिंह ने संपन्न कराई। इसी प्रकार सदर तहसील के ग्राम न्योरादेव में मॉकड्रिल की प्रक्रिया उप जिलाधिकारी राकेश सिंह ने पूरी कराई। मॉकड्रिल स्थलों पर एसडीआरएफ की टीमें भी तैनात रही। मॉकड्रिल की प्रक्रिया के दौरान राजघाट में उप जिलाधिकारी बिलग्राम पूनम भास्कर तहसील सवायजपुर में उप जिलाधिकारी सवायजपुर संजय अग्रहरि व सदर तहसील में उप जिलाधिकारी सुशील कुमार मिश्रा आदि भी मौजूद रहे।

आयोजन | आचार्या को पंचकोष विकास सिद्धांत और पंचपदी अवधारणा का दिया प्रशिक्षण

# हर परिवार में पैदा करें पंच परिवर्तन का भाव : अमित

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** पिहानी सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित आयोजित बाल वाटिका प्रशिक्षण के चौथे दिन अखिल भारती शिशु वाटिका की संयोजक नम्रता दत्त मुख्य अतिथि व ईओ अमित कुमार सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे प्रशिक्षण संपन्न हुआ। अतिथियों ने आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य शिशु वाटिका की आचार्या को बच्चों के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और नैतिक विकास के लिए तैयार करना था। प्रशिक्षण में 50 आचार्या शामिल हो रहे है।


बाल वाटिका प्रशिक्षण में शामिल लोग। अमृत विचार

मुख्य अतिथि ने प्रशिक्षण के दौरान आचार्या को पंचकोष विकास सिद्धांत और पंचपदी अवधारणा के बारे में जानकारी दी। इन सिद्धांतों के माध्यम से बच्चों के शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक, सामाजिक और आध्यात्मिक विकास को समझाया गया। इसके अलावा प्रशिक्षण में खेल, अभिनय, कला और पुस्तक कोना जैसे इनोवेटिव तरीके शामिल किए गए। इन तकनीकों से यह सुनिश्चित किया गया कि शिक्षण प्रक्रिया न केवल प्रभावी हो, बल्कि बच्चों के लिए मनोरंजक भी बने। प्रारंभिक स्तर की शिक्षा को सशक्त बनाने और बच्चों में पढ़ने-लिखने और गणना की बुनियादी दक्षताओं को विकसित करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। विशिष्ट अतिथि ईओ अमित कुमार सिंह ने आह्वान किया कि समाज के हर परिवार में पंच परिवर्तन का भाव पैदा करें। ऐसा प्रयास करें कि हर परिवार में न केवल भाव पैदा हो, बल्कि वह इस पर अमल भी करें। स्वदेशी, कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्यों का पालन यह पंच परिवर्तन हैं।

# मोहर्रम के जुलूस वाले रास्तों का किया निरीक्षण

**हरदोई, अमृत विचार।** मोहर्रम जुलूस वाले रूट पर किसी तरह की कोई समस्या न आए इसको लेकर गुरुवार को ईओ अमित कुमार सिंह ने नगर पालिका कर्मचारियों के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बड़ा चौराहा से लेकर चौहट्टा मस्जिद ,इस्लामगंज बाजार कंजड़ तिराहा समेत कई जगहों पर कई जगहों जल भराव, नालियां चौक वह जुलूस वाले रास्तों की सड़कों पर गड्ढे आदि कंजड चौराहे पर व बड़े चौराहे पर खुले में रखे ट्रांसफार्मर और जर्जर तार बिजली के तार भी झूलते मिले। कई जगह दुकानदारों का अतिक्रमण मिला, जिस उन्हें हटाने के निर्देश दिए गए। जमा मलबा हटाने और अवैध होर्डिंग हटाने के आदेश दिए हैं।

# विद्यालय मर्ज न करने भेजा ज्ञापन

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की जिला कार्यसमिति का प्रतिनिधि मण्डल जिलाध्यक्ष आलोक मिश्रा के नेतृत्व में गुरुवार को सांडी विधानसभा विधायक प्रभाष कुमार से मिलकर मुख्यमंत्री को सम्बोधित एक ज्ञापन उनको दिया।

प्रेषित ज्ञापन में कहा गया कि विद्यालय मर्ज किए जाने से सरकार द्वारा दी गई व्यवस्था में बच्चे गरीब एवं वंचित समूह के बच्चे शिक्षा से वंचित हो जाएंगे। क्योंकि जब जब विद्यालयों को मर्ज कर कर दूसरे गांव में बच्चों को भेजने की अनुशंसा में बच्चे शिक्षा की धारा से छूट जाएंगे। विद्यालयों की दूरी बढ़ जाने के कारण बच्चों की दुर्घटना की संभावना के कारण अभिभावक चिंतित है और रोष व्याप्त है, परन्तु सरकार सामाजिक रूप से पिछड़े व वंचित वर्ग की शिक्षा के प्रति चिंता पर ध्यान नहीं दे रही है। प्रतिनिधि मण्डल में जिला मंत्री महेंद्र प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष अनुराग पाण्डेय, जिला संयुक्त मंत्री आशीष दीक्षित, संगठन मंत्री पुष्पेंद्र शुक्ला, सिद्धार्थ पाण्डेय, कमल किशोर कोहली, ब्लॉक अध्यक्ष बावन अभिषेक गुप्ता, आशुतोष मिश्रा, कुलदीप द्विवेदी मौजूद रहे।


सांडी विधायक प्रभाष कुमार को ज्ञापन सौंपते जिलाध्यक्ष आलोक मिश्रा।

# संभावित बाढ़ से निपटने को एक्टिव मोड पर प्रशासन

## ताकि जल प्रलय आए तो ग्रामीणों को पता हों सुरक्षा के उपाय, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने मॉकड्रिल कर दी जानकारी


बांगरमऊ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मौजूद अधिकारी व ग्रामीण। अमृत विचार


सफीपुर में बाढ़ को लेकर लोगों को जागरूक करते एसडीएम शिवेंद्र वर्मा व अन्य।

संवाददाता, बांगरमऊ/सफीपुर उन्नाव

**अमृत विचार:** बाढ़ संभावित क्षेत्रों में आपदा से निपटने की तैयारी को लेकर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा ब्लॉक स्तरीय मॉकड्रिल का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य ग्रामीणों को बाढ़ से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करना और आपदा की स्थिति में तत्काल प्रतिक्रिया देने की तैयारियों को परखना है। इसी क्रम में गुरुवार को सफीपुर व बांगरमऊ क्षेत्रों में संबंधित तहसील प्रशासन द्वारा गंगा तटों पर मॉकड्रिल आयोजित कर बचाव कार्य का अभ्यास किया गया।

बांगरमऊ संवाददाता के अनुसार, एसडीएम शुभम यादव व सीओ अरविंद कुमार के नेतृत्व में गुरुवार को क्षेत्र के नानामऊ गंगातट पर बाढ़ के हालात से निपटने के लिए अभ्यास कराया गया। रिहर्सल के तहत करीब आधा दर्जन ग्रामीण नाव से गंगा नदी पार कर रहे थे। तभी बीच धार में पहुंचते ही तेज हवा के झोंके से नाव पलट गई। नदी की तेज धारा में डूब रहे ग्रामीण बचाने की गुहार लगाने लगे। घटना की सूचना पर दो पुलिस के जवानों ने लाइफ जैकेट पहनकर पानी में छलांग लगा दी और ग्रामीणों को बचाने का प्रयास किया। तभी एक मोटरबोट मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को बाहर निकाल लिया गया। डूबे ग्रामीणों में से एक की हालत नाजुक होने पर आधुनिक चिकित्सा पद्धति की सहायता से मौके पर ही उसका इलाज किया गया। जबकि अन्य लोगों को आनन-फानन अस्पताल भेजने का अभ्यास किया गया। मॉकड्रिल के दौरान बीडीओ निशा सागर विश्वकर्मा, तहसीलदार साक्षी राय, नायब तहसीलदार अशोक शुक्ला, वैभव अग्रवाल, लेखपाल यज्ञ प्रकाश दीक्षित के अलावा राजस्व, पुलिस व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### बचाव कार्यों में प्रशासन का सहयोग करें: एसडीएम

सफीपुर संवाददाता के अनुसार, गुरुवार को एसडीएम शिवेंद्र वर्मा की मौजूदगी में राजस्व, स्वास्थ्य, पंचायती राज सहित अन्य विभागों के प्रतिनिधियों ने बाढ़ के दौरान किए जाने वाले कार्यों की जानकारी साझा की। इसमें ग्रामीणों को बताया गया कि बाढ़ की स्थिति में घबराने के बजाय संयम व सतर्कता के साथ राहत व बचाव कार्यों में प्रशासन का सहयोग करें। एसडीएम ने कहा कि प्राकृतिक आपदाएं बिना पूर्व सूचना के आ सकती हैं। इसलिए जरूरी है कि हम पहले से सतर्क और तैयार रहें। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे बाढ़ के दौरान प्रशासन के निर्देशों का पालन करें और सुरक्षित स्थानों पर समय से पहुंच जाएं। डॉ. ब्रजेश सिंह व सचिन दीक्षित ने बाढ़ के दौरान फैलने वाली बीमारियों व प्राथमिक उपचार के बारे में जानकारी दी। ग्राम पंचायत के सचिव महेंद्र भूषण सक्सेना ने ग्रामीण संरचनाओं व संसाधनों की भूमिका पर प्रकाश डाला। क्षेत्रीय लेखपाल आलोक ने राजस्व विभाग द्वारा आपदा की स्थिति में दी जाने वाली राहत योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सवाल-जवाब के माध्यम से जिज्ञासाओं का समाधान पाया। मॉकड्रिल के अंतर्गत बाढ़ आने की स्थिति को दर्शाने वाला दृश्य प्रस्तुत किया गया। जिससे ग्रामीणों को वास्तविक परिस्थिति का अनुभव कराया गया। प्रशासन की इस पहल की ग्रामीणों ने सराहना की और भविष्य में ऐसे कार्यक्रमों की आवश्यकता पर जोर दिया।

## एक नजर

### आज सुबह 9 से 12 बजे तक बाधित रहेगी बिजली

**नवाबगंज उन्नाव:** उपखंड अधिकारी रुद्र प्रताप ने बताया कि 220 केवी उपकेन्द्र दही चौकी पर शुक्रवार सुबह 33 केवी मेन बस का अनुरक्षण कार्य होना है। इसके चलते सुबह 9 से 12 बजे तक शटडाउन प्रस्तावित है। इस दौरान 33 केवी उपकेंद्र अजगैन व 33 केवी उपकेंद्र सोहरामऊ के नवाबगंज, रायपुर गढ़ी, नवई, अजगैन, बनी, आशाखेड़ा, बजेहरा, सोहरामऊ, सीहॉक, ई-स्पेस, आनंदी मैजिक वर्ल्ड, कत्था फैक्ट्री आदि फीडर की आपूर्ति तीन घंटे बाधित रहेगी।

### आत्महत्या के मामले में पत्नी व ससुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज, जांच जारी

**उन्नाव:** सदर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी युवक ने घरेलू कलह से परेशान होकर ज़हरीला पदार्थ निगलकर जान दे दी। उसके पास मिले सुसाइट नोट के आधार पर उसके ससुर व पत्नी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सदर कोतवाली अंतर्गत हिरन नगर मोहल्ला निवासी शाह मोहम्मद (42) पुत्र सलीम अहमद लखनऊ-कानपुर हाईवे पर ऑटो पार्ट्स की दुकान चलाता था। आर्थिक स्थिति ठीक न होने व घरेलू तनाव के चलते वह मानसिक रूप से परेशान रहता था। इसके चलते उसने जहरीला पदार्थ निगल लिया। परिजन गंभीर हालत में उसे कानपुर के हैलट अस्पताल ले गए। जहां उसकी मौत हो गई। उसके पास सुसाइड नोट में उसने अपनी पत्नी नाजमा खातून व उसके पिता मकबूल खान को आत्महत्या के लिए जिम्मेदार बताया है। कोतवाल अवनीश सिंह ने बताया कि पत्नी व ससुर पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है।

### एडीएम न्यायिक ने रथयात्रा मार्ग का किया निरीक्षण

**शुक्लागंज:** एडीएम न्यायिक अमिताभ यादव ने गुरुवार दोपहर गगनी खेड़ा स्थित कान्हा गौशाला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौशाला में संरक्षित गौवंशों की देखभाल, चारे-पानी की व्यवस्था, दवाओं के स्टॉक और साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण में व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। इस दौरान उनके साथ नगर पालिका ईओ मुकेश कुमार मिश्रा, जेई घनश्याम मौर्या और एसबीएम प्रभारी अनूप शुक्ला भी मौजूद रहे। गौशाला निरीक्षण के बाद एडीएम बालूघाट मोड़ स्थित टेंपो स्टैंड पहुंचे और वहां की व्यवस्थाएं देखीं। इसके पश्चात उन्होंने पोनी रोड होते हुए श्री जगन्नाथ रथ यात्रा के प्रस्तावित मार्ग का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# बाढ़ संकट के मद्देनजर मिश्रा कॉलोनी घाट में मॉकड्रिल


मॉकड्रिल के दौरान मिश्रा कॉलोनी घाट पर मौजूद एडीएम व अन्य। अमृत विचार


गंगा में डूब रहे युवक को बचाती बचाव टीम। अमृत विचार

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार:** लगातार हो रही बारिश से गंगा किनारे बसे क्षेत्रों में कटान और संभावित बाढ़ के खतरे को देखते हुए प्रशासन ने सतर्कता बढ़ा दी है। इसी क्रम में गुरुवार को शुक्लागंज की मिश्रा कॉलोनी घाट में मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास के जरिए बाढ़ की आपदा की स्थिति में बचाव कार्यों की तैयारी और समन्वय की जांच की गई।

### प्रशासन सतर्क

**एडीएम व अधिकारियों की मौजूदगी में कराया गया मॉकड्रिल**

मॉकड्रिल के दौरान एक नाव दुर्घटना की परिकल्पना कर यह प्रदर्शित किया गया कि डूबते लोगों को किस तरह से सुरक्षित बचाया जा सकता है। बचाव दल ने लाइफ जैकेट, बोट और रेस्क्यू तकनीक का प्रयोग कर फंसे लोगों को बाहर निकाला। मौके पर मौजूद स्थानीय निवासियों को आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूक किया गया और सहयोग की महत्ता बताई गई। अपर जिलाधिकारी सुशील कुमार ने बताया कि संवेदनशील इलाकों में निगरानी बढ़ा दी गई है और प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने विभागीय समन्वय को आपदा प्रबंधन की रीढ़ बताया। मॉकड्रिल में स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिका, विद्युत विभाग, आपदा प्रबंधन विभाग, स्थानीय पुलिस और राजस्व विभाग की टीमें सक्रिय रहीं। इस दौरान एसडीएम क्षितिज द्विवेदी, तहसीलदार अर्सला नाज, नायब तहसीलदार सदर यशवंत सिंह, परियर पूर्णिमा तिवारी, सिकंदरपुर कर्ण धीरज त्रिपाठी, बिछिया स्नेहा यादव, बिजली विभाग एसडीओ राजेन्द्र, ईओ मुकेश मिश्रा, लेखपाल अशोक सैनी, कोतवाल पी के मिश्रा, राजस्व विभाग की टीम, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, आपदा प्रबंधन विभाग, एक दर्जन गोताखोर मौजूद रहे।

## कल समस्याएं सुनेंगी उप्र राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष

**उन्नाव:** जिला प्रोबेशन अधिकारी क्षमानाथ राय ने बताया कि 28 जून 2025 को बबीता सिंह चौहान अध्यक्ष उप्र राज्य महिला आयोग की अध्यक्षता में दोपहर साढ़े 12 बजे से निरीक्षण भवन पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस उन्नाव में महिला जनसुनवाई का आयोजन किया गया है। इसमें अध्यक्ष द्वारा महिला उत्पीड़न की रोकथाम व पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने व आवेदक व आवेदिकाओं की सुगमता को देखते हुए जिले के उच्चाधिकारियों, प्रशासनिक व पुलिस विभाग के साथ महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा व महिला जनसुनवाई की जायेगी। जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओ व बच्चों के कल्याण के लिये संचालित विभिन्न योजनाओं से आमजन को जागरूक भी किया जायेगा। इसके बाद महिला उत्पीड़न के मामलों की जनसुनवाई होगी।

# श्री जगन्नाथ रथ यात्रा धूमधाम से निकलेगी आज

**यात्रा के दौरान नौ रथों पर होंगी भव्य झांकियां**

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार:** नगर में आज दोपहर तीन बजे नेहरू नगर स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर से गाजे-बाजे के साथ श्रीमद् भगवान जगन्नाथ जी की भव्य रथ यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है और पूरे मार्ग को आकर्षक रूप से सजाया गया है। इस बार यात्रा में कुल नौ रथ शामिल होंगे, जिनमें एक प्रमुख रथ पर भगवान जगन्नाथ, बलराम और सुभद्रा जी की प्रतिमाएं विराजमान रहेंगी। वहीं एडीएम सुशील कुमार ने यात्रा मार्ग का निरीक्षण भी किया।


यात्रा मार्ग में जगह-जगह शर्बत वितरण की व्यवस्था की गई है, जहां भक्तजन यात्रियों को शीतल पेय प्रदान करेंगे। समिति अध्यक्ष वीरेन्द्र शुक्ला ने बताया कि यात्रा मां बालेश्वरी स्मृति भवन, नेहरू नगर से प्रारंभ होकर अंबिका प्रसाद स्कूल, राजधानी मार्ग, पोनी रोड, प्रेम नगर, शक्ति नगर, सीताराम कॉलोनी, नवीन पुल होते हुए गंगाघाट थाने के सामने से सब्जी मंडी में स्थित कमल ज्वैलर्स की दुकान पर संपन्न होगी। रथ पर बैठकर समिति के अध्यक्ष सहित महामंत्री अंजनी अग्निहोत्री, कोषाध्यक्ष कमल वर्मा और अन्य पदाधिकारी प्रसाद वितरण करेंगे। यात्रा के सुचारु संचालन हेतु भारी पुलिस बल तैनात रहेगा। रूट में क्षतिग्रस्त सड़कों पर पैच वर्क का कार्य कराया गया है ताकि यात्रा में कोई बाधा न आए। अध्यक्ष ने बताया कि एडीएम ने यात्रा निकलने के दौरान पोनी रोड का यातायात रोकने को निर्देशित किया है। साथ ही फोरलेन पर सब्जी मंडी न लगाये जाने की भी बात कही है। जिससे यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा हो सके।


रथ यात्रा के रूट का स्थलीय निरीक्षण करते एडीएम। अमृत विचार

### शहर में भी निकलेगी श्री जगन्नाथ जी की विशाल रथयात्रा

**उन्नाव:** सार्वजनिक श्री जगन्नाथ रथयात्रा का आयोजन शुक्रवार को किया जाएगा। यात्रा का शुभारंभ शहर स्थित लक्ष्मी टॉकीज के सामने दिनेशवर मंदिर से शाम 7 बजे होगा। यात्रा गांधीनगर तिराहा, छोटा चौराहा, बड़ा चौराहा व मोती नगर से होकर क्लासिक लान में समाप्त होगी। समापन के बाद प्रसाद वितरण होगा। रथयात्रा कमेटी के अध्यक्ष रामप्रकाश चौरसिया ने बताया कि यात्रा के प्रमुख आकर्षण भगवान जगन्नाथ की विशाल झांकी के साथ, राधा कृष्ण, हनुमान की झांकी, राम दरबार, काली माता की झांकी, शंकर-पार्वती की झांकी, गणेश की झांकी रहेगी। सचिव विजय गुप्ता ने बताया कि यात्रा में आतिशबाजी की भी विशेष व्यवस्था रहेगी। कोषाध्यक्ष निर्भय निगम ने बताया कि रथयात्रा के समय विशेष भंडारे भी लगाए जाएंगे। अपील की गई कि अधिक से अधिक संख्या में भक्त भगवान जगन्नाथ यात्रा में शामिल हों।

# जगन्नाथ रथयात्रा मार्ग का एसपी ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश


मार्ग का निरीक्षण करते एसपी दीपक भूकर। अमृत विचार

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार:** श्री जगन्नाथ रथयात्रा को सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से गुरुवार शाम एसपी दीपक भूकर ने रथयात्रा मार्ग का निरीक्षण किया। उनके साथ सीओ सिटी सोनम सिंह, गंगाघाट इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार मिश्र तथा जगन्नाथ समिति के पदाधिकारी व पुलिस बल मौजूद रहा।

निरीक्षण के दौरान रथयात्रा के संभावित मार्गों की सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन और अन्य तैयारियों का जायजा लिया गया। एसपी ने सम्बंधित अधिकारियों को रूट पर संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने व निगरानी कैमरे तथा पीने के पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### रथयात्रा के दौरान विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

शुक्रवार को गंगाघाट स्थित राजधानी मार्ग पर भगवान श्री जगन्नाथ जी की रथयात्रा निकाली जाएगी। सुरक्षा कारणों से इस दौरान विद्युत आपूर्ति को बाधित किया जाएगा। अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खंड-द्वितीय गोकुल बाबा उन्नाव के अनुसार, 33/11 केवी उपकेंद्र गोकुल और शुक्लागंज से जुड़े 11 केवी शुक्लागंज फीडर नंबर 1, 2, 3 और 4 से पोषित क्षेत्र में दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक (लगभग चार घंटे) विद्युत आपूर्ति ठप रहेगी। वहीं औद्योगिक फीडर नंबर 1, 2, 3 व 4 से जुड़े क्षेत्रों में आंशिक विद्युत व्यवधान रहेगा।

**सख्ती** | जिला कृषि अधिकारी शशांक ने निरीक्षण के दौरान अभिलेखों में कमी मिलने पर पांच दुकानों पर की कार्रवाई

# अनियमितता मिलने पर चार बीज व खाद भंडार का लाइसेंस निलंबित

संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** जिला कृषि अधिकारी शशांक ने बीज व खाद दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान अभिलेखों में कमी मिलने पर पांच दुकानों पर कार्रवाई की गई। जिसमें मिथिलेश कुमार बीज भंडार अजगैन, राधा कृष्णा एग्री जंक्शन अजगैन, वासुदेव सीड व पेस्टिसाइड सोहरामऊ, शरद बीज भंडार एवं कीटनाशक केंद्र का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया। इसके अलावा बुद्ध खाद भंडार जोगा सरांय का लाइसेंस निरस्त कर दिया गया। साथ ही जिले के सभी खाद एवं बीज विक्रेताओं को निर्देशित किया कि वे अपनी दुकान पर स्टॉक रजिस्टर, वितरण रजिस्टर, कैश मेमो आदि जरूर रखें और संस्तुत मात्रा के हिसाब से और पीओएस मशीन से ही उर्वरक का वितरण करें। इसमें किसी भी प्रकार की अनियमितता मिलने पर संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी।


खाद व बीज भंडार की जांच करते जिला कृषि अधिकारी। अमृत विचार

### हरिहरपुर में चार बीघा शासकीय जमीन कब्जा मुक्त, प्रशासन ने लगवाया चेतावनी बोर्ड

**संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार:** हरिहरपुर ग्राम के गैर एहतमाली क्षेत्र स्थित शासकीय भूमि से अवैध कब्जे हटाने की कार्रवाई लगातार जारी है। गुरुवार को प्रशासन ने चार बीघा जमीन को कब्जा मुक्त कराकर वहां चेतावनी बोर्ड लगवाया। इससे पहले मंगलवार को प्रशासन ने 13 बीघे शासकीय जमीन को कब्जा मुक्त कराया था, जिसकी कीमत लगभग 1.76 करोड़ रुपये आंकी गई थी। शिकायतों के बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। गुरुवार शाम करीब पांच बजे नायब तहसीलदार परियर पूर्णिमा तिवारी, राजस्व निरीक्षक धीरज त्रिपाठी, लेखपाल अशोक सैनी और गंगाघाट पुलिस मौके पर पहुंची। टीम ने बुलडोजर चलवाकर जमीन पर बनी बाउंड्री वॉल को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई शांतिपूर्वक संपन्न हुई, किसी ने विरोध नहीं किया। कार्यवाही के बाद कब्जा मुक्त कराई गई भूमि पर सरकारी बोर्ड लगवाकर स्पष्ट चेतावनी दी गई कि यदि भविष्य में इस भूमि पर दोबारा अवैध कब्जा किया गया तो कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि हरिहरपुर गांव की कुल 21 बीघे शासकीय भूमि पर वर्षों से कुछ लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा था। अब प्रशासनिक कार्रवाई के चलते पूरी जमीन कब्जा मुक्त कराई जा चुकी है। टीम ने बताया कि 4 बीघे जमीन को आज खाली कराया जाएगा।


हरिहरपुर में कब्जा हटवातीं नायब तहसीलदार।

## सार-संक्षेप

### किशोरी से युवक ने छेड़छाड़ कर लूटे पांच हजार

**संवाददाता, हसनगंज उन्नाव, अमृत विचार:** माखी थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी ने पुलिस अफसरों को दिए प्रार्थनापत्र में बताया कि उसकी हसनगंज कोतवाली अंतर्गत एक गांव में ननिहाल है। वह बीते दिनों ननिहाल आई थी। वहां से वह अपनी मौसी के साथ गांव जा रही थी। तभी रास्ते में अहमदपुर व चिरियारी गांव के बीच बीबीपुर गांव का एक युवक बाइक से जा रहा था। किशोरी ने उससे हसनगंज तक छोड़ने का आग्रह किया तो युवक ने उसे बाइक में बैठा लिया। इसके बाद वह उसे हसनगंज न ले जाकर अजगैन-मोहान मार्ग ले गया। जहां छोटाखेड़ा व लालपुर गांव के बीच सुनसान जगह देख उसने बाइक रोक दी और उसके साथ अश्लील हरकत करने लगा। विरोध करने पर युवक ने किशोरी से हाथापाई की और उसके पास रखे 5 हजार रुपये निकाल लिए। किशोरी के शोर मचाने पर कुछ दूर मौजूद लोग वहां आने को दौड़े तो युवक उन लोगों को आता देख फरार हो गया। किशोरी ने बताया कि वह बीती 20 जून से थाने से लेकर एसपी कार्यालय तक में शिकायतीपत्र देकर गुहार लगा रही है। लेकिन अब तक उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई। सीओ संतोष सिंह ने बताया कि जांच कराकर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

### 'एक राष्ट्र एक समान शिक्षा' व्यवस्था लागू की जाए: दद्दू प्रसाद


सम्मेलन को संबोधित करते मुख्य अतिथि दद्दू प्रसाद। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार:** राजर्षी छत्रपति शाहूजी महाराज के जन्मदिवस पर सम्मेलन का आयोजन सामाजिक परिवर्तन मिशन व सनातन धर्म संघ के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इसमें मुख्य अतिथि दद्दू प्रसाद पूर्व कैबिनेट मंत्री उप्र व मुख्य वक्ता प्रोफेसर विलास खरात राष्ट्रीय संयोजक सनातन धर्म संघ मौजूद रहे। अध्यक्षता एडवोकेट रामकुमार गोयल ने की। मुख्य अतिथि दद्दू प्रसाद ने समाज को जोड़ने व समाज के प्रतिनिधित्व व भागीदारी की चर्चा करते हुए एक राष्ट्र एक समान शिक्षा व्यवस्था लागू करने पर जोर दिया। कहा कि इससे समाज के उपेक्षित वर्ग को उचित व गुणवत्ता परक शिक्षा मिल सकेगी। संचालन डीसी आजाद एडवोकेट ने किया। इस दौरान राजकुमार चौरसिया, मनीष सैनी, सुखदेव यादव, पीयूष लोधी, नीरज कुशवाहा, सरल कुमार शर्मा, राजकुमार गौतम, रामबाबू गौतम, एडवोकेट राजन वर्मा उपस्थित रहे।

### जिले में 30 व इससे कम छात्र संख्या वाले 336 विद्यालय चिह्नित

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार:** परिषदीय विद्यालयों में उपलब्ध संसाधनों का समन्वित उपयोग करने हेतु अपर्याप्त छात्र संख्या वाले विद्यालयों को मर्जर के संबंध में बीएसए संगीता सिंह ने खंड शिक्षाधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। इसमें उन्होंने कहा कि महानिदेशक स्कूल शिक्षा उप्र लखनऊ द्वारा परिषदीय विद्यालयों का निकटस्थ विद्यालयों के साथ मर्जर करने के सम्बन्ध में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिए गए थे। जिसमें जिले में 336 विद्यालय ऐसे चिह्नित हुए हैं। यहां छात्र-छात्राओं की संख्या 30 या इससे कम है। ऐसे विद्यालयों से ग्राम प्रधान, ग्राम शिक्षा समिति व अभिभावकों से संवाद कर शासनादेश में वर्णित व्यवस्था से अवगत कराते हुए मर्जर हेतु सर्वसम्मति से प्रस्ताव भेजा जाए। ताकि प्रकरण पर अग्रेतर कार्यवाही करते हुए उच्चाधिकारियों को स्थिति से अवगत कराया जा सके। 30 या उससे कम छात्र संख्या वाले विद्यालयो में असोहा विकासखंड में 19, औरास में 5, बांगरमऊ में 8, बिछिया में 13, बीघापुर में 51, नगर क्षेत्र में 4, फतेहपुर चौरासी में 18, गंजमुरादाबाद में 10, हसनगंज में 14, हिलौली में 24, मियागंज में 18, नवाबगंज में 8, पुरवा में 36, सफीपुर में 10, सिकंदरपुर करण में 20, सरोसी में 16, सुमेरपुर में 62 विद्यालय इस परिधि में आते हैं।

### ईंट लदी ट्रैक्टर ट्रॉली ने तोड़ा बिजली पोल, हादसा टला

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार:** गुरुवार दोपहर शुक्लागंज के शक्तिनगर क्षेत्र में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब इंटरलॉकिंग ईंट लदी एक ट्रैक्टर ट्रॉली ने सड़क किनारे लगे सीमेंटेड बिजली पोल में टक्कर मार दी। हादसा दोपहर करीब 1:15 बजे बहादुर बगिया के पास हुआ। ट्रॉली चालक ने पोल के पास से गुजरते समय संतुलन खो दिया, जिससे पोल नीचे से टूट गया और सामने बने मकान के छज्जे पर जा टिका। स्थानीय लोगों की सतर्कता से बड़ी अनहोनी टल गई। उन्होंने तत्काल विद्युत विभाग को सूचना दी, जिसके बाद आपूर्ति बंद कर दी गई। हादसे के समय घर में लोग मौजूद थे, लेकिन बिजली बंद होने से वे करंट की चपेट में आने से बच गए।

### जयंती पर राजर्षि छत्रपति शाहूजी महाराज को किया याद

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार:** बौद्ध पर्यटन स्थल गांव नेवल में गुरुवार को अपना दल एस द्वारा राजर्षि छत्रपति शाहूजी महाराज की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। इसमें सबसे पहले कार्यकर्ताओं ने साहू जी के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। मुख्य अतिथि दल के मंडल उपाध्यक्ष अमरेश पटेल ने साहू जी महाराज के जीवन चरित्र पर कहा कि साहू जी महाराज ने वर्ष-1894 से कोल्हापुर नरेश के रूप में शासन को संभाला। इन्होंने शिक्षा की अलख जगाते हुए गरीब व पिछड़ों को आरक्षण व छात्रावास की स्थापना की और आरक्षण के जनक कहलाए। अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष विकास पटेल व संचालन कार्यक्रम प्रभारी जिला उपाध्यक्ष डॉ. राजेश पाल ने किया। इसमें जिला महासचिव सुधांशु कटियार, ओमकार मौर्य व सहकारिता मंच के जिलाध्यक्ष कौशल गुप्ता ने भी संबोधित किया। वहीं जिला सचिव कुंवर पाल आर्य, जोन अध्यक्ष विनोद कटियार, जिला सचिव युवा मंच अमन शर्मा, आनंद अर्कवंशी, बेचेलाल दिवाकर, जिला उपाध्यक्ष सांस्कृतिक मंच बंशीलाल अर्कवंशी, महेश गुप्ता, अनिल गौतम, सतीश कटियार, जगन्नाथ प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

### योजनाओं से सभी महिलाओं को करें लाभान्वित

**उन्नाव, अमृत विचार:** उप्र राज्य महिला कल्याण निगम अध्यक्ष कमलावती ने गुरुवार को पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस स्थित सर्किट हाउस सभागार में जिला स्तरीय व विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इसमें उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं को लेकर संचालित योजनाओं से सभी को लाभान्वित करें। इस दौरान सहायक श्रमायुक्त एसएन नागेश, जिला समाज कल्याण अधिकारी प्रकाश पांडेय, बाल विकास परियोजना अधिकारी स्वपनिल पाल, जिला प्रोबेशन अधिकारी क्षमानाथ राय, एकता श्रीवास्तव, दिवाकर ओझा, अवधेश कुमार आदि उपस्थिति रहे।

### विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के बारे में दी जानकारी

**संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार:** नगर पंचायत गंजमुरादाबाद कार्यालय के सभागार में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत हुई बैठक में बताया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 से 31 जुलाई तक चलेगा। नगर पंचायत गंजमुरादाबाद के सभागार में पंचायत कर्मियों, सभासदों व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बैठक कर अभियान को सफल बनाने की रूपरेखा बनाई। साथ ही कर्मचारियों को निर्देश दिया कि नगर के सभी क्षेत्रों में साफ-सफाई रखने के साथ लोगों को इसके लिए जागरूक करें। बैठक में अध्यक्ष प्रतिनिधि हाजी सलीम कुरैशी ने कहा कि अभियान को हर हाल में सफल बनाएं। बैठक में सभासद मोनिस अंसारी, अजहरुद्दीन उर्फ शेखू, जब्बार बेग, गुफरान, शोएब सहित कई वार्डों के सभासद व नगर पंचायत के कर्मचारी मौजूद रहे।

### एसडीएम व सीओ ने बताई ताजिये उठाने की गाइड लाइन

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार:** मोहर्रम पर्व को लेकर गुरुवार को कोतवाली परिसर में एसडीएम शुभम यादव की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें एसडीएम ने ताजियों की ऊंचाई को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में भाईचारे के साथ मोहर्रम मनाएं। ताजिया की ऊंचाई को लेकर शासन ने एक गाइडलाइन जारी की है। जिसमें ताजिया की ऊंचाई 10 से 12 फीट से अधिक नहीं होनी चाहिए। यदि शासन की गाइडलाइन से हटकर अधिक ऊंचाई की ताजिया उठाई और कोई हादसा हुआ तो ताजिएदार के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नगर पालिका ईओ गुंजन गुप्ता को नगर में ताजिया जुलूस मार्ग पर अभियान चलाकर सफाई कराने के निर्देश दिए। सीओ अरविंद चौरसिया ने कहा कि मोहर्रम पर कोई नई परंपरा न डाली जाए। पूर्व की भांति निर्धारित स्थानों पर ही ताजिए रखे जाएंगे। इस दौरान कोतवाल चंद्रकांत सिंह, अतिरिक्त निरीक्षक रामनारायण, नगर पालिका परिषद के वरिष्ठ लिपिक रविन्द्र, जेई धीरेंद्र सोनी, बाबू हबीबुलहमान, हाजी लईक खां, इसरार खां, मो. हफीज, मो. आफाक, डॉ. जाकिर अली, अब्दुल कादिर, मो. इसहाक, सिराज अंसारी, कल्लू प्रधान आदि रहे।

### आंगनबाड़ी भवन विभाग को करें हस्तांतरित

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार:** विकास भवन सभागार में सीडीओ कृति राज की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला पोषण समिति की बैठक में विभाग द्वारा निर्धारित विभिन्न योजनाओं, आपूर्ति पोषाहार, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, हॉट कुक्ड मील योजना, आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई। इसमें सीडीओ ने कहा कि आंगनबाड़ी भवनों को गुणवत्ता पूर्ण बनाकर जुलाई माह के अंत तक संबंधित विभाग को हस्तांतरित करें। जिन आंगनबाड़ी केंद्र के भवनों को कार्यदायी संस्था द्वारा पूर्ण दिखा दिया गया है लेकिन, उनमें अभी कुछ कमियां हैं जैसे निर्मित आंगनबाड़ी केंद्र भवनों के रैंप में रैलिंग, टाइल्स, वाल पेंटिंग व विद्युत आदि का कार्य अवशेष है। उन्हें पूरा कराते हुए जल्द हस्तांतरित करें। बैठक में सीएमओ, मुख्य चिकित्साधीक्षक, जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित समिति के अन्य सदस्य, समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारियों व अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।


# सेंसेक्स 1000 अंक चढ़ा, बाजार झूमा

## भू-राजनीतिक तनाव कम होने और बड़ी कंपनियों के शेयरों में लिवाली से आई तेजी

**मुंबई, एजेंसी**

भू-राजनीतिक तनाव कम होने और चुनिंदा बड़ी कंपनियों के शेयरों में लिवाली से स्थानीय शेयर बाजार गुरुवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में जहां 1,000 अंक का जोरदार उछाल आया, वहीं निफ्टी 304 अंक चढ़ गया।

प. एशिया में तनाव कम होने और घरेलू स्तर पर उपजे आशावाद ने निवेशकों की धारणा को मजबूती दी। साथ ही अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में मजबूती के रुख से भी तेजी को समर्थन मिला। बीएसई का सेंसेक्स 1,000.36 अंक बढ़कर 83,755.87 अंक पर बंद हुआ। एनएसई का निफ्टी भी 304.25 अंक बढ़कर 25,549 अंक पर बंद हुआ।सेंसेक्स में टाटा स्टील, बजाज फाइनेंस, भारती एयरटेल, अडाणी पोर्ट्स, इटर्नल, बजाज फिनसर्व, एनटीपीसी, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एक्सिस बैंक के शेयरों में तेजी रही। वहीं, ट्रेंट, एसबीआई, टेक महिंद्रा, मारुति और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों में गिरावट आई।



● अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में मजबूती के रुख से भी बाजार को मिला समर्थन

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, प. एशिया में शांति के बाद मानक सूचकांक ने निवेशकों के भरोसे को दर्शाया। हालांकि, विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली जारी है, लेकिन घरेलू संस्थागत निवेशक घरेलू खपत बढ़ने और नकदी की स्थिति सुधरने से शुद्ध खरीदार बने हैं। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, मासिक वायदा अनुबंधों के निपटान के दिन बाजार 1% से अधिक चढ़ गए। सत्र की शुरुआत से ही सकारात्मक कारोबार हुआ, जिसके पीछे वैश्विक संकेतों की अहम भूमिका रही। चुनिंदा कंपनियों में खरीदारी से बढ़त को मजबूती मिली। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की बढ़त, जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग के हैंग सेंग में गिरावट रही।

### तीन सत्र में निवेशकों की संपत्ति 9.70 लाख करोड़ बढ़ी

नई दिल्ली। भू-राजनीतिक तनाव कम होने के बाद बढ़ती सकारात्मक धारणा के बीच बाजार में तीन सत्र में तेजी से निवेशकों की संपत्ति 9.70 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। सेंसेक्स में तीन सत्र में 1,859.08 अंक या 2.27 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। बीएसई में शामिल कंपनियों का बाजार पूंजीकरण तीन सत्र में 9,70,200.71 करोड़ रुपये बढ़कर 4,57,52,700.57 करोड़ रुपये हो गया। बीएसई में 2,097 शेयर में तेजी आई, 1,900 में गिरावट आई तथा 156 शेयर में कोई बदलाव नहीं हुआ।

### क्षेत्रवार सूचकांकों में भी रही बढ़त

व्यापक बाजार में बीएसई मिडकैप सूचकांक में 0.56 प्रतिशत की तेजी रही जबकि स्मॉलकैप 0.12 प्रतिशत चढ़ गया। क्षेत्रवार सूचकांकों में से धातु खंड में सर्वाधिक 2.28 प्रतिशत की तेजी रही जबकि तेल एवं गैस खंड में 1.88 प्रतिशत और ऊर्जा खंड में 1.68 प्रतिशत की बढ़त रही। बीएसई पर सूचीबद्ध 2,097 शेयरों में तेजी रही जबकि 1,900 शेयर गिरकर बंद हुए और 156 अन्य के भाव अपरिवर्तित रहे।

### एफआईआई ने 2427 करोड़ के शेयर बेचे

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.18% बढ़कर 67.80 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 2,427.74 करोड़ के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 2,372.96 करोड़ के शेयर खरीदे। बुधवार को सेंसेक्स 700.40 अंक उछलकर 82,755.51 अंक पर और निफ्टी 200.40 अंक चढ़कर 25,244.75 अंक पर रहा था।

## द्वैधाधिकार मॉडल: बढ़ता व्यापारिक रुझान

द्वैधाधिकार (दोहरी लाइसेंसिंग) एक व्यापारिक रणनीति है, जिसमें कोई कंपनी एक ही सॉफ़्टवेयर या उत्पाद को दो अलग-अलग लाइसेंसों के तहत जारी करती है। आमतौर पर एक ओपन-सोर्स और दूसरा व्यावसायिक। यह मॉडल तकनीकी कंपनियों, विशेष रूप से सॉफ़्टवेयर विकास में आम है। इससे कंपनियों को उत्पाद की व्यापक स्वीकार्यता और व्यावसायिक लाभ दोनों मिलते हैं। उद्यमी ओपन-सोर्स संस्करण को मुफ्त में अपनाकर उत्पाद का मूल्य समझ सकते हैं, जबकि व्यावसायिक संस्करण उन कंपनियों के लिए होता है जिन्हें अतिरिक्त सुविधाएं, समर्थन या सुरक्षा चाहिए होती है।



### क्या है द्वैधाधिकार

द्वैधाधिकार- एक ही उत्पाद को दो अलग-अलग लाइसेंस शर्तों पर उपलब्ध कराना। सामान्यत:, एक ओपन-सोर्स लाइसेंस के तहत सॉफ्टवेयर को सार्वजनिक रूप से मुफ्त उपलब्ध कराया जाता है, जबकि दूसरा- प्रोप्रायटरी या वाणिज्यिक लाइसेंस- भुगतान आधारित सुविधाओं और सेवाओं के साथ आता है। यह रणनीति तकनीकी स्टार्टअप्स, सॉफ़्टवेयर कंपनियों और ओपन-सोर्स परियोजनाओं में व्यापक रूप से अपनाई जाती है।

### इस रणनीति से फायदे

- **बाजार विस्तार :** ओपन-सोर्स से उत्पाद का प्रसार, जिससे उपयोगकर्ता समुदाय बनता है।
- **राजस्व सृजन :** वाणिज्यिक लाइसेंस के माध्यम से कंपनियां राजस्व प्राप्त कर सकती हैं।
- **फीडबैक और सुधार :** फ्री उपयोगकर्ता फीडबैक देते हैं, जिससे उत्पाद बेहतर होता है।
- लचीली ग्राहक सेवा : ग्राहकों के अनुसार सेवाएं और सुविधाएं कस्टमाइज करना।

### जोखिम को समझें

- **लाइसेंस भ्रम :** ग्राहकों को ओपन-सोर्स व वाणिज्यिक लाइसेंस की शर्तों में भ्रम होता है।
- **कस्टमर कन्वर्जन चुनौती :** सभी मुफ्त उपयोगकर्ता भुगतान ग्राहक नहीं बनते।
- **सुरक्षा :** ओपन-सोर्स संस्करण के कोड सार्वजनिक होने से साइबर जोखिम बढ़ सकता है।
- **कानूनी जटिलता :** लाइसेंस उल्लंघन पर कंपनी की प्रतिष्ठा को नुकसान हो सकता है।

**किन क्षेत्रों में प्रभावी :** आईटी कंपनियां, एंटरप्राइज सॉफ़्टवेयर कंपनियां, साइबर सुरक्षा समाधान प्रदाता, डेटा एनालिटिक्स और मशीन लर्निंग प्लेटफ़ॉर्म

# रेपो दर में 0.50% कटौती का लाभ ग्राहकों तक पहुंचाएं सभी बैंक :आरबीआई रिपोर्ट

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि सभी बैंकों को नीतिगत दरों में कटौती का लाभ ग्राहकों तक तेजी से पहुंचाते हुए कर्ज को सस्ता करना चाहिए। केंद्रीय बैंक ने इसी महीने प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 0.50% घटाकर 5.50% कर दिया है।

रिजर्व बैंक के जून बुलेटिन में प्रकाशित एक लेख में इस बात पर जोर दिया गया है कि दरों में कटौती का लाभ ग्राहकों तक प्रभावी तरीके से पहुंचाने के लिए वित्तीय स्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं। अधिकांश बैंक फरवरी और अप्रैल में घोषित दरों में कटौती का लाभ ग्राहकों तक पहले ही पहुंचा चुके हैं। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) और एचडीएफसी बैंक सहित कई बड़े बैंक 6 जून को आरबीआई द्वारा रेपो दर में 0.50% की कटौती के कुछ ही दिन में अपनी मानक ऋण दर से जुड़ी ब्याज दर में इतनी ही कटौती कर चुके हैं।

● प्रमुख नीतिगत दर रेपो को केंद्रीय बैंक ने 0.50% घटाकर 5.50% कर दिया है

इसी महीने रेपो दर में 0.50% की कटौती के अलावा, आरबीआई ने वर्ष की दूसरी छमाही के दौरान चरणबद्ध तरीके से नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में 1% की कटौती करके इसे शुद्ध मांग और सावधि देयताओं (एनडीटीएल) के 3% तक लाने की घोषणा की थी। रिजर्व बैंक के जून के बुलेटिन में अर्थव्यवस्था की स्थिति विषय पर प्रकाशित लेख में कहा गया, वित्तीय स्थितियां ब्याज दर में कटौती का लाभ ऋण बाजार तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए अनुकूल बनी हुई हैं।

## रिलायंस इंडस्ट्रीज की पूंजी फिर 20 लाख करोड़ के पार

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में गुरुवार को 2% की तेजी आई और कंपनी की पूंजी (मार्केट कैप) फिर 20 लाख करोड़ के आंकड़े को पार कर गया। कंपनी का शेयर 1.90% की तेजी के साथ 1,495.20 रुपये पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 2.14% चढ़कर 1,498.70 रुपये पहुंचा था। एनएसई पर शेयर 1.90% चढ़कर 1,495.30 रुपये पर पहुंच गया। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 37,837.9 करोड़ बढ़कर 20,23,375.31 करोड़ हो गया।

# 7 आवासीय बाजारों में कीमतें 11% बढ़ी, बिक्री 20% घटी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश के शीर्ष 7 शहरों में तिमाही में आवास की कीमते सालाना आधार पर 11% बढ़ीं, जिससे बिक्री में 20% की गिरावट आई। रियल एस्टेट सलाहकार एनारॉक ने भारत के 7 प्रमुख आवासीय बाजारों के आंकड़े गुरुवार को जारी किए। अप्रैल-जून तिमाही में मकानों की बिक्री में 20% की गिरावट आई। अप्रैल-जून तिमाही में इस साल 96,285 मकान बेचे गए जबकि पिछले साल इसी तिमाही में 1,20,335 इकाइयों की बिक्री की गई थी। दिल्ली-एनसीआर, मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे और कोलकाता में मकानों की बिक्री में गिरावट आई। चेन्नई में मांग में वृद्धि दर्ज की गई। एनारॉक के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा, 2025 की दूसरी (अप्रैल-जून) तिमाही भारतीय आवास बाजार के लिए उतार-चढ़ाव भरी रही। देश और विदेश में सैन्य कार्रवाइयां भी इसकी मुख्य वजह रही।



● रियल एस्टेट सलाहकार एनारॉक ने आवासीय बाजारों के आंकड़े किए जारी

### रियल एस्टेट में पीई निवेश घटकर 1.73 अरब डॉलर

**नई दिल्ली।** भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र में निजी इक्विटी (पीई) निवेश चालू कैलेंडर साल में 15 जून तक 1.73 अरब डॉलर रहा, जो 2024 की पहली छमाही के 2.96 अरब डॉलर के मुकाबले बेहद कम है। संपत्ति सलाहकार नाइट फ्रैंक इंडिया ने कहा कि 2025 की पहली छमाही में रियल एस्टेट क्षेत्र में पीई निवेश और गिरने की आशंका है क्योंकि निवेशक सतर्क रुख अपना रहे हैं। उच्च ब्याज दरें, नकदी की सख्त स्थिति और जोखिम-समायोजन एवं कर-पश्चात रिटर्न को लेकर निवेशकों की बढ़ती पड़ताल के कारण वैश्विक पूंजी प्रवाह में बदलाव इस संभावित गिरावट के मुख्य कारण हैं।

### 7 शहरों में कार्यालय स्थल की पट्टा मांग 11% बढ़ी

वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद कंपनियों की अच्छी मांग से 7 प्रमुख शहरों में कार्यालय स्थल की पट्टा मांग 11% बढ़कर 178 लाख वर्ग फीट हो गया। अप्रैल-जून 2024 में 7 प्रमुख शहरों में सकल पट्टा मांग 161 लाख वर्ग फीट था। रियल एस्टेट सलाहकार कोलियर्स इंडिया के अनुसार, 6 शहरों बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर), हैदराबाद, कोलकाता और पुणे में मांग बढ़ी है। मुंबई में कार्यालय स्थल की पट्टा मांग में गिरावट आई है। कोलियर्स के प्रबंध निदेशक (भारत में कार्यालय सेवाएं) अर्पित मेहरोत्रा ने कहा, भारत का कार्यालय बाजार दो वर्ष में भी और वृद्धि करेगा।



## एक नजर

### छत्तीसगढ़ : मुठभेड़ में दो महिला नक्सली ढेर

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो महिला नक्सली को मार गिराया। पुलिस अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि अबूझमाड़ क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो महिला नक्सलियों को मार गिराया। माओवादियों के माड़ डिवीजन के नक्सलियों के होने की सूचना पर नारायणपुर और कोंडागांव जिले के जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और एसटीएफ के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान में रवाना किया गया था। बुधवार शाम को जब सुरक्षाबल के जवान क्षेत्र में थे तब नक्सलियों के साथ मुठभेड़ शुरू हुई।

### बांग्लादेश सीमा के पास से सोने के 20 बिस्कुट बरामद

**कोलकाता।** बीएसएफ ने प. बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा के पास सोने के 20 बिस्कुट बरामद किए हैं। एक अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि जब्त हुए 2.367 किलोग्राम सोने का अनुमानित बाजार मूल्य 2.31 करोड़ रुपये से अधिक है। जीतपुर सीमा चौकी पर तैनात 59 बटालियन के जवानों ने बुधवार को सीमा पार करने की कोशिश कर रहे साइकिल सवार व्यक्ति को रोका और उसके पास से सोने के बिस्कुट बरामद किए।

### शिअद नेता मजीठिया को सतर्कता रिमांड में भेजा

**चंडीगढ़।** मोहाली की अदालत ने गुरुवार को शिरोमणि अकाली दल के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया को 7 दिन की सतर्कता रिमांड में भेज दिया। सतर्कता ब्यूरो ने 540 करोड़ से अधिक के मादक पदार्थ से अर्जित धन के शोधन में गिरफ्तार किया था। अदालत में पेश करने से पहले पुलिस ने कई समर्थकों को हिरासत में लिया जो प्रदर्शन कर रहे थे।

# हिंदी किसी भारतीय भाषा की विरोधी नहीं

## भाषा विभाग के स्वर्ण जयंती समारोह में गृह मंत्री शाह बोले- किसी विदेशी भाषा का विरोध नहीं होना चाहिए

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि हिंदी किसी भारतीय भाषा की विरोधी नहीं है, बल्कि यह सभी भारतीय भाषाओं की सखी है और देश में किसी विदेशी भाषा का विरोध नहीं होना चाहिए। केंद्र सरकार के आधिकारिक भाषा विभाग के स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित करते हुए शाह ने सभी राज्य सरकारों से चिकित्सा और इंजीनियरिंग शिक्षा स्थानीय भाषा में प्रदान करने की पहल करने भी आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि केंद्र सभी राज्य सरकारों को प्रशासनिक कामकाज में भारतीय भाषाओं का उपयोग करने में मदद करेगा। गृह मंत्री ने कहा, मेरा विश्वास है कि हिंदी किसी भी भारतीय भाषा की विरोधी नहीं हो सकती। हिंदी सभी भारतीय भाषाओं की सखी है। हिंदी और अन्य भारतीय भाषाएं मिलकर देश की संस्कृति के स्वाभिमान को और बढ़ा सकती हैं। गृह मंत्री ने कहा कि गुलामी की मानसिकता से सभी को मुक्ति मिलनी चाहिए और जब तक कोई व्यक्ति अपनी भाषा पर गर्व नहीं करेगा या अपनी भाषा में अपनी बात नहीं कहेगा, तब तक वह व्यक्ति गुलामी की मानसिकता से मुक्त नहीं हो सकता।



उन्होंने कहा, किसी भाषा का विरोध नहीं है। किसी विदेशी भाषा का विरोध नहीं होना चाहिए, लेकिन अपनी भाषा का गौरव बढ़ाने की ललक होनी चाहिए, अपनी भाषा बोलने की ललक होनी चाहिए, अपनी भाषा में सोचने की ललक होनी चाहिए। शाह ने कहा कि जहां तक देश का सवाल है, भाषा सिर्फ संचार का माध्यम नहीं है, यह राष्ट्र की आत्मा है। शाह ने कहा, भारतीय भाषाओं को जीवंत रखना और उन्हें समृद्ध बनाना महत्वपूर्ण है। हमें आने वाले दिनों में सभी भारतीय भाषाओं, विशेषकर राजभाषा के लिए हरसंभव प्रयास करने चाहिए।

### मादक पदार्थ तस्करों पर प्रहार कर रही सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मादक पदार्थ को युवाओं के लिए सबसे बड़ी समस्या बताते हुए गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार नशीले पदार्थों की तस्करी करने वालों पर बेरहमी से प्रहार कर रही है और नशे की लत में फंसे युवाओं को सहानुभूति के साथ सामान्य जीवन की ओर लौटा रही है। शाह ने अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ निषेध और तस्करी रोकथाम दिवस के अवसर पर नशा मुक्त भारत की लड़ाई में शामिल योद्धाओं और सहयोगियों को शुभकामनाएं देते हुए यह बात कही। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, नशीले पदार्थ हमारे युवाओं के लिए सबसे बड़ी समस्या हैं। इस खतरे से निपटने के लिए पूरी मोदी सरकार काम कर रही है, 'नार्को-कार्टेल' पर बेरहमी से प्रहार कर रही है और नशे की लत में फंसे युवाओं को सहानुभूति के साथ सामान्य जीवन की ओर लौटा रही है। गृह मंत्री ने उम्मीद जताई कि यह दिन नशीले द्रव्यों के दुरुपयोग के खतरे के खिलाफ देश के संकल्प को और मजबूत करेगा।

## भाषा के आधार पर लोगों को बांटने की कोशिश : उद्धव

**मुंबई, एजेंसी**

शिवसेना (उबाठा) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने गुरुवार को आरोप लगाया कि भाजपा भाषा के आधार पर लोगों के बीच विभाजन पैदा करने की कोशिश कर रही है और महाराष्ट्र में भाषाई आपातकाल लगा रही है।

उद्धव ने कहा कि उनकी पार्टी हिंदी के विरोध में नहीं है, लेकिन मराठी भाषी राज्य में हिंदी भाषा थोपे जाने के खिलाफ जरूर है। मराठी और अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में कक्षा 1 से 5 तक के छात्रों को हिंदी पढ़ाने के मुद्दे पर जारी विवाद के बीच उन्होंने कहा कि हम किसी भाषा का विरोध या उससे नफरत नहीं करते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हम किसी भी भाषा को थोपने की अनुमति देंगे।



● उद्धव बोले- मराठी भाषी राज्य में हिंदी थोपे जाने के खिलाफ

उन्होंने अपनी पूर्व सहयोगी पार्टी पर निशाना साधते हुए दावा किया कि भाजपा भाषा के आधार पर लोगों के बीच विभाजन पैदा करने की कोशिश कर रही है। ठाकरे ने आरोप लगाया कि भाजपा का गुप्त एजेंडा हिंदी को थोपने का है। पूर्व मुख्यमंत्री ने यह दावा भी किया कि सत्तारूढ़ पार्टी भाषाई आपातकाल लगा रही है।

## एक साथ चुनाव के मुद्दे पर संसदीय समिति के सामने पक्ष रखेंगे दो पूर्व सीजेआई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पूर्व प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ और जेएस खेहर एक साथ चुनाव कराने के प्रस्ताव वाले विधेयकों का अध्ययन कर रही संसदीय समिति के समक्ष अपना पक्ष रखेंगे। एक सूत्र ने गुरुवार को बताया कि संविधान (129वां संशोधन) विधेयक, 2024 और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 पर संसद की संयुक्त समिति की अगली बैठक 11 जुलाई को तय है, जब समिति के सदस्य दोनों पूर्व सीजेआई से बात करेंगे। वहीं, वरिष्ठ अधिवक्ता और पूर्व राज्यसभा सदस्य ईएम सुदर्शन नचियप्पन, जो कार्मिक, लोक शिकायत, कानून और न्याय पर स्थायी समिति के पूर्व अध्यक्ष भी हैं और पूर्व केंद्रीय कानून मंत्री एम वीरप्पा मोइली भी समिति के समक्ष उपस्थित होंगे। यह 39 सदस्यीय समिति एक साथ चुनाव कराने के मुद्दे से संबंधित दो विधेयकों की जांच कर रही है, जिसमें संविधान में संशोधन करने वाला विधेयक भी शामिल है। पीपी चौधरी की अध्यक्षता वाली समिति का कार्यकाल मानसून सत्र के अंतिम सप्ताह के पहले दिन तक बढ़ाया गया है।





### बचपन की मस्ती



गुजरात के राजकोट में भारी बारिश के बाद कई इलाकों में जलभराव हो गया, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो गया। वहीं दूसरी ओर बच्चों ने इसे खेल का अवसर बना लिया और पानी भरे सड़को पर मस्ती करते नजर आएं। एजेसी

## सीबीआई का 42 ठिकानों पर छापा, नौ हिरासत में

**देहरादून/नई दिल्ली, अमृत विचार।** सीबीआई ने 700 से अधिक बैंक शाखाओं में 8.5 लाख ऐसे फर्जी या निष्क्रिय खातों का पता लगाया है, जिनका इस्तेमाल डिजिटल अरेस्ट, धोखाधड़ी वाले निवेश और यूपीआई-आधारित धांधली से कमाई के लिए हो रहा था।

सीबीआई प्रवक्ता ने बताया कि इन खातों पर कार्रवाई करते हुए ऑपरेशन चक्र के तहत राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में 42 ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान नौ संदिग्धों (दिल्ली से 3, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और राजस्थान से 2-2) को हिरासत में लिया गया, जिनमें कथित बिचौलिये, एजेंट, एग्रीगेटर, खाताधारक और बैंकिंग प्रतिनिधि शामिल हैं। इन पर फर्जी खाते खोलने में मदद करने का आरोप है।

# वैवाहिक मामलों में मध्यस्थता को लेकर गलतफहमी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि वैवाहिक मामलों में मध्यस्थता की अवधारणा के बारे में गलतफहमी है और अक्सर मध्यस्थता का मतलब यह माना जाता है कि दोनों पक्षों को एक साथ रहना होगा।

न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन और एन कोटिश्वर सिंह ने एक स्थानांतरण याचिका पर यह टिप्पणी की। न्यायमूर्ति विश्वनाथन ने कहा, वैवाहिक मामलों में हमने पाया गया कि मध्यस्थता की अवधारणा को लेकर गलतफहमी है। जैसे ही हम मध्यस्थता की बात करते हैं, उन्हें लगता है कि हम उन्हें साथ रहने को कह रहे हैं। हमें इस बात से कोई मतलब नहीं है कि वे साथ हैं या अलग। हम बस मामले का हल चाहते हैं। हम चाहेंगे कि वे साथ रहें। सुप्रीम कोर्ट ने वाणिज्यिक अदालतें अधिनियम, 2015 का उल्लेख किया, जिसमें मुकदमे से पहले मध्यस्थता और समाधान का प्रावधान है। पीठ ने कहा, वाणिज्यिक अदालतें अधिनियम में भी आपको इससे गुजरना होता है।



### कर्नाटक पुलिस की याचिका पर सुनवाई को शीर्ष सहमति

सुप्रीम कोर्ट ने हत्या के मामले में आरोपी की हिरासत से जुड़े आदेश को कर्नाटक हाईकोर्ट द्वारा खारिज करने के खिलाफ राज्य पुलिस की याचिका पर सुनवाई के लिए गुरुवार को सहमत जताई। हाईकोर्ट ने ये कहते हुए हिरासत से जुड़े अधीनस्थ अदालत के आदेश को खारिज कर दिया था कि आरोपी को गिरफ्तारी का आधार नहीं बताया गया था। न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन और एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि इस मामले पर विचार करने की आवश्यकता है। विशेष अनुमति याचिका और स्थगन अर्जी पर नोटिस जारी करें।

### न्यायालय ने चिकित्सकों की याचिका की खारिज

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बेंगलुरु का महानगरीय जीवन बहुत आकर्षक है और उसने शहर से बाहर स्थानांतरण के खिलाफ दायर चिकित्सकों की याचिका पर विचार करने से इन्कार कर दिया। न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और के.विनोद चंद्रन की पीठ ने यह उल्लेख किया कि यदि चिकित्सकों का बेंगलुरु से बाहर तबादला किया गया है तो इसमें कोई पूर्वाग्रह नहीं है। बेंगलुरु का महानगरीय जीवन बहुत आकर्षक है। कर्नाटक के अन्य क्षेत्र भी विकसित हैं। आप समाज के विशेषाधिकार प्राप्त वर्ग हैं। यदि आप स्थानांतरण का विरोध करेंगे तो दूसरों का क्या होगा। हम याचिका पर विचार करने के लिए इच्छुक नहीं हैं।

## एक महिला को इसलिए गुजारा भत्ते से वंचित नहीं कर सकते क्योंकि वह कमाती है : बंबई हाईकोर्ट

**मुंबई।** बंबई हाईकोर्ट ने कहा कि एक महिला को अलग रह रहे पति से मिलने वाली वित्तीय सहायता से सिर्फ इसलिए वंचित नहीं किया जा सकता, क्योंकि वह कमाती है। न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की पीठ ने 18 जून के आदेश में कहा कि पत्नी उसी जीवन स्तर की हकदार है, जिस तरह का जीवन वह पति से अलग होने से पहले ससुराल में गुजार रही थी।

अदालत ने एक व्यक्ति की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसे अगस्त 2023 के कुटुम्ब अदालत के आदेश को चुनौती देते हुए दायर किया गया था। कुटुम्ब अदालत ने व्यक्ति को पत्नी को 15,000 रुपये मासिक गुजारा भत्ता देने का निर्देश दिया था। याचिकाकर्ता ने कहा कि उसकी पत्नी 25,000 रुपये प्रतिमाह से अधिक कमाती है, इसलिए उसे गुजारा भत्ते की जरूरत नहीं है। अदालत ने कहा कि पत्नी कमा रही है, लेकिन यह उसके भरण-पोषण को पर्याप्त नहीं है।

## नीट स्नातक : दोषपूर्ण बायोमेट्रिक प्रणाली वाली याचिका पर एनटीए से जवाब तलब

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली हाईकोर्टने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट)-स्नातक 2025 में शामिल हुए अभ्यर्थी की दोषपूर्ण बायोमेट्रिक सत्यापन प्रणाली के कारण मानसिक रूप से परेशानी पर क्षतिपूर्ति अंक देने का अनुरोध करने वाली याचिका पर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) से जवाब तलब किया है। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम. सिंह ने 20 जून को अभ्यर्थी की याचिका पर एजेंसी को नोटिस जारी किया।

याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि परीक्षा से पहले प्रमाणीकरण प्रक्रिया के दौरान परीक्षा केंद्र पर बायोमेट्रिक सत्यापन प्रणाली काम नहीं कर रही थी, जिसके बाद उसे परीक्षा हॉल में प्रवेश की अनुमति के लिए आवेदन जमा करने पर मजबूर किया गया। न्यायालय ने परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी रिकॉर्डिंग, लॉग बुक प्रविष्टियों और सभी अन्य रजिस्टर को सुरक्षित रखने का निर्देश दिया है। अभ्यर्थी ने 4 मई को उत्तर प्रदेश के मेरठ में 'त्रिशला देवी कनोहर लाल बालिका इंटर कॉलेज' में नीट-स्नातक 2025 की परीक्षा दी थी। याचिकाकर्ता ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा में प्रतिपूरक अंक और संबंधित परीक्षा केंद्र से सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित रखने सहित राहत देने का अनुरोध किया था। उसे परीक्षा शुरू होने से 5 मिनट पहले प्रवेश की अनुमति दी गई थी।

● दिल्ली हाईकोर्ट ने अभ्यर्थी की याचिका पर एजेंसी को नोटिस किया जारी

# लीड्स का सकारात्मक पहलू बल्लेबाजी में बदलाव पटरी पर

## महज एक मैच से फैसला नहीं लिया जा सकता, शीर्ष चार बल्लेबाजों ने लाइन-अप को मजबूत रखा

नई दिल्ली, एजेंसी

महज एक मैच से ही कोई फैसला नहीं लिया जा सकता लेकिन भारत ने निश्चित रूप से इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती टेस्ट में संन्यास ले चुके सुपरस्टार विराट कोहली और रोहित शर्मा की कमी महसूस नहीं की और शीर्ष चार खिलाड़ियों ने बल्लेबाजी लाइन-अप को मजबूत बनाए रखा। रोहित और कोहली की कमी को पूरा करने में कितना समय लगेगा? यह सवाल हेडिंग्ले में शुरुआती टेस्ट से पहले चर्चाओं का विषय रहा।

नए कप्तान शुभमन गिल के सेना देशों (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) में रिकॉर्ड पर सवाल उठाए गए थे लेकिन उन्होंने महत्वपूर्ण योगदान करके ड्रेसिंग रूम का सम्मान हासिल किया। उन्होंने नंबर चार पर खेलते हुए शानदार शतक बनाया और मेहमान टीम ने दो पारियों में पांच शतक बनाए लेकिन फिर भी मैच हार गए क्योंकि भारत का गेंदबाजी आक्रमण पूरी तरह से जसप्रीत बुमराह पर निर्भर है।

केएल राहुल ने शीर्ष क्रम में शानदार प्रदर्शन किया जिससे निकट भविष्य के लिए उनके बल्लेबाजी स्थान पर बहस बंद हो गई। उन्होंने दिखाया कि इंग्लैंड की परिस्थितियों में बल्लेबाजी करने का तरीका क्या है। उनके सलामी जोड़ीदार यशस्वी जायसवाल ने ऑस्ट्रेलिया के अपने पहले दौरे की शुरुआत में यादगार शतक लगाया था और इंग्लैंड में अपनी पहली पारी में यही दोहराया। गिल ने जिस तरह



कप्तान शुभमन गिल ने शतक लगा इरादे जता दिए थे। बुमराह ने भी एक पारी में पांच विकेट लिए। ● एजेंसी

से अपने पैरों का इस्तेमाल किया, उसे खेल के महान खिलाड़ियों ने भी देखा जिसमें पूर्व कप्तान सौरव गांगुली भी शामिल थे जो उनके सुधार से हैरान थे। गांगुली ने हाल में पीटीआई को दिए एक साक्षात्कार में कहा मैं विदेशी सरजमीं पर उनके पैरों के 'मूवमेंट' को देखकर बहुत खुश हूं। उनके पैरों में बहुत सुधार हुआ है। शुभमन ने पैरों का अच्छा इस्तेमाल किया और कोई गलती नहीं की।

पांचवें नंबर पर ऋषभ पंत ने परिपक्वता और तेज तर्रार बल्लेबाजी करते हुए एक टेस्ट में दो शतक बनाने की दुर्लभ उपलब्धि हासिल की। तीसरे नंबर पर उतरे साई सुदर्शन पहली पारी में एक सहज गेंद पर आउट हो गए लेकिन दूसरी पारी में टिककर खेले। उम्मीद है कि उन्हें लंबे समय तक मौका दिया जाएगा और यही बात करुण नायर पर भी लागू होती है। लेकिन भारत को गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण विभाग में बहुत सुधार करना होगा, लेकिन बल्लेबाजी अभी ठीक लगती है।

पूर्व भारतीय मुख्य चयनकर्ता एमएसके प्रसाद ने कहा रोहित और कोहली के संन्यास के बाद बदलाव हुआ है या नहीं, हम सीरीज के अंत में बता पाएंगे। उन्होंने कहा बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन कोई हैरानी की बात नहीं है क्योंकि वे अनुभवी क्रिकेटर हैं। गिल, यशस्वी, पंत, राहुल सभी बेहतरीन हैं और लंबे समय से खेल रहे हैं। राहुल जब टेस्ट क्रिकेट में इस तरह से खेलते हैं तो अपना सर्वश्रेष्ठ करते हैं। कुलदीप यादव को शामिल करने की चर्चाओं के बावजूद प्रसाद एजबेस्टन में अंतिम एकादश में कोई बदलाव नहीं करना चाहते। पूर्व भारतीय विकेटकीपर ने कहा शार्दुल ठाकुर को इसलिए चुना गया क्योंकि उन्होंने पिछले दौरों पर इंग्लैंड में अच्छा प्रदर्शन किया था। मैं उन्हें एक और मौका देना चाहूंगा। पर निचले क्रम को बल्ले से और अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत है। इंग्लैंड में कुछ यादगार पारियां खेलने वाले भारत के पूर्व कप्तान दिलीप वेंगसरकर भी बल्लेबाजों से प्रभावित हैं। उन्होंने कहा ज्यादातर बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया जो भविष्य के लिए अच्छा संकेत है। इसके अलावा आपके पास तीन बेहतरीन बल्लेबाज श्रेयस अय्यर, सरफराज खान और देवदत्त पडीक्कल हैं जो टीम का हिस्सा भी नहीं हैं। वेंगसरकर ने कहा मुख्य बल्लेबाज फॉर्म में हैं और मुझे यकीन है कि करुण और साई भी अच्छा प्रदर्शन करेंगे।



ऋषभ पंत।

# ऋषभ पंत से अश्विन ने कहा कृपया दोहरे शतक लगाएं

नई दिल्ली, एजेंसी

सीनियर ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने लीड्स में पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला के पहले मैच में भारतीय टीम की पांच विकेट से हार का विस्तृत विश्लेषण करते हुए कहा कि भारत को अधिक समय बल्लेबाजी करने पर ध्यान देना चाहिए और ऋषभ पंत को मौजूदा टेस्ट श्रृंखला में इंग्लैंड के 'औसत' आक्रमण के खिलाफ अपने शतकों को दोहरे शतकों में बदलना चाहिए।

भारत ने दोनों पारियों में पांच शतक जड़े, लेकिन इंग्लैंड ने 371 रन के अपने दूसरे सबसे बड़े लक्ष्य को हासिल करके श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल 'ऐश की बात' पर कहा एक चीज जिस पर भारतीय टीम की बल्लेबाजी ध्यान दे सकती है, वह यह है कि क्या आप हर पारी में बल्लेबाजी का समय बढ़ा सकते हैं- रनों के हिसाब से नहीं। इंग्लैंड के क्षेत्ररक्षण के समय को बढ़ाएं और उन्हें मैदान पर रखने के समय को भी बढ़ाएं। उन्होंने कहा मैं एक बात कहूंगा - घबराएं नहीं और बहुत अधिक बदलाव नहीं करें। भारत अगले टेस्ट में श्रृंखला बराबर कर सकता है। लेकिन अगर हम इंग्लैंड की रणनीति को नहीं समझते हैं तो यह श्रृंखला बहुत जल्दी हमारे से दूर जा सकती है। अश्विन ने कहा कि चौथे दिन जल्दी आउट होने के बाद मैच भारत के हाथ से फिसल गया। उन्होंने कहा जब आपने पांचवें दिन तक बल्लेबाजी जारी नहीं रखी तो खेल खत्म हो गया। इंग्लैंड की इस टीम ने खुलकर यह प्रचार किया है कि वे लक्ष्य चाहे जो भी हो, उसे हासिल करने के लिए जाएंगे। पंत के मैच में दो शतक की प्रशंसा करते हुए अश्विन ने कहा कि महेंद्र सिंह धोनी से उनकी तुलना करना उचित नहीं है क्योंकि धोनी ने कभी भी पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी नहीं की।



### इंग्लैंड ने दूसरे टेस्ट के लिए आर्चर को टीम में शामिल किया

**बर्मिंघम :** इंग्लैंड ने दो जुलाई से भारत के खिलाफ यहां शुरू हो रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट के लिए बृहस्पतिवार को तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को टीम में शामिल किया। आर्चर पिछले कई वर्षों से अपने गेंदबाजी वाले हाथ में कोहनी से जुड़ी समस्या का सामना कर रहे हैं। उन्होंने अपना पिछला टेस्ट चार साल से भी अधिक समय पहले भारत के खिलाफ अहमदाबाद में खेला था। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने बयान में कहा दाएं हाथ का यह 30 वर्षीय तेज गेंदबाज फरवरी 2021 के बाद पहली बार इंग्लैंड के टेस्ट ढांचे में वापसी कर रहा है और एजबस्टन में अपने 13 टेस्ट मैच की संख्या में इजाफा करने की कोशिश करेगा।

**इंग्लैंड की टीम :** बेन स्टोक्स (कप्तान), ओली पोप, हैरी ब्रूक, जो रूट, बेन डकेट, जैक क्रॉली, जेमी स्मिथ, सैम कुक, जैकब बेथेल, जोफ्रा आर्चर, शोएब बशीर, ब्राइडन कार्स, जेमी ओवरटन, जोश टंग और क्रिस वोक्स।

## एक नजर

### वेस्टइंडीज ने आस्ट्रेलिया को 180 रन पर आउट किया

**ब्रिजटाउन :** वेस्टइंडीज ने पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन आस्ट्रेलिया को 180 रन पर आउट करने के बाद चार विकेट जल्दी गंवा दिए। पहले दिन का खेल समाप्त होने पर वेस्टइंडीज ने चार विकेट पर 57 रन बनाए थे। ब्रेंडन किंग पदार्पण करते हुए 23 रन बनाकर खेल रहे थे। इससे पहले आस्ट्रेलियाई टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 57 ओवर में 180 रन पर आउट हो गई जो वेस्टइंडीज में उसका न्यूनतम स्कोर है। वेस्टइंडीज के लिए जेडेन सील्स ने 60 रन देकर पांच विकेट लिए लेकिन शामार जोसेफ सबसे प्रभावी गेंदबाज रहे, जिन्होंने 46 रन देकर चार विकेट चटकाए। आस्ट्रेलिया के लिए सिर्फ उस्मान ख्वाजा (47), ट्रेविस हेड (59) और कप्तान पैट कमिंस (28) ही दोहरे अंक तक पहुंच सके।

### बैडमिंटन एशियाई जूनियर चैंपियनशिप के लिए टीम घोषित

**नई दिल्ली :** प्रतिभाशाली तन्वी शर्मा को 18 से 27 जुलाई तक इंडोनेशिया के सोलो में होने वाली बैडमिंटन एशियाई जूनियर चैंपियनशिप (टीम और व्यक्तिगत) के लिए भारत की 19 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। तन्वी ने बैडमिंटन एशिया महिला टीम चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। जूनियर विश्व नंबर एक पुरुष युगल टीम भार्गव राम एरिगेला और विश्व तेज गोब्बुरू से भी भारत को उम्मीदें होंगी। टीम स्पर्धा 18 से 22 जुलाई तक होंगी जबकि व्यक्तिगत मुकाबले 23 से 27 जुलाई तक खेले जाएंगे। टीम स्पर्धा रिले प्रारूप में होगी जिसमें 110 अंक तक पहले पहुंचने वाली टीम विजयी होगी। **टीम :** पुरुष एकल : अंश नेगी, हमार लालथाजुआला, रौनक चौहान, प्रणव राम एन। महिला एकल : रूजुला रामू, तन्वी शर्मा, तन्वी रेड्डी, वेन्नाला कालागोटला।

### भारत ने एशियाई स्क्वाश युगल चैंपियनशिप में तीनों खिताब जीते

**कुआलालंपुर :** भारत ने बृहस्पतिवार को यहां दूसरी एशियाई स्क्वाश युगल चैंपियनशिप में पुरुष, महिला और मिश्रित स्पर्धा के सभी तीनों खिताब जीतकर शानदार उपलब्धि हासिल की। अभय सिंह और वेलावन सेंथिलकुमार की शीर्ष वरीय पुरुष जोड़ी ने पाकिस्तान के प्रतिद्वंद्वी नूर जमां और नासिर इकबाल की जोड़ी के खिलाफ पहला सेट गंवा दिया लेकिन वापसी करते हुए 88 मिनट में 2-1 से जीत दर्ज की। इस भारतीय जोड़ी ने सेमीफाइनल में हांगकांग के चि हिम वोंग और मिंग होंग टांग की जोड़ी को हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। महिला युगल फाइनल में जोशना चिनप्पा और अनाहत सिंह की जोड़ी ने भी एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी की और मलेशिया की आइना अमानी और जिन यिंग यि पर 35 मिनट तक चले फाइनल में 2-1 से जीत हासिल की।

### राइडर अनुष अग्रवाला का घोड़ा सर कैरामेलो रिटायर हुआ

**नई दिल्ली :** भारतीय घुड़सवार अनुष अग्रवाला ने बृहस्पतिवार को अपने घोड़े सर कैरामेलो के रिटायर होने की घोषणा की। अनुष ने इसी घोड़े के साथ पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लिया था और वह लंबे समय से उनके साथ था। 25 साल के अनुष ओलंपिक खेलों की ड्रेसेज स्पर्धा में प्रतिस्पर्धा करने वाले भारत के पहले राइडर हैं। अनुष पेरिस में ग्रुप ई में नौवें स्थान पर रहे थे और पदक दौर में जगह नहीं बना पाए थे। अनुष ने सोशल मीडिया पर भावुक पोस्ट में लिखा सर कैरामेलो आपका धन्यवाद क्योंकि आप मेरे लिए सिर्फ एक घोड़ा नहीं बल्कि मेरे साथी, मेरी ताकत और सबसे महत्वपूर्ण, मेरे मित्र हैं।

# सूर्यकुमार यादव का जर्मनी में हुआ सफल आपरेशन

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव का जर्मनी के म्युनिख में पेट के दायें ओर खेल हर्निया का सफल आपरेशन हुआ।



34 वर्ष के सूर्यकुमार ने बुधवार को अपने सोशल मीडिया हैंडिल पर लिखा- लाइफ अपडेट : पेट के निचले दायें ओर खेल हर्निया की सर्जरी हो गई है। यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सफल आपरेशन के बाद अब मैं रिकवरी की राह पर हूं। खेल हर्निया कमर या पेट के निचले हिस्से में नरम ऊतकों की चोट है जिसमें अक्सर मांसपेशियां, कंडराएं या स्नायुबंधन शामिल होते हैं। जर्मनी में सर्जरी के बाद सूर्यकुमार बेंगलुरु में बीसीसीआई के उत्कृष्टता केंद्र पर रिहैबिलिटेशन शुरू करेंगे। भारत को अगस्त में बांग्लादेश दौरे पर तीन वनडे और तीन टी20 मैच खेलने हैं। सूर्यकुमार ने 2023 विश्व कप फाइनल के बाद से 50 ओवरों के प्रारूप में नहीं खेला है। यह तीन साल में सूर्यकुमार का तीसरा आपरेशन था। इससे पहले 2023 में उनके टखने का आपरेशन हुआ था और 2024 में खेल हर्निया की भी सर्जरी हुई थी।


आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करने वाले सूर्यकुमार 2025 सत्र में 'प्लेयर आफ द टूर्नामेंट' रहे थे। उन्होंने 717 रन बनाए हालांकि मुंबई इंडियंस को प्लेआफ में दूसरे क्वालीफायर में पंजाब किंग्स ने हराया। मुंबई टी20 लीग में सूर्यकुमार ने ट्रायंफ नाइट्स मुंबई नॉर्थईस्ट की कप्तानी की।

# धवन बने लेखक, लिखे अपने संस्मरण

नयी दिल्ली, एजेंसी

भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने अपने जीवन के संस्मरणों को कलमबद्ध किया है। जिसमें रिश्तों से लेकर दोस्ती तक और मैदान के भीतर तथा बाहर के विवादों पर भी खुलकर बात की है। धवन ने अपनी किताब 'द वन : क्रिकेट, माय लाइफ एंड मोर' के बारे में कहा क्रिकेट ने मुझे जीने का मकसद दिया लेकिन इस सफर में उतार चढाव और खामोश पल भी रहे।

इसने मुझे वह इंसान बनाया जो आज मैं हूं। मैं दिल से अपनी कहानी कह रहा हूं जो ईमानदार और किसी फिल्टर के बिना है।



● धवन ने अपनी किताब 'द वन : क्रिकेट, माय लाइफ एंड मोर' के बारे में कहा क्रिकेट ने मुझे जीने का मकसद दिया

प्रकाशक हार्पर कोलिंस इंडिया ने कहा पूरी स्पष्टवादिता और ईमानदारी के साथ लिखी गई 'द वन' शिखर धवन के आंतरिक संवाद और उन सभी कमजोरियों की अभूतपूर्व झलक पेश करती है जिन्होंने उन्हें एक चैंपियन क्रिकेटर और संवेदनशील इंसान बनाया है। कंपनी के प्रकाशक सचिन शर्मा ने कहा शिखर धवन का मैदान के भीतर और बाहर जीवन शानदार रहा है।

इस संस्मरण में शिखर ने अपने जीवन, रिश्तों और हर उस अनुभव के बारे में बात की है जिसका उन्होंने सामना किया और मजबूत होकर निकले हैं। दिल्ली में पले बढे धवन ने बतौर विकेटकीपर शुरूआत की थी लेकिन बाद में सलामी बल्लेबाज बने। भारत के लिए 34 टेस्ट में उन्होंने 2315 रन, 167 वनडे में 6793 रन और 68 टी20 मैचों में 1759 रन बनाये हैं। उन्होंने किताब में लिखा जब मैं भारतीय टीम में अपने की कोशिश कर रहा था तब सोशल मीडिया नया था और क्रिकेटरों पर इतनी नजर नहीं रखी जाती थी, पर प्रिंट और प्रसारण मीडिया चरम पर था। उन्होंने लिखा टीम चयन और व्यक्तिगत प्रदर्शन पर चर्चा होती थी। आजकल की तरह नहीं जब सोशल मीडिया रातोरात क्रिकेटर को हीरो से जीरो बना देता है। धवन ने महेंद्र सिंह धोनी से पहली मुलाकात के बारे में लिखा है मैं उसे एक बालीवुड मूवी में देखना चाहता था।

# नए डब्ल्यूटीसी चक्र में 'स्टॉप क्लॉक' शुरू

दुबई, एजेंसी

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने धीमी ओवर गति की समस्या से निपटने के लिए टेस्ट क्रिकेट में 'स्टॉप क्लॉक' नियम लागू किया है जबकि 2025-27 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र के खेलने की परिस्थितियों के अनुसार अगर 'जानबूझकर' पूरा रन नहीं लिया जाता तो यह फैसला क्षेत्ररक्षण करने वाली टीम करेगी कि कौन सा बल्लेबाज गेंदबाज का सामना करेगा। यह नए नियम 2025-2027 डब्ल्यूटीसी चक्र से लागू होंगे जिसकी शुरुआत श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच गॉल में पहले टेस्ट के साथ हुई थी।

आईसीसी की वेबसाइट पर मौजूद टेस्ट मैच की खेलने की परिस्थितियों के अनुसार सीमित ओवरों के क्रिकेट की तरह लंबे प्रारूप में भी धीमी ओवर गति की समस्या से निपटने के लिए स्टॉप क्लॉक का इस्तेमाल किया जाएगा। आईसीसी ने कहा क्षेत्ररक्षण टीम को पिछला ओवर पूरा होने के 60 सेकेंड के भीतर अगला ओवर शुरू करने के लिए तैयार होना होगा। मैदान पर इलेक्ट्रॉनिक घड़ी दिखेगी जिस पर शून्य से 60 सेकेंड तक गिनती चलेगी। क्षेत्ररक्षण टीम को इसके बाद दो चेतावनियां दी जाएंगी और तीसरी बार ऐसा होने पर बल्लेबाजी टीम को पांच पेनल्टी रन दिए जाएंगे। आईसीसी ने कहा कि 80 ओवर पूरे होने के बाद इन चेतावनियों को फिर से शून्य कर दिया जाएगा। इस बीच 'ईएसपीएनक्रिकइंफो' के अनुसार आईसीसी अब गेंद पर लार दिखने की स्थिति में अंपायरों के लिए गेंद को बदलना अनिवार्य नहीं करता। गेंद पर लार के इस्तेमाल पर लगा प्रतिबंध अब भी लागू है। वेबसाइट के अनुसार क्षेत्ररक्षण करने वाली टीम गेंद को बदलवाने के लिए जानबूझकर लार का इस्तेमाल कर सकती है लेकिन पुरुष टेस्ट क्रिकेट की खेलने की परिस्थितियों से जुड़े मौजूदा दस्तावेज में इस तरह के किसी बदलाव का जिक्र नहीं है।

# इटावा के पैरालंपिक पदक विजेता डॉ. अजीत यादव बने डीपीआरओ

**भरथना (इटावा)।** तहसील क्षेत्र के मूल निवासी पैरालंपिक मेडलिस्ट जैवलिन थ्रोअर डॉ.अजीत सिंह यादव को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जिला पंचायतराज अधिकारी के पद पर नियुक्त किया गया है। तहसील क्षेत्र के ग्राम नगला विधी (साम्हों) के मूल निवासी भाला फेंक के खिलाड़ी डॉ. अजीत सिंह यादव ने बताया कि इससे पहले वह मुम्बई में आयकर विभाग में इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत थे। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर-प्रदेश अन्तर्राष्ट्रीय पदक विजेता सीधी भर्ती नियमावली 2022 के अन्तर्गत चयन समिति द्वारा की गई संस्तुति के आधार पर उनकी पंचायतीराज विभाग में जिला पंचायतराज अधिकारी के पद पर नियुक्ति की गई है। डॉ. अजीत सिंह यादव ने लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान ग्वालियर से खेल एवं शारीरिक शिक्षा में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। वर्ष 2023 में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उन्हें लक्ष्मण पुरस्कार तथा वर्ष 2024 में भारत सरकार द्वारा अर्जुन पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया था।



# अपने खेल में बदलाव पर काम कर रहीं सिंधू

बेंगलुरु, एजेंसी

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू का कहना है कि महिला एकल बैडमिंटन में आक्रामक रैलियों की जगह अब कोर्ट पर ताकत की परीक्षा होने लगी है जिससे वह इस चुनौतीपूर्ण दौर में बदलती लय के साथ तालमेल बिठाने के लिए अपने खेल में बदलाव कर रही हैं।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता के लिए यह साल आदर्श नहीं रहा है क्योंकि वह इसमें चार बार पहले दौर से बाहर हो चुकी हैं जबकि तीन बार दूसरे दौर में हार का सामना कर चुकी हैं। वह बस जनवरी में इंडिया ओपन में क्वार्टरफाइनल में जगह बना सकीं। यहां चुनिंदा पत्रकारों से बात करते हुए सिंधू ने कहा महिला एकल स्पर्धा पूरी तरह बदल गई है। शुरू में इसमें आक्रामकता और तेज रैलियां होती थीं लेकिन अब लंबी रैलियों से लंबे मैच के कारण खेल रक्षात्मक हो गया है। उन्होंने कहा हम इस पर काम कर रहे हैं, विशेषकर रैलियों को जारी खने और शटल को कोर्ट में लंबे समय तक बनाए रखने में अधिक सयंमित हो गए हैं। सिंधू ने कहा बतौर खिलाड़ी मैं अपने खेल में बदलाव कर रही हूं, इसमें समय लग सकता है।



● संयम और ताकत का तालमेल बैठाने की कवायद चल रही

# 24 घंटे सूरज की रोशनी में गुलजार होंगे फुटबॉल मैदान

नुउक (ग्रीनलैंड), एजेंसी

यूं तो ग्रीनलैंड साल में अधिकांश समय बर्फ से ढका रहता है, लेकिन जून से अगले तीन महीने यहां 24 घंटे सूरज की रोशनी रहती है। जिसका इंतजार फुटबॉल के दीवाने यहां के लोगों को बेसब्री से रहता है ताकि वे अपना पसंदीदा खेल देख सकें या मैदान पर अपना हुनर दिखा सकें।

करीब 56 हजार की आबादी वाले द्वीप में 10 प्रतिशत यानी करीब 5600 लोग पंजीकृत फुटबॉल खिलाड़ी हैं। जून की शुरुआत में जब मध्य अमेरिका, उत्तर परिसंघ और कैरेबियाई फुटबॉल संघ (कोंकाकाफ) ने मिलकर ग्रीनलैंड फुटबॉल संघ का सदस्य बनने का आवेदन खारिज कर दिया तो यहां के फुटबॉलप्रेमियों को करारा झटका लगा। खनिजों से भरे और रणनीतिक तौर पर महत्वपूर्ण इस द्वीप पर कब्जा करने की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ख्वाहिश के चलते कुछ लोगों ने इसके लिए राजनीति को दोषी ठहराया। कोंकाकाफ फीफा के अधीन छह उपमहाद्वीपीय महासंघों में से एक है। नाटो सहयोगी डेनमार्क और ग्रीनलैंड की सरकारों की फटकार के बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति ने सैन्य बल के इस्तेमाल से इंकार नहीं किया है। डेनमार्क और ग्रीनलैंड के नेताओं का कहना है कि यह द्वीप बिक्री के लिए नहीं है और उन्होंने अर्ध-स्वायत्त डेनमार्क के क्षेत्र पर अमेरिका द्वारा खुफिया जानकारी जुटाने की रिपोर्टों की निंदा की है।

ग्रीनलैंड फुटबॉल टीम के कप्तान पैट्रिक फ्रेडरिकसेन ने हालांकि कहा कि यह फैसला आर्थिक कारणों से लिया गया है। उन्होंने कहा हम सभी को पता है कि ग्रीनलैंड यात्रा करना कितना कठिन है। इस महीने की शुरुआत में अमेरिका से ग्रीनलैंड की सीधी उड़ान यहां पहुंची। न्यूजर्सी से नुउक तक का एक तरफ का टिकट 1200 डॉलर है। बाकी उड़ाने आइसलैंड या कोपेनहेगन होकर आती हैं। इन सभी के बीच यहां के निवासियों की फुटबॉल को लेकर दीवानगी कम नहीं हुई है। अगले तीन महीनों में जब तापमान पांच से दस डिग्री सेल्सियस के करीब होगा, वे फुटबॉल खेलने में अधिकांश समय बिताना चाहते हैं। एक खिलाड़ी एंगुटिमारिक क्रेउत्जमैन ने कहा हम पूरी रात फुटबॉल खेलेंगे। अंधेरा नहीं होने वाला है तो हमारे पास समय ही समय है।

नुउक में एक क्लब के कोच आस्कर स्कॉट कार्ल ने कहा आपको यहां एक मैच देखना चाहिए। इतने सारे लोग इसे देखने के लिए जुटते हैं। इससे देश में एकजुटता की भावना आती है। सर्दियों के लंबे मौसम में अधिकांश खिलाड़ी फुटसाल खेलते हैं जो एक खास तरह की गेंद से हैंडबॉल कोर्ट पर खेला जाने वाला इंडोर फुटबॉल खेल है। इसमें एक टीम में पांच खिलाड़ी होते हैं।

## ग्रीनलैंड



● साल में अधिकांश समय बर्फ से ढका रहता है ग्रीनलैंड लेकिन जून से अगले तीन महीने तक 24 घंटे रहती है सूरज की रोशनी


## बोनालु समारोह



तेलंगाना के हैदराबाद स्थित गोलकुंडा किले में आषाढ़ मास बोनालु समारोह के दौरान देवी काली की पोशाक में एक कलाकार की प्रस्तुति। बोनालु तेलंगाना की देवी महाकाली को समर्पित एक पारंपरिक हिंदू त्योहार है जो आषाढ़ मास में हैदराबाद और सिकंदराबाद के जुड़वां शहरों के साथ राज्य के अन्य हिस्सों में भी प्रतिवर्ष मनाया जाता है। एजेंसी

# इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन
# आसमान में चमत्कार

इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) अंतरिक्ष विज्ञान की दुनिया में एक क्रांतिकारी उपलब्धि होने के साथ विज्ञान, तकनीक, सहयोग और मानव क्षमताओं का प्रतीक है। इसे अमेरिका की नासा, रूस की रॉस्कोमॉस, यूरोपीय संघ की ईएसए और जापान की जाक्सा समेत कई देशों की अंतरिक्ष एजेंसियों ने मिलकर बनाया है। इस तरह ये अंतर्राष्ट्रीय सहयोग का भी प्रतीक है जो दिखाता है कि वैज्ञानिक लक्ष्य राजनीतिक सीमाओं से ऊपर हो सकते हैं। आईएसएस सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण प्रयोगशाला है, जहां मानव शरीर पर अंतरिक्ष का प्रभाव, दवाओं और टीकों का विकास, गुरुत्वहीनता में द्रवों और गैसों का व्यवहार और ऐसे जैविक, भौतिक और रासायनिक प्रयोग किए जाते हैं जो पृथ्वी पर संभव नहीं हैं। इन प्रयोगों से पृथ्वी पर जीवन सुधारने और भविष्य की अंतरिक्ष यात्राओं को आसान बनाने में मदद मिलती है।



### अत्याधुनिक लैब और तमाम उपकरण

अमेरिका, यूरोपीय संघ, जापान और रूस की लैब, 250 केवी बिजली पैदा करने वाला सोलर पैनल, शक्तिशाली रोबोटिक आर्म, इनवायरोमेंटल कंट्रोल सिस्टम, कम्यूनिकेशन सिस्टम, ऑब्जर्वेशन डेक, एक्सप्रेस रैक, डॉकिंग सिस्टम समेत 15 से ज्यादा मॉड्यूल और करीब दो दर्जन प्रणालियां इसे चलता-फिरता अंतरिक्ष शहर बनाते हैं।

### भविष्य के मिशनों की तैयारी

आईएसएस को एक ट्रेनिंग और टेस्टिंग प्लेटफॉर्म के रूप में उपयोग किया जाता है। मंगल या चंद्रमा मिशन के लिए तकनीक की जांच की जाती है। अंतरिक्ष यात्रियों को लंबी अवधि के मिशन के लिए यहीं तैयार करने के साथ जीवन रक्षक तकनीकों का भी परीक्षण किया जाता है। आईएसएस 2000 से ज्यादा दिन से इंसानी उपस्थिति बनी हुई है जिसका मतलब है कि इंसान लंबी अवधि तक अंतरिक्ष में रह सकता है।

### शैक्षिक भूमिका व तकनीकी विकास

आईएसएस से अंतरिक्ष यात्री धरती पर स्कूली छात्रों, वैज्ञानिकों और आम लोगों से संवाद करते हैं। इससे उनकी विज्ञान में रुचि बढ़ती है और स्पेस एजुकेशन को बढ़ावा मिलता है। आईएसएस के लिए बनाई गई तकनीकों का इस्तेमाल धरती पर भी होता है। इनमें जल शुद्धिकरण प्रणाली, ऊर्जा कुशल प्रणालियां और दूरसंचार और सौर पैनल तकनीक शामिल हैं। लगातार नई प्रणालियां विकसित की जा रही हैं।

### फुटबॉल ग्राउंड जितना आकार

आईएसएस का निर्माण सन् 1998 में शुरू हुआ था। इस पर पहला इंसानी मिशन 2000 में हुआ। फुटबॉल ग्राउंड जितना बड़ा आईएसएस स्थापित करने पर करीब 150 अरब डॉलर की लागत आईथी। इसकी गति 28,000 किमी घंटा है, यह हर 90 मिनट में पृथ्वी का एक चक्कर लगाता है। इसे 2030 तक सक्रिय रखने की योजना है। इसके बाद के लिए निजी स्पेस स्टेशन और चंद्रमा की कक्षा में लूनर गेटवे जैसे विकल्प तैयार किए जा रहे हैं।

### दिलचस्प तथ्य

- आईएसएस हर 90 मिनट में पृथ्वी का एक चक्कर लगाता है, अंतरिक्ष यात्री दिन में 16 सूर्योदय और 16 सूर्यास्त देखते हैं।
- अंतरिक्ष में सबसे महंगा घर है। इसकी अनुमानित लागत 150 अरब डॉलर यानी 12 लाख करोड़ रुपये है। ये सबसे महंगा मानव निर्मित ढांचा है।
- वजन 420,000 किलोग्राम है और इसका आकार फुटबॉल मैदान जितना है। इसमें 6 से 10 यात्री रह सकते हैं।
- अंतरिक्ष यात्रियों का पेशाब और पसीना फिर पीने योग्य पानी में बदला जाता है। नासा का मजाकिया नारा है- यस्टर्डेज कॉफी इज टुमारोज कॉफी।
- पृथ्वी से 400 किमी ऊंचाई पर स्थित आईएसएस पर वर्ष 2001 में एक रूसी कंपनी ने पिज्जा डिलीवर किया था जो पहली स्पेस डिलीवरी थी।
- आईएसएस से पृथ्वी की लाखों तस्वीरें खींची गई हैं। नासा अक्सर इन्हें इमेज ऑफ द डे में शेयर करता है। यहां 3000 से ज्यादा वैज्ञानिक प्रयोग हो चुके हैं।

## एक नजर

### अमरनाथ यात्रा पंजीकरण में 10 प्रतिशत की गिरावट

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बृहस्पतिवार को कहा कि पहलगाम हमले के कारण पिछले साल की तुलना में अमरनाथ यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों के पंजीकरण में इस साल 10.19 प्रतिशत की गिरावट आई है। सिन्हा ने राजभवन में संवाददाताओं से कहा, पहलगाम में घटना से पहले तीर्थयात्रियों का पंजीकरण अच्छी गति से चल रहा था, लेकिन उसके बाद कमी आई। उपराज्यपाल ने कहा कि हमला होने से पहले करीब 2.36 लाख श्रद्धालुओं ने अमरनाथ यात्रा के लिए पंजीकरण कराया था। जम्मू-कश्मीर प्रशासन और सुरक्षाबलों द्वारा उठाए गए कदमों से तीर्थयात्रियों में विश्वास लौट रहा है।

### फ्रांस में तूफान से दो लोगों की मौत, 17 घायल

**पेरिस।** फ्रांस में हुई तूफान एवं मूसलाधार बारिश के कारण दो लोगों की मौत हो गई और 17 लोग घायल हो गए। इसके कारण पेड़ उखड़ गए, पेरिस की सड़कों पर पानी भर गया और प्रधानमंत्री के भाषण के दौरान संसद भवन की छत से पानी टपकने लगा। प्रधानमंत्री फ्रांसवा बायरू ने पश्चिम एशिया पर भाषण देने के बाद नेशनल असेंबली की टपकती छत की ओर दिलाते हुए कहा, क्या आपने देखा कि बारिश हो रही है। बुधवार शाम को बारिश से पेरिस के मुख्य मार्गों पर जलभराव हो गया।

### वियतनाम में आठ अपराधों के लिए मृत्युदंड समाप्त

**हनोई।** वियतनाम ने कानूनी सुधारों के तहत आठ अपराधों के लिए मृत्युदंड की सजा को समाप्त कर दिया। इस फैसले से देश के सबसे बड़े वित्तीय धोखाधड़ी मामले में कारावास की सजा काट रहे रियल एस्टेट कारोबारी को राहत मिल सकती है। वियतनाम में कानूनी सुधारों के तहत सरकार को हटाने की कोशिश, राज्य के बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचाना, नकली दवा बनाना बेचना, युद्ध शुरू करना, जासूसी, मादक पदार्थों की तस्करी, गबन और रिश्वत लेने में मृत्युदंड की सजा को समाप्त कर दिया गया।

### म्यांमार ने 30 करोड़ डॉलर के मादक पदार्थ नष्ट किए

**यांगून।** मादक पदार्थों के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय दिवस पर म्यांमार के प्रमुख शहरों में 30 करोड़ अमेरिकी डॉलर मूल्य के जब्त अवैध मादक पदार्थों को नष्ट कर दिया गया। मादक पदार्थों को नष्ट करने की यह कार्रवाई संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों द्वारा दक्षिण-पूर्व एशिया के गोल्डन ट्रायंगल क्षेत्र और विशेष रूप से म्यांमा के पूर्वी शान राज्य में मेथामटामाइन के 'अभूतपूर्व' उत्पादन और तस्करी की चेतावनी दिए जाने के लगभग एक महीने बाद हुई है।

# अमेरिका के मुंह पर तमाचा मारा : खामेनेई

## युद्धविराम के बाद ईरान के सर्वोच्च नेता का पहला बयान, कहा- हमने इजराइल पर विजय प्राप्त की

**दुबई, एजेंसी**

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने इजराइल-ईरान के बीच हालिया युद्धविराम के बाद बृहस्पतिवार को अपने पहले सार्वजनिक बयान में दावा किया कि उनके देश ने इजराइल पर जीत हासिल की है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान ने अमेरिका के मुंह पर तमाचा मारा है।

खामेनेई ने ईरान के सरकारी टेलीविजन पर प्रसारित एक वीडियो संदेश में यह टिप्पणियां कीं। ईरान के सर्वोच्च नेता ने किसी भी अन्य अमेरिकी हमले के खिलाफ भी चेतावनी दी। इजराइली सेना की तेहरान पर बमबारी के बाद 12 दिनों तक चले युद्ध के दौरान 86-वर्षीय खामेनेई ने एक गुप्त स्थान पर शरण ली थी। खामेनेई ने कहा कि अमेरिका ने युद्ध में केवल इसलिए हस्तक्षेप किया, क्योंकि उसे लगा कि अगर उसने हस्तक्षेप नहीं किया, तो यहूदी शासन पूरी तरह से नष्ट हो जाएगा। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका को इस युद्ध से कुछ हासिल नहीं हुआ है।

खामेनेई ने सोमवार को कतर में अमेरिकी सैन्य अड्डे पर ईरानी मिसाइल हमले का स्पष्ट संदर्भ देते हुए कहा, इस्लामिक गणराज्य विजयी हुआ और उसने अमेरिका के मुंह पर तमाचा मारा। खामेनेई ने चेतावनी दी, भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई दोहराई जा सकती है। ईरान की क्षेत्र में स्थित प्रमुख अमेरिकी अड्डों तक पहुंच है और जब भी वह आवश्यक समझे, वह कार्रवाई कर सकता है। उन्होंने कहा, यदि कोई आक्रमण होता है, तो दुश्मन को निश्चित रूप से भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। खामेनेई को 13 जून को युद्ध छिड़ने के बाद एक गुप्त स्थान पर शरण लेने के बाद से सार्वजनिक रूप से नहीं देखा गया।

इजराइल ने ईरानी परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमला किया था और शीर्ष सैन्य कमांडरों और वैज्ञानिकों को निशाना बनाया। बाद में अमेरिका ने 22 जून को बंकर-बस्टर बमों से ईरान के परमाणु स्थलों को निशाना बनाया था। इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजराइल और ईरान के बाद युद्धविराम की घोषणा की, जो मंगलवार को प्रभावी हुआ।

ईरान में 13 जून से अब तक इजराइल के हवाई हमलों में कम से कम 627 लोग मारे गये हैं और 4,870 अन्य घायल हुए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के जनसंपर्क प्रमुख हुसैन करमनपुर ने 'एक्स' पर पोस्ट में यह जानकारी देते हुए बताया कि राजधानी तेहरान और पश्चिमी ईरान के करमनशाह में सबसे अधिक लोगों की मौत हुई है। अन्य प्रभावित प्रांतों में खुजेस्तान, लोरेस्तान, इस्फहान, मरकजी, पूर्वी अजरबैजान, हमेदान, ज़ांजन और गिलान शामिल हैं। इजराइली हवाई हमलों में शीर्ष सैन्य कमांडर और कई परमाणु वैज्ञानिक भी मारे गए। इनमें ईरानी परमाणु वैज्ञानिक सेदिघी सबर भी शामिल हैं।



तेहरान में इजराइली हमले में मारे गए अर्धसैनिक बल के सदस्य के जनाजे में शामिल लोग।

### दशकों से एक-दूसरे के दुश्मन हैं अमेरिका और ईरान

**वाशिंगटन।** ईरान के परमाणु स्थलों पर हाल में हुए अमेरिकी हमलों के बाद दोनों देशों के रिश्तों में एक नए अध्याय की शुरुआत हो गई है। यह बेहतर साबित हो सकता है या फिर और भी बुरा। लगभग आधी सदी के दौरान दुनिया ने दोनों देशों के बीच दुश्मनी के कई दौर देखे हैं। ईरान के लिए जहां अमेरिका सबसे बड़ा शैतान है तो वहीं अमेरिका की नजर में ईरान पश्चिम एशिया में फसाद की जड़ है। हालांकि इस दौर में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लहजे में एक बदलाव भी दिखा जब उन्होंने कहा, ईश्वर ईरान का भला करे। यह बदलाव इस सप्ताह ईरान के परमाणु स्थलों पर अमेरिका की भीषण बमबारी, कतर में अमेरिकी सैन्य अड्डे पर ईरान के जवाबी लेकिन संयमित हमले और इजराइल-ईरान युद्ध में ट्रंप की ओर से किए गए अस्थायी युद्ध विराम के बाद आया है।

### इजराइल-ईरान युद्धविराम से स्थाई शांति संभव नहीं

**येरूशलम।** ब्रिटिश संसद के उच्च सदन हाउस ऑफ लॉर्ड्स के कंजर्वेटिव सदस्य रिचर्ड बाल्फ ने कहा है कि ईरान और इजराइल के बीच युद्धविराम से सैन्य कार्रवाइयों में कमी आ सकती है लेकिन इससे स्थाई शांति समझौते की संभावना नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार देर रात कहा था कि इजराइल और ईरान युद्ध विराम पर सहमत हो गए हैं जो 24 घंटे बाद से प्रभावी होगा और और इससे 12 दिनों के युद्ध का आधिकारिक अंत हो जाएगा। बाल्फ ने कहा, अगर यह काम करता है तो यह अच्छी खबर है, लेकिन चूंकि दोनों पक्ष एक-दूसरे को बहुत नापसंद करते हैं, इसलिए इससे सैन्य कार्रवाई समाप्त हो सकती है लेकिन स्थायी समाधान की संभावना नहीं है।

# जम्मू: बादल फटने से आई बाढ़ से तीन लोगों की मौत

- मरने वालों में दो बच्चे, चार लोगों को बचाया गया

**जम्मू, एजेंसी**

जम्मू-कश्मीर के राजौरी, पुंछ, डोडा और कठुआ जिले के विभिन्न इलाकों में बृहस्पतिवार को बादल फटने और भारी बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ में दो बच्चों समेत तीन लोगों की मौत हो गई जबकि चार अन्य लोगों को बचा लिया गया।

अधिकारियों ने बताया कि राजौरी के कालाकोट उपमंडल के सियालसुई मौ गांव में एक नदी में अचानक आई बाढ़ के कारण शकफत अली (14) और उसकी चचेरी बहन सफीना कौसर (11) डूब गए। अधिकारियों ने बताया कि बाढ़ में फंसी साइमा (10) को स्थानीय स्वयंसेवकों ने बचा लिया और अस्पताल में भर्ती कराया। उन्होंने बताया कि बच्चे मवेशी चरा रहे थे कि तभी बादल फटने के कारण आई बाढ़ में वे बह गए।

बच्चों के शवों को बरामद कर अंतिम संस्कार के लिए उनके परिजनों को सौंप दिया गया। उन्होंने बताया कि दुनाडी गांव निवासी बशारत हुसैन (32) का शव राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) की एक बचाव टीम ने डोडा में लोपा नदी से निकाला। अधिकारी ने बताया कि 23 जून को नदी में नहाते समय हुसैन डूब गया था।

उन्होंने बताया कि एसडीआरएफ ने बलदेव राज (35) और सुशील कुमार (25) को कठुआ के नागरी ब्लॉक में जरमल गांव के पास उफनती उझ नदी से बचाया।

### भूस्खलन: मां वैष्णो देवी मंदिर का नया मार्ग बंद

**कटरा/जम्मू।** जम्मू कश्मीर के रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर जाने वाला नया मार्ग बारिश के कारण हुए भूस्खलन से बृहस्पतिवार को अवरुद्ध हो गया। अधिकारियों ने बताया कि तीर्थयात्रा पुराने मार्ग से सुचारू रूप से जारी है, जबकि बैटरी कार और हेलीकॉप्टर सेवा अभी निलंबित है। उन्होंने बताया कि हिमकोटि मार्ग पर सत्या व्यू प्वाइंट के निकट भूस्खलन हुआ हालांकि तीर्थस्थल बोर्ड ने भूस्खलन के खतरे के कारण तीर्थयात्रा को पहले ही पुराने मार्ग से कर दिया था। भैरव मंदिर की ओर जाने वाला मार्ग भी भूस्खलन की चपेट में आ गया, जिससे तीर्थयात्रियों की आवाजाही बाधित हो गई।

# चीन अमेरिका के साथ निभाने का रास्ता तलाश कर लेगा

- चीन के विदेश मंत्री ने कहा- तीन सिद्धांतों पर स्थापित होंगे संबंध

**बीजिंग, एजेंसी**

चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने कहा है कि उनके देश को उम्मीद है कि चीन और अमेरिका जैसी दो प्रमुख शक्तियां सह-अस्तित्व के लिये सही रास्ता खोज लेंगी। श्री यी ने बुधवार को हार्वर्ड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर ग्राहम एलिसन के साथ बीजिंग में हुई मुलाकात के दौरान यह बात कही।

बैठक के दौरान चीन के विदेश मंत्री ने उम्मीद जताई कि अमेरिकी पक्ष चीन के साथ आपसी मान्यता के बुनियादी मुद्दे को हल करने के लिए काम करेगा जिससे दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों के 'तीन सिद्धांतों' के आधार पर सामंजस्यपूर्ण संबंध स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त होगा।

यी ने कहा कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने आपसी सम्मान, शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व और दोनों पक्षों के लिए बेहतर सहयोग के तीन सिद्धांत दिये हैं वही अमेरिकी मसलों से निपटने के उनके देश के 'मौलिक सिद्धांत' हैं।

गौरतलब है कि यह वार्ता दोनों देशों के बीच व्यापार तनाव के बीच हुई है। इस साल दो अप्रैल को अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए जिसने विभिन्न देशों से आयात पर दो-तरफा शुल्क लागू किया। इसके बाद नौ अप्रैल को श्री ट्रम्प ने घोषणा की कि चीन को छोड़कर उन 75 से अधिक देशों पर 90 दिनों पर 10% का 'बेसलाइन टैरिफ' लगाया जाएगा जिन्होंने जवाबी कार्रवाई नहीं की थी और बातचीत का अनुरोध किया था।

# मध्य अफ्रीकी गणराज्य के स्कूल में विस्फोट, भगदड़ में 29 बच्चों की मौत

- खराब ट्रांसफार्मर को ठीक करते समय हुआ विस्फोट, 260 से ज्यादा लोग घायल

**बांगुई (मध्य अफ्रीकी गणराज्य)।** मध्य अफ्रीकी गणराज्य की राजधानी के एक उच्च विद्यालय में हुए विस्फोट और उसके बाद मची भगदड़ में कम से कम 29 स्कूली बच्चों की मौत हो गई और करीब 260 लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

देश के राष्ट्रीय शिक्षा मंत्रालय के अनुसार, बुधवार को बांगुई के बार्थेलेमी बोगांडा उच्च विद्यालय के परिसर में लगे एक विद्युत ट्रांसफार्मर में खराबी आने के बाद उसमें विद्युत आपूर्ति बहाल की जा रही थी और उसी दौरान विस्फोट हो गया। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि विस्फोट के बाद मची भगदड़ में 16 छात्राओं समेत ज्यादातर पीड़ितों की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं अन्य की मौत अस्पताल में हुई। मंत्रालय ने कहा कि कम से कम 260 लोग घायल हुए हैं और उनका विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। घटना के समय, परीक्षाओं में शामिल होने के लिए स्कूल में करीब 5,000 विद्यार्थी मौजूद थे।

# पाकिस्तान कर रहा है सीएसी एजेंडे का गंभीर उल्लंघन

- भारत ने संयुक्त राष्ट्र में कश्मीर में राजनीति से प्रेरित टिप्पणियों का किया पुरजोर खंडन

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**

भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान की कश्मीर पर राजनीति से प्रेरित टिप्पणियों का पुरजोर खंडन किया है और इस्लामाबाद को संयुक्त राष्ट्र के बच्चों और सशस्त्र संघर्ष (सीएएसी) एजेंडे के गंभीर उल्लंघनकर्ताओं में से एक बताया है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पार्वथानेनी हरीश ने बुधवार को सीएएसी एजेंडे पर एक बहस के दौरान बोलते हुए भारत को बदनाम करने और संयुक्त राष्ट्र प्रक्रियाओं को पटरी से उतारने के पाकिस्तान के अनुचित प्रयासों को खारिज कर दिया। हरीश ने यह बात पाकिस्तान के राजदूत असीम इफ्तिखार अहमद के उस बयान पर कही जिसमें उन्होंने कश्मीरी बच्चों का उल्लेख किया था जिन्हें जम्मू-कश्मीर में पीड़ित बताया गया था।

उन्होंने पाकिस्तान के आरोपों को खारिज करते हुए इस्लामाबाद पर मानवाधिकार उल्लंघनों, विशेष रूप से बच्चों से जुड़े उल्लंघनों से ध्यान हटाने का प्रयास करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान सीएएसी एजेंडे का गंभीर उल्लंघनकर्ताओं में से एक है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि पाकिस्तान में बच्चों के खिलाफ गंभीर उल्लंघनों को दर्ज किया गया है। इनमें स्कूलों, विशेष रूप से लड़कियों के स्कूलों, स्वास्थ्य कर्मियों पर हमले और अफगान बच्चों को प्रभावित करने वाली सीमा पार हिंसा की घटनाएं शामिल हैं।

# मेटा के खिलाफ एआई प्रशिक्षण के लिए रचनाओं की चोरी का मुकदमा खारिज

- लेखकों ने लगाया था एआई ट्रेनिंग के लिए उनकी रचनाओं को चुराने का आरोप

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका के एक संघीय न्यायाधीश ने फेसबुक की मूल कंपनी मेटा प्लेटफॉर्म्स का पक्ष लेते हुए लेखकों के एक समूह द्वारा दायर कॉपीराइट उल्लंघन के मुकदमे को खारिज कर दिया है। लेखकों ने कंपनी पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के प्रशिक्षण के लिए उनकी रचनाओं को चुराने का आरोप लगाया था।

अमेरिकी जिला न्यायाधीश विंस छाबड़िया ने बुधवार को फैसला सुनाया। सैन फ्रांसिस्को की संघीय अदालत का एक सप्ताह में यह दूसरा फैसला था, जिसमें एआई उद्योग के खिलाफ पुस्तक लेखकों के कॉपीराइट दावों को खारिज किया गया। छाबड़िया ने पाया कि मेटा पर मुकदमा करने वाले 13 लेखकों ने गलत दलील पेश कीं। उन्होंने मामले को खारिज कर दिया लेकिन यह भी कहा कि फैसला इस मामले में लेखकों तक ही सीमित है और इसका मतलब यह नहीं है कि कॉपीराइट वाली सामग्रियों का मेटा द्वारा उपयोग वैध है। वादियों में कॉमेडियन सारा सिल्वरमैन और लेखक जैकलीन वुडसन तथा ता-नेहिसी कोट्स जैसे लोग शामिल हैं।

# नेपाल: उच्च सदन में ओली सरकार अल्पमत में आई

**काठमांडू, एजेंसी**



- प्रमुख मधेसी सरकार ने गठबंधन से वापस लिया समर्थन

नेपाल में एक प्रमुख मधेसी पार्टी ने प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन से औपचारिक रूप से समर्थन वापस ले लिया है, जिससे सरकार नेशनल असेंबली (उच्च सदन) में अल्पमत में आ गई है।

हालांकि, उपेंद्र यादव के नेतृत्व वाली जनता समाजवादी पार्टी, नेपाल के इस फैसले से गठबंधन सरकार पर तत्काल कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, क्योंकि सत्तारूढ़ गठबंधन के पास प्रतिनिधि सभा में पर्याप्त संख्याबल है। ओली की पार्टी ने कहा कि उन्हें जेएसपी के समर्थन वापस लेने का कोई कारण नहीं दिखता। जेएसपी ने 23 और 24 जून को आयोजित पार्टी की कार्यकारी परिषद की बैठक के दौरान सरकार से अपना समर्थन वापस लेने का फैसला किया।

जेएसपी के उपाध्यक्ष शिवलाल थापा ने बताया, अब कुछ दिनों में पार्टी अपने संसदीय दल की बैठक बुलाएगी और फिर संसद के अध्यक्ष को अपने फैसले से अवगत कराएगी। उन्होंने कहा कि पिछले साल सरकार का नेतृत्व संभालते समय ओली ने भ्रष्टाचार खत्म करने, सुशासन सुनिश्चित करने, आर्थिक प्रगति लाने और संविधान में संशोधन करने का वादा किया था।

# कनाडा में भारतीय युवती से लूटपाट

**ओटावा।** कनाडा के मैनिटोबा प्रांत की राजधानी विन्निपेग में भारतीय युवती पर उसके घर के पास बेरहमी से हमला कर लूटपाट की गई। इस घटना के सिलसिले में एक लड़की को गिरफ्तार किया गया है।

विन्निपेग पुलिस की ओर से जारी बयान के मुताबिक युवती की पहचान भारतीय समुदाय के सदस्यों ने तनप्रीत कौर (23) के रूप में की है। वह 23 जून को शाम की पाली खत्म करने के बाद विन्निपेग में अपने अपार्टमेंट जा रही थी। इसी दौरान आधी रात के बाद रोसलिन रोड के 1-99 ब्लॉक में दो अजनबियों ने उस पर घात लगाकर हमला कर दिया। विन्निपेग पुलिस ने बुधवार को एक बयान में कहा कि इलाके में आसपास खड़े लोगों ने हमला रोका, लेकिन संदग्धि पीड़िता को चाकू मार व लूटपाट कर भाग गए। बयान में कहा गया है कि पीड़िता को चाकू मारकर सेल फोन छीन लिया गया।

## विमान हादसा

**कोई रो तक नहीं पा रहा था, कोई बेटे के शव की पहचान के लिए डीएनए टेस्ट कराने को नहीं हुआ तैयार**

# यात्रियों का जो हाल हुआ, मुश्किल से स्वीकार कर पाए परिजन

### त्रासदी झेल रहे परिवारों को समझाने के लिए बीजे मेडिकल कॉलेज में बनाई गई थी टीम

**अहमदाबाद, एजेंसी**

अहमदाबाद में हुए विमान हादसे के बाद मृतकों के परिजनों की मदद के लिए तैनात किए गए मनोचिकित्सकों ने बताया कि कई लोग अपने परिवार के सदस्य की मौत की बात को स्वीकार ही नहीं कर पा रहे थे। मनोचिकित्सकों ने बताया कि उन्हें इन लोगों की मदद के लिए किन परिस्थितियों में काम करना पड़ा।

उन्होंने कहा कि पत्नी की मौत से भावनात्मक रूप से टूट चुका एक व्यक्ति रो तक नहीं पा रहा था, क्योंकि उसने मौत को स्वीकार करने से इनकार कर दिया था। वहीं एक पिता अपने बेटे की पहचान के लिए डीएनए जांच कराने के लिए तैयार नहीं हुआ। चालक दल के एक सदस्य का परिवार डीएनए पुष्टि के लिए सात दिन तक इंतजार करने के कारण भावनात्मक रूप से टूट गया।



मनोचिकित्सकों ने कहा कि यह सिलसिला 12 जून से जारी रहा, जब लंदन जाने वाला एअर इंडिया का विमान उड़ान भरने के कुछ सेकंड बाद भीड़भाड़ वाले बी जे मेडिकल कॉलेज परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हुआ था। दुर्घटना में विमान में सवार 241 लोग और मेडिकल कॉलेज के आसपास मौजूद 29 लोगों की मौत हो गई थी। विमान हादसे ने शहर के लोगों को झकझोर कर रख दिया।

कई लोगों के लिए, यह एक ऐसा अनुभव था जो उनकी कल्पना से कहीं अधिक कष्टदायक था। अफरातफरी के बीच बीजे मेडिकल कॉलेज के मनोचिकित्सा विभाग ने तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी थी। पांच सीनियर रेजिटेंड और पांच परामर्शदाताओं की मनोचिकित्सक टीम को अस्पताल के कसौटी भवन, पोस्टमॉर्टम बिल्डिंग और सिविल अधीक्षक कार्यालय में चौबीस घंटे तैनात किया गया। उनका काम त्रासदी के बाद मानसिक आघात का सामना कर रहे परिवारों को सहारा देना है।

### सच्चाई मानने से इन्कार करते रहे लोग

बीजेएमसी की डीन और मनोचिकित्सा प्रमुख डॉ. मीनाक्षी पारीख ने कहा, दुर्घटना अकल्पनीय थी। यहां तक कि आसपास खड़े लोग भी परेशान थे। फिर किसी ऐसे व्यक्ति की क्या हालत होगी जिसने अपने प्रियजन को खो दिया हो। उन्होंने कहा, खबर सुनने वाले लोग इतने परेशान थे, तो हम उन लोगों के परिवार के सदस्यों की मन:स्थिति की कल्पना भी नहीं कर सकते जिन्होंने अपनी जान गंवाई है। दुर्घटना की भयावह तस्वीरें प्रसारित होने के साथ ही स्तब्ध, हताश, और उम्मीद लगाए परिवार के लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। एक अकेले जीवित बचे व्यक्ति का जिक्र सुनकर कई लोगों ने बताया कि वह उनका प्रियजन हो सकता है। डॉ. उर्विका पारीख ने कहा, लोग सच्चाई को मानने से पूरी तरह इनकार कर रहे थे। उन्हें समझाना बहुत मुश्किल था।